e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 120

**सुविचार**
जो व्यक्ति समझदार होता है वो खुद गलतियां नही करता है, बल्कि दूसरों की गलतियों से ही सब कुछ सिख लिया करता है।

# प्रभात मंत्र

गुरुवार
04.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB (Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**
अधिकतम 30°
न्युनतम 18°

## क्विक न्यूज

### हाई कोर्ट में पलामू प्रमंडल में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले की सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में बुधवार को पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। मामले में गठित तीन सदस्य कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। इसमें कहा गया कि अवैध माइनिंग इन तीनों जिलों में हो रही थी। मामले में राज्य सरकार को तीन सदस्य कमेटी की अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 17 मई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में हाई कोर्ट ने संशोधित आदेश पारित करते हुए पलामू, गढ़वा और लातेहार में माइनिंग एवं मिनिरल की लीज प्राप्त कंपनियों द्वारा की जा रही वैध माइनिंग पर से रोक हटा ली थी। साथ ही कहा था कि लीगल माइनिंग करने वाली कंपनियों पर खनन एवं उसके परिवहन को लेकर हाई कोर्ट का रोक का आदेश प्रभावित नहीं होगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को अवैध माइनिंग पर रोक लगाए रखने का निर्देश दिया है। यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपये की मांग से जुड़ा है। इस मामले में डिप्टी डायरेक्टर रैंक के एक अधिकारी की भूमिका बताई गई है लेकिन उनके खिलाफ जो जांच हुई उसे बाद में जांच को बंद कर दिया गया था।

### पीएम प्रसाद होंगे कोल इंडिया के नये चेयरमैन

**रांची :** कोल इंडिया के नए चेयरमैन अब पीएम प्रसाद होंगे। पीएम प्रसाद मजूदा समय में सीसीएल के सीएमडी हैं। अब वे कोल इंडिया के चेयरमैन का पद संभालेंगे। बसे बड़ी कोल कंपनी कोल इंडिया के नये चेयरमैन का बुधवार का चयन हुआ। शार्टलिस्ट किये गये कुल सात उम्मीदवारों ने इंटरव्यू में हिस्सा लिया। कोल इंडिया के वर्तमान 28वें चेयरमैन प्रमोद कुमार अग्रवाल (आईएएस) 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। पीएम प्रसाद बीसीसीएल में भी सीएमडी और तकनीकी निदेशक का पदभार संभाल चुके हैं।

### रूस का यूक्रेन पर बड़ा आरोप, यूक्रेन ने की पुतिन को मारने की कोशिश

**मास्को :** रूस ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की हत्या की कोशिश की। रूस ने यूक्रेन पर राष्ट्रपति पुतिन की हत्या के उद्देश्य से क्रेमलिन पर ड्रोन हमले की कोशिश करने का आरोप लगाया। बता दें कि ये आरोप क्रेमलिन ने लगाया है। रूस ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने राष्ट्रपति पुतिन को मारने के असफल प्रयास में क्रेमलिन पर ड्रोन से हमला किया। क्रेमलिन ने कहा कि वह इस हमले को एक सुनियोजित आतंकवादी कार्रवाई के रूप में देख रहा है और जवाबी कार्रवाई करेंगे। रूस ने कहा कि क्रेमलिन में पुतिन के आवास पर कथित हमले में दो ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। हालांकि, रूस द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया। क्रेमलिन ने कहा कि ड्रोन हमले में पुतिन घायल नहीं हुए और क्रेमलिन की इमारतों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए ने कहा कि क्रेमलिन ने इन कार्रवाइयों को विजय दिवस की परेड की पूर्व संध्या पर एक सुनियोजित आतंकवादी कृत्य और राष्ट्रपति पर हत्या के प्रयास के रूप में देखता है।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नीतीश ओडिशा और झारखंड का करेंगे दौरा

**पटना :** लोकसभा-2024 की तैयारी को लेकर सभी राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर से जोर-आजमाईश कर रहे हैं। इसी कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री भी लगातार विपक्षी एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से नेताओं के साथ मेलजोल बढ़ा रहे हैं। इसकी कड़ी बिहार के सीएम शुक्रवार को ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात करने जा सकते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात कर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन से भी मुलाकात कर सकते हैं।

---

### मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का किया उद्घाटन

# श्री बंशीधर महोत्सव को और भव्यता प्रदान किया जाएगा : हेमंत



**मुख्यमंत्री ने कहा**

* राज्य में प्रमुख धार्मिक स्थलों का सर्किट बनाएंगे, श्रद्धालुओं को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं
* मुख्यमंत्री ने गढ़वा जिले को लगभग 797 करोड़ रुपए की 74 योजनाओं की दी सौगात
* जब तक लोग सामाजिक रूप से सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक राज्य का सर्वांगीण विकास संभव नहीं
* मुख्यमंत्री ने कहा- पहले सिर्फ कागजों पर विकास होता था, अब धरातल पर उतर रही हैं योजनाएं
* झारखंड को पर्यटन में अलग पहचान दिलाने की दिशा में बढ़ रहे हैं आगे

### रांची के तमाड़ में स्थित दिउड़ी मंदिर के विकास के लिए 7 करोड़ रुपए की योजना बनकर तैयार

श्रवण पासवान @ प्रभात मंत्र

**बंशीधर नगर :** झारखंड को खनिज-संपदा के रूप में जाना जाता रहा है। लेकिन अब पर्यटन के रूप में इस राज्य को अलग पहचान दिलाने की दिशा में हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं।
पर्यटक स्थलों को संरक्षित और विकसित कर रहे है। इस कड़ी में राज्य के धार्मिक स्थलों का सर्किट बनाया जाएगा। सभी प्रमुख धार्मिक स्थल इससे जोड़ें जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हम बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा सकें। हमारी कोशिश है कि विश्व के टूरिज्म मैप पर झारखंड को भी एक अलग पहचान दिला सके। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन बंशीधर नगर, गढ़वा में दो दिवसीय राजकीय श्री बंसीधर महोत्सव का शुभारंभ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिला है। आने वाले वर्षों में इस महोत्सव को और भव्यता देने का काम करेंगे।

### सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक लोग सामाजिक रूप से सुरक्षित नहीं होंगे, तब तक राज्य का सर्वांगीण विकास संभव नहीं होगा। यही वजह है कि हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम को लागू किया है। अब राज्य के हर बुजुर्ग , विधवा परित्यक्ता और दिव्यांगों को पेंशन देने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं और उसकी विशेषता तथा उपयोगिता को बताया और लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने को कहा।

### आपके दरवाजे पर आकर आपकी समस्याओं को दूर कर रहे हैं अधिकारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पूरी संवेदना के साथ कार्य कर रही है। हमने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दे दिए हैं कि गरीब,दलितों, किसानों, मजदूरों, वंचितों,अल्पसंख्यकों समेत सभी समुदाय और वर्ग के हित में कार्यबी करें। हमारी सरकार ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए लाखों लोगों की समस्याओं का समाधान किया और उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। अब अधिकारी आपके दरवाजे पर जाकर आपकी समस्याओं को दूर कर रहे हैं और यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा ।




### 60 योजनाओं का शिलान्यास,14 योजनाओं का उद्घाटन

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 739 करोड़ 22 लाख 64 हजार 792 रुपए की लागत से 60 योजनाओं की आधारशिला रखी। वहीं, 57 करोड़ 55 लाख 22 हजार 933 रुपए की लागत से 14 योजनाओं का उद्घाटन किया । जिन महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ , उनमें भंडरिया, रंका, धुरकी, चिनियाँ, रमकंडा और नगर उंटारी प्रखंड कार्यालय परिसर का विकास तथा बीडीओ, सीओ और अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों का नवनिर्मित आवास तथा नगर उंटारी में नवनिर्मित गेस्ट हाउस और विभिन्न नदियों पर निर्मित पांच पुल शामिल हैं।

### शिक्षा की बेहतरी पर विशेष जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा की बेहतरी के लिए सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में कल 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का उद्घाटन किया गया। अब स्कूलों के बच्चे भी निजी विद्यालयों की तरह अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई कर अपना बेहतर भविष्य बना सकेंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल भवनों का जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ पठन-पाठन से संबंधित सभी मूलभूत जरूरतें और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों के साथ विभिन्न कोर्स करने के लिए भी सरकार के द्वारा आर्थिक सहायता दी जा रही है। इन सभी योजनाओं का मकसद राज्य में बेहतर शिक्षा का माहौल बनाना है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मंत्री श्री बादल,मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, आईजी पलामू राजकुमार लकड़ा और जिले के उपायुक्त तथा पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### धार्मिक स्थलों का हो रहा विकास और सौंदर्यकरण

**श्री बंशीधर (गढ़वा) :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी कला-संस्कृति और परंपरा को इतना मजबूत करना है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी इसे कोई तोड़ नहीं सके। इसी सोच के साथ धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए लगातार योजनाएं बना रहे हैं। राजधानी रांची में तपोवन मंदिर के विकास पर 14 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए जा रहे हैं, वहीं रांची के तमाड़ में स्थित ऐतिहासिक दिउड़ी मंदिर के विकास के लिए 7 करोड़ रुपए की योजना बन चुकी है। बहुत जल्द इस मंदिर के विकास और सुंदरीकरण की आधारशिला रखी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले सिर्फ कागजों पर विकास होता था।
अब धरातल पर योजनाएं उतर रही हैं। लोगों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे सरकार की योजनाओं से जुड़े और अपने आर्थिक प्रगति के मार्ग को प्रशस्त करें। सरकार आपकी मदद के लिए हमेशा आपके साथ खड़ी है।

---

# जामताड़ा में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जामताड़ा :** बुधवार शाम को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक पर सवार चार लोगों को रौंद दिया. इस हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई. कहा जा रहा है कि चारों किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे. इसी दौरान सदर थाना क्षेत्र के दक्षिण बहाल गांव के केंद्रीय विद्यालय के पास मुख्य सड़क एक बेकाबू ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी. हादसे के बाद में ग्रामीणों ने पीछा कर ट्रक को ड्राइवर को पकड़ा और फिर पुलिस के हवाले कर दिया.
मृतकों में तपन हरदा, दिलीप फायदा, कविराजा और तनीषा शामिल हैं.हादसे के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और कार्रवाई की मांग को लेकर उन्होंने सड़क जमकर हंगामा शुरू कर दिया.
मामले की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और लोगों को समझा कर शांत करवाया. इसके बाद सड़क से जाम हटाया और आवागमन को सामान्य किया. पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा सदर अस्पताल भेज दिया.
मारे गए चारों लोग एक ही परिवार के हैं. मृतक के परिजनों ने बताया कि रामेश्वर हांसदा अपने 14 साल के बेटे दिलीप हांसदा, दस साल के कबीर हांसदा और आठ साल की भतीजी तनीशा के साथ बाइक पर किसी परिजन के शादी समारोह में शिवलीबाड़ी जा रहे थे. अभी वे गांव से कुछ दूर निकले ही थे की एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे सभी की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे की जानकारी जैसे ही घरवालों को लगी पूरे गांव में मातम पसर गया.

# गुमला : आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्ची की गला काट कर हत्या

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला।** बसिया थाना क्षेत्र के बम्बियारी गांव में गला रेतकर पांच साल की बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई। इस जघन्य हत्या कांड से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है।
जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह बम्बियारी गांव निवासी रंजीत सिंह की बच्ची रितिका कुमारी को उसकी मां रुकमणी देवी घर के कुछ दूर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में पहुंचा कर लौट आई थी। इस बीच सेविका का देवर रवि सिंह बच्ची के साथ खेलने लगा। बच्ची के साथ खेलते खेलते वह सेविका की नजरों से उसे दूर कर लिया और मौका पाकर बच्ची को एक कमरे में ले जाकर तेज धारदार हथियार से बच्ची के गर्दन को काटकर उसकी हत्या कर दी।
आंगनबाड़ी सेविका को जब कुछ अनहोनी की आशंका हुई तो उसने पास पड़ोस के लोगों को हल्ला मचा कर बुलाया। लेकिन तबतक रवि सिंह इस हत्याकांड को अंजाम देकर फरार हो चुका था। आनन-फानन में घायल बच्ची को रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**इधर घटना की सूचना मिलते ही बसिया पुलिस बम्बियारी गांव पहुंचकर रवि सिंह को गिरफ्तार कर बसिया थाना लाया और मामले की छानबीन में जुटी गई। जबकि हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।**



इधर घटना की सूचना मिलते ही बसिया पुलिस बम्बियारी गांव पहुंचकर रवि सिंह को गिरफ्तार कर बसिया थाना लाया और मामले की छानबीन में जुटी गई। जबकि हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।
उल्लेखनीय है कि वर्ष 2017 में बम्बियारी गांव में बसिया निवासी गनसा उरांव की हत्या कर दी गई थी और यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में आ गया था। तब इस मामले में गांव के ही अगापित सुरीन को गिरफ्तार किया गया था। उसने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए बताया था कि धान की अच्छी फसल के लिए उसके आराध्य ने नरबलि के लिए उसे प्रेरित किया था और उसने गनसा उरांव की बलि चढ़ा दी थी।

---

# कर्नाटक की पहचान बदलना चाहती है कांग्रेस : पीएम मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कर्नाटक में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर कर्नाटक की पहचान बदलने की साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और लोगों को कांग्रेस से सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा, क्या कर्नाटक में कोई भी गाली संस्कृति को स्वीकार करता है? क्या कर्नाटक गाली देने वाले को माफ कर देता है? जब पोलिंग बूथ में बटन दबाओ तो 'जय बजरंग बली' बोल कर इन्हें सजा दे देना। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को शांति और प्रगति का दुश्मन बताया। उन्होंने कहा कि शांति और प्रगति चाहने वाले लोग सबसे पहले अपने राज्य से कांग्रेस को बाहर करते हैं। कांग्रेस की पूरी राजनीति बांटो और राज करो पर आधारित है। कर्नाटक के लोगों ने खुद कांग्रेस का यह खौफनाक चेहरा देखा है। उन्होंने कहा कि लोग कर्नाटक में आतंक फैलाने की साजिश में गिरफ्तार होते हैं और कांग्रेस उन्हें बचाने आ जाती है। कांग्रेस देश विरोधियों पर दर्ज मुकदमे न केवल वापस ले लेती है, बल्कि उन्हें छोड़ भी देती है। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को रिवर्स गियर कांग्रेस कहकर संबोधित किया और कहा कि आज पूरी दुनिया भारत में डेमोक्रेसी और डेवलपमेंट को देखकर उसे सम्मान दे रही है, लेकिन रिवर्स गियर कांग्रेस दुनिया भर में घूम-घूमकर देश को बदनाम कर रही है।
कांग्रेस के चुनावी वादों को झूठ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस दशकों के कुशासन से जन विश्वास खो चुकी है और अब झूठे आरोप और झूठी गारंटी ही उसका एकमात्र सहारा बचा है। कांग्रेस आज भी कर्नाटक की हर योजना में 85



प्रतिशत कमीशन खाने को तैयार बैठी है। गारंटी के नाम पर कांग्रेस ने धोखा दिया है। वहीं भाजपा ने आकर काम किया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने 2004 में बिजली की गारंटी दी थी और 3-4 साल में देश के हर घर को बिजली देने का वादा किया था। लेकिन 2014 में भाजपा सरकार ने पाया कि 2.5 करोड़ से अधिक घरों में बिजली नहीं पहुंची है। भाजपा सरकार ने सौभाग्य योजना के जरिए बहुत कम समय के भीतर देश के हर परिवार को बिजली कनेक्शन दिया। जनसभा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि कर्नाटक में रेल और रोड बदहाल स्थिति में थी। भाजपा सरकार में एयरपोर्ट और आधुनिक रेलवे स्टेशन बन रहे हैं। भाजपा के पास कर्नाटक को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए भविष्य का रोड मैप है। भाजपा का संकल्प कर्नाटक में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना और राज्य को मैन्युफैक्चरिंग सुपर पावर बनाना है।
कांग्रेस पर एक परिवार के लिए काम करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली में बैठा 'शाही परिवार' अपने रिमोट से यहां के नेताओं को कंट्रोल करके रखता है और जेडीएस तो है ही एक परिवार की प्राइवेट लिमिटेड कंपनी। जेडीएस की जवाबदेही उसके मालिक परिवार के प्रति है।
लेकिन मोदी के लिए कर्नाटक का हर परिवार मेरा परिवार है। हमारी जवाबदेही आपके प्रति है।

### समाज के रूपांतरण और प्रगति का सबसे प्रभारी साधन है शिक्षा उपराष्ट्रपति

**डिब्रुगढ़ (असम) :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि समाज में भागीदारी, समानता और प्रगति लाने के लिए शिक्षा सबसे प्रभावी और रूपांतरकारी तंत्र है। लोगों की शिक्षा के अलावा सामाजिक परिस्थितियों को कोई और नहीं बदल सकता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को डिब्रूगढ़ विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति ने छात्रों से परिवर्तन के एजेंट बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए कार्य करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र वर्ष 2047 में अपनी स्वाधीनता की शताब्दी मनाएगा, आप उसी भारत के निर्माता और योद्धा हैं।

# भव्य व आकर्षक शोभायात्रा के साथ दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का हुआ शुभारंभ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** चैम्बर ऑफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के तत्वाधान में आयोजित भव्य व आकर्षक शोभायात्रा के साथ बुधवार को दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव का शुभारंभ हुआ.श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर सुबह से ही अनुमंडल मुख्यालय में चहल पहल बढ़ गया था। पेट्रोल पंप के निकट स्थित गायत्री मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद भगवान श्री कृष्ण की पालकी यात्रा प्रारम्भ हुई। पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालु नाचते झूमते आगे बढ़ने लगे। शोभायात्रा में जन सैलाब उमड़ पड़ा.श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे जयकारे से अनुमंडल मुख्यालय गूंज रहा था। महिला, पुरुष व बच्चों में श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा था। एक तरह के भगवा वस्त्र धारण किये महिलायें व राधा कृष्ण का रूप धारण किये कलाकार शोभायात्रा में आकर्षण के मुख्य केंद्र थे.गायत्री मंदिर से प्राम्भ हुई शोभायात्रा मुख्य पथ से होते हुये बाबा बंशीधर मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। बंशीधर मंदिर परिसर में बाहर से आये कलाकारों ने अपने कला का प्रदर्शन करते हुऐ भगवान कृष्ण व राधा के लीलाओ को प्रदर्शित किया.शोभायात्रा में पूर्व विधायक अनन्त प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, चैम्बर अध्यक्ष शम्भूनाथ सौदागर, सचिव गोपाल जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, ओमप्रकाश चौबे, बिरेन्द्र प्रसाद, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, अनूप कुमार निराला,महमूद आलम, बबलू जायसवाल, अशोक जायसवाल, शैलेश शुक्ल, जिला परिषद सदस्य बाला रानी, रजनी शर्मा, किरण देवी, लवली आनन्द, लवली आनन्द, विद्या भास्कर, संतोष कमलापुरी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, बिरेन्द्र कमलापुरी, राकेश विश्वकर्मा, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# आयोजित कार्यक्रम में कई नामी हस्तियां बिखेरेंगे अपना जलवा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुभारम्भ किये गए श्री कृष्ण की नगरी श्री बंशीधर नगर में राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम में कई हस्तियां अपनी जलवा बिखेरेंगे। कार्यक्रम के प्रथम दिन यानी 3मई को विपिन मिश्रा के शंखनाद व मंत्रोच्चार, स्त्रोत गायन, गायक विनोद राठौर, हास्य कलाकार सुनील पाल, गायक आलोक राज, मिस झारखण्ड रिया तिर्की, गायक किस्सू राहुल, सगुन पाठक तथा पाइका नृत्य कला दल के साथ अशोक कच्छप अपने कला का प्रदर्शन करेंगे व इस महोत्सव यादगार बनाएंगे। जब कि 4 मई को मान भूम छ्यु नृत्य कला दल सरायकेला के प्रभात कुमार महतो, गायिका मैथिली ठाकुर, गायक अरविंद कुमार अकेला उर्फ कल्लू जी, गायक विजय ईश्वर लाल पवार, गायिका पूजा चटर्जी अपने कला से कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं व दर्शकों के बीच अपना जलवा बिखेरेंगे वही भोजपुरी गायिका कल्पना पटवारी भी अपनी कला से कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करेगी। गायिका सह एंकर सोनाली मिश्रा कार्यक्रम में अपनी कला से समां बांधेंगी।

# स्कूल वैन में लगी आग पूरी तरह जलकर खाक



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर थाना क्षेत्र के सेमरा वन पहाड़ी के समीप लोहरसिमी एम एस पब्लिक स्कूल के एक वैन में बुधवार की दोपहर आग लग गई। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब वैन पुरी तरह जल चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि वैन लोहरसिमी गांव स्थित एमएस स्कूल से बच्चों को लेकर गोरेबलहीया गांव छोड़ने जा रही थी जैसे ही वन पहाड़ी के समीप पहुची अचानक इंजन से धुआं निकलने लगा तभी चालक वाहन को रोककर वैन में सवार सभी बच्चों को सुरक्षित उतार दिया आसपास आबादी और पानी नहीं रहने के कारण वैन को जलने से नहीं बचाया जा सका।चैनपुर थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता ने बताया कि स्कूल वैन में आग लगने की सूचना पर पुलिस बल भेजकर जांच की गई। घटना सेमरा वन पहाड़ी के समीप हुई है। इंजन में खराबी के बाद आग लगी थी। इंजन से धुंआ निकलता देख चालक ने वैन में सवार बच्चों को सुरक्षित निकाला। चालक और बच्चों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। स्कूल छुट्टी के बाद बच्चों को वैन से लेकर उनके घर तक छोड़ने जा रहा था ।वाहन को थाना में लाने की कार्रवाई की जा रही है।

# रेड़मा ठाकुरबाड़ी के नाम से दान किये गए जमीन पर दिव्ध दृष्टि बनाए हुए हैं भू माफिया : रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह अधिवक्ता रेड़मा निवासी रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिपुरारी तिवारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कृष्ण चंद्र पांडे, मणि शंकर चतुर्वेदी, चंद्रशेखर तिवारी अधिवक्ता ने रांची रोड रेड़मा जिला उद्योग विभाग के पास मथुरा बाड़ी के नाम से दान किया गया भूमि को भू माफियाओं के द्वारा जमीन को हड़पने की साजिश रच का उस पर भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण का शिलान्यास करना एक बहुत बड़ी साजिश बताया है और मथुरा बाड़ी के नाम से जो भूमि दान की गई है दान पत्र में लिखी गई बातों का उसके विपरीत जमीन पर काम किया जा रहा है जो कि सरासर गलत एवं गैर कानूनी है। वह जमीन स्वर्गीय हरिहर तिवारी का खतियानी रैयती जमीन था उनके मृत्यु के बाद उनके तीन पुत्रों के बीच आपसी समझौता के अनुसार जमीन मिला और उसके पश्चात स्वर्गीय मथुरा तिवारी ने मंदिर समिति ने रेड़मा ठाकुरबारी मंदिर को अपनी कुछ अंश भूमि दान पत्र के माध्यम से ठाकुरबाड़ी के नाम से दान कर दिया। और उसने केवाला में वर्णित किया कि दान की गई भूमि को केवल मंदिर के राग भोग में ही उपयोग किया जाएगा। जबकि इसके विपरीत रेड़मा और बाहर के ही भू माफिया प्रवृत्ति के लोग उस जमीन जमीन को हड़पने के लिए गिध दृष्टि लगाए हुए हैं जबकि स्वर्गीय हरिहर तिवारी के बंसज अभी वर्तमान में मौजूद है और उनको भी दरकिनार किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में उस भूमि पर आगे किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पर तत्काल सदर एसडीओ मेदनीनगर से हम रोक लगाने की मांग करते हैं अन्यथा बाद में कानून का रास्ता अख्तियार किया जाएगा।

# अगलगी में कई समान जले



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द एनएच 98 किनारे दबगर मुहल्ला निवासी शिव दास के घर में मंगलवार की रात अचानक आग लग गई। जिससे घर में रखे कई सामान जलकर खाक हो गये। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग जूटे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान आग की तेज लपटों के कारण मुख्य मार्ग पर लगभग आधा घंटा आवागमन बाधित रहा। इस घटना में घर में रखे कई सामान जलने से जहां पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान पहुंचा वहीं शिव दास मामूली रूप से झुलस गये हैं।

# भाजपा नेता हत्याकांड मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

## जमीन विवाद में हुई थी प्रमोद की हत्या




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पुलिस ने भाजपा नेता प्रमोद सिंह हत्याकांड का उद्भेदन कर दिया है। प्रमोद सिंह पलामू के मनातू प्रखंड के एसटी मोर्चा के अध्यक्ष थे। पलामू पुलिस ने प्रमोद सिंह की हत्या के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, प्रमोद सिंह की हत्या जमीन विवाद में हुई थी। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को कई अहम जानकारी दी है। बताते चलें कि 27 अप्रैल को पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के सेमरी के इलाके में भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह का शव पेड़ से लटका मिला था। प्रमोद सिंह की हत्या करने के बाद अपराधियों ने उसके शव को पेड़ से टांग दिया था. पुलिस ने हत्या के आरोप में योगेंद्र कुमार और शैलेंद्र कुमार यादव को गिरफ्तार किया है। योगेंद्र और शैलेंद्र दोनों भाई हैं और मनातू थाना क्षेत्र के सेमरी के रहने वाले हैं। इस संबंध में मनातू थाना प्रभारी कमलेश कुमार ने बताया कि योगेंद्र और शैलेंद्र का प्रमोद सिंह के साथ जमीन का विवाद था। दोनों भाई नया घर बनवा रहे थे, घर का छज्जा बाहर निकला था. प्रमोद सिंह का कहना था कि घर का छज्जा उनकी जमीन में निकल रहा है। घटना के दिन वह काम रुकवाने गए थे. थाना प्रभारी ने बताया कि इसी क्रम है योगेंद्र और शैलेंद्र के साथ मौके पर मौजूद अन्य लोगो ने प्रमोद सिंह का गमछा से गला दबाकर हत्या कर दी। बाद में उसके शव को पेड़ से टांग दिया था। पुलिस ने पूरे मामले में तकनीकी और अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि योगेंद्र और शैलेंद्र के अलावा हत्या में चार से पांच अन्य आरोपी शामिल थे। जिनकी तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. सभी आरोपी इलाके को छोड़ कर भाग गए हैं. दोनों भाइयों के साथ भाजपा नेता प्रमोद सिंह का सिमरी में ही दूसरी जगह पर 16 एकड़ जमीन का विवाद था. घटना के दिन स्थानीय ग्रामीणों ने काफी देर तक रोड जाम किया था. पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई करते हुए हत्याकांड का खुलासा किया है।

# पलामू की बेटी उर्वशी गुप्ता ने यूट्यूब से डांस सीखकर इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन में लिया हिस्सा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के डाल्टनगंज की रहने वाली उर्वशी गुप्ता यूट्यूब के माध्यम घर पर डांस सीखा और आज अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया।घरवाले बताते हैं कि घर में जब भी जहां भी उर्वशी को टाइम मिलता है वह डांस करती हैं. बचपन से ही उर्वशी को डांस सीखने का शौक था।उर्वशी गुप्ता ने बताया कि वह डाल्टनगंज के गिरिवर स्कूल की कक्षा बारहवीं की छात्रा है. उसके पिता शिव कुमार गुप्ता पेशे से बिजनेसमैन हैं और कई बार स्टेज शो भी कर चुके हैं। उसका सपना कोरियोग्राफर बनने का है. उर्वशी ने बताया कि आज से एक साल पहले हुई क्लासिकल डांस सीखने की शुरुआत की थी और 6 महीने में अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहुंच गई. रावा आइकन में उर्वशी को मेडल और शील्ड मिला। हालांकि जिस सपने के साथ गई थी वहां वो नहीं मिला, लेकिन सपने पूरे करने के लिए मेहनत जारी है।रावा आइकन के लिए पहला ऑडिशन डाल्टनगंज में हुआ था। इसके बाद रांची में प्री नेशनल हुआ. जिसमें सफलता हासिल करने के साथ मुंबई तक पहुंची. जहां मेडल और शील्ड मिला। इसके बाद रावा आइकन का इंटरनेशनल वेस्ट बंगाल में आयोजित हुआ। वहां अच्छा परफॉर्मेंस था, मगर पहला स्थान नहीं ला सकी. वहां भी मेडल और शील्ड मिला। जिसके बाद अपनी कमियों पर मेहनत करने वापस डाल्टनगंज पहुंची। तभी सर्च टेलेंट शो का एक और अवसर मिला। जिसके लिए ऑडिशन देने रांची पहुंची और फाइनल राउंड तक पहुंची। उर्वशी गुप्ता ने बताया कि अपने सपनों के लिए वो मेहनत कर रही है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 18 वर्षीय युवक की मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के जगतपुरवा मोड़ के समीप बीती रात अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम राजोगाड़ी निवासी उमेश तिवारी का पुत्र गौरव तिवारी उम्र 18 वर्ष मंगलवार की रात बाइक पर सवार होकर अपने दोस्त के वहन की शादी में शामिल होने लेस्लीगंज गया था।उधर से घर लौटने के दौरान जगतपुरवा मोड़ हर्षइन मोड़ के बीच एक अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह शहर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। वही पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद से मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।

# कामना पूर्ति शिव शक्ति धाम मंदिर में छठवां वार्षिकोत्सव पर भव्य भंडारा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चंद्रशेखर आजाद चौक रेडमा कामना पूर्ति शिव शक्ति धाम मंदिर का छठवां वार्षिक उत्सव बुधवार को काफी धूमधाम से मनाया गया। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी और मंदिर के मेंबर के द्वारा मंदिर परिसर में धूमधाम से पूजा अर्चना की गई। पूजा अर्चना में अध्यक्ष लल्लन तिवारी, सुशील तिवारी, अजय शुक्ला, ओम तिवारी, रिंकू तिवारी, कृष्णा शुक्ला, रघुनंदन प्रसाद बिजू पंडित, बीरन तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही पूजा-अर्चना के बाद दोपहर 3:00 बजे के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे भाग लेकर भंडारा में प्रसाद का ग्रहण किया।

## बारालोटा में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

# राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी दस लाख की लागत से दो मंदिर में गुंबद निर्माण कराएगी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी पूर्ण सहयोग करेगी। राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के सौजन्य से कराया जाएगा। उक्त बातें राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय (गुरु पांडेय) ने कहा। श्री पांडेय बुधवार को पांकी रोड बारालोटा भवानीनगर में राधा कृष्ण मंदिर निर्माण के आधारशिला रखने के क्रम में बोल रहे थे।श्री पांडेय ने कहा की राधा कृष्ण मंदिर के गुंबद निर्माण के दौरान ही बारालोटा स्टेडियम के पिछे बन रहे मंदिर में भी गुंबद का निर्माण कराया जाएगा।श्री पांडेय ने कहा कि परशुराम युवा वाहिनी धर्म संरक्षण के लिए कृत संकल्पित है और धार्मिक स्थलों के संरक्षण का कार्य करने में यकीन रखती है। आधारशिला कार्यक्रम की अध्यक्षता राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला( पत्रकार) व संचालन पंकज शुक्ला ने किया। मौके पर राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष अरविंद पांडे ने मंदिर के बारे में विस्तृत से प्रकाश डाला। इसके पूर्व राधा कृष्ण मंदिर निर्माण कमेटी के द्वारा युवा वाहिनी के संरक्षक अर्जुन पांडेय को माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। आधारशिला कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंन्द्र तिवारी ने कहा कि युवा वाहिनी राधा कृष्ण मंदिर निर्माण में सहयोग सहयोग के लिए तत्पर रहेगी और मंदिर निर्माण पूर्ण होने तक खड़ा रहेगा। आधारशिला कार्यक्रम में राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य नवीन तिवारी, प्रमंडलीय संरक्षक कृष्ण कांत चौबे, किशोर दूबे, प्रमंडलीय प्रभारी चंदन तिवारी, प्रमंडलीय अध्यक्ष लल्लू पांडेय जिलाध्यक्ष विकास दूबे, अनील दूबे, बृजेश शुक्ला, मनु प्रसाद तिवारी, राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति के संगठन मंत्री धनंजय जयसवाल, अरविंद कुमार ठाकुर, परशुराम सोनी, राधेश्याम जयसवाल, राहुल कुमार गुप्ता, गोविंद कुमार, सोनू सिंह, राम प्रवेश सिंह, छोटू भारती, सुरेंद्र झा, कयास ठाकुर, विश्वनाथ दुबे, अवध बिहारी सिंह, अवधेश सिंह, अमित कुमार यादव, अमित कुमार जयसवाल, भास्कर पांडे, सरयू ठाकुर, अजय सिंह ,मयंक सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# परिवारवाद मामले में बीडीओ की पत्नी सहित चार पर वारंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अपनी पत्नी प्रीति देवी एवं पत्नी के कथित पुरुष साथी विकास दुबे सहित चार लोगों पर परिवारवाद दायर के मामले में विकास दुबे प्रीति देवी सहित चार अभियुक्तों पर नगर उंटारी अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अरविंद कच्छप के न्यायालय ने वारंट जारी किया है।बताते चले कि नगर उंटारी वर्तमान बीडीओ श्रवण राम ने वर्ष 2022 में अपनी पत्नी प्रीति देवी एवं उसके पुरुष साथी विकास दुबे के साथ देव कुमार राम रवि, अंजना देवी पर परिवारवाद संख्या 299 / 2022 के अंतर्गत न्यायालय गढ़वा में वाद दर्ज कराया था। जिसके आलोक में न्यायालय द्वारा आईपीसी की धारा 420, 452, 323, 484, 385, 386, 504, 506, 120 बी, में संज्ञान लेकर समन जारी किया न्यायालय में चारों अभियुक्तों के अनुपस्थित रहने के पश्चात नगर उंटारी एसीजेएम न्यायालय ने चारों अभियुक्तों पर वारंट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि श्रवण राम जो वर्तमान में नगर उंटारी प्रखंड विकास पदाधिकारी के पद पर नियुक्त हैं। उनके द्वारा अभियुक्तों पर अभियुक्तों के द्वारा एक राय होकर षड्यंत्र रच कर सुनियोजित ढंग से परिवादी को उत्तेजित करने अभियुक्त संख्या तीन प्रीति देवी के नाम से जमीन खरीदवाना एवं घर बनवाना तथा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करना तथा परिवादी के घर में घुसकर परिवादी की मां को मारपीट करना एवं हत्या करने की धमकी देकर भयभीत करना तथा घर में रखा हुआ जमीन, बैंक, शिक्षा, संबंधित कागजात बाजबरदस्ती लूटकर ले जाना तथा परिवादी के निर्विवाद स्वामित्व एवं कब्जे की भूमि को बिक्री करने का प्रयास करना तथा बैंक से पैसा निकालने का प्रयास करना एवं परिवादी के द्वारा अभियुक्त संख्या 3 प्रीति देवी को उसके कथित पुरुष साथी विकाश दुबे के साथ आपत्तिजनकस्थिति में देखना, हत्या करने व करवाने की धमकी देना एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया था। इसके पूर्व भी डाल्टेनगंज शहर थाना में कांड संख्या 123 /22 के अंतर्गत विकास दुबे एवं प्रीति देवी पर श्रवण राम के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। उसमे दोनों वर्तमान में जमानत पर है। मामला हाई प्रोफाइल होने के कारण नगर उंटारी में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### लालपुर चौक से कोकर तक सब्जी विक्रेताओं का सर्वे शुरू

**रांची।** रांची नगर निगम की ओर से लालपुर चौक से कोकर तक सड़क किनारे के सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट कराने के लिए सर्वे शुरू किया गया है। सर्वे गुरुवार तक चलेगा। इस सर्वे रिपोर्ट को पहले से बनी सूची से मिलाया जायेगा। जानकारी के अनुसार जो भी विक्रेता नियमित रूप से दुकान लगा रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।इससे पहले 11 अप्रैल को लालपुर चौक से डिस्टलरी पुल तक सड़क किनारे मांस-मछली बेचनेवाले दुकानदारों को मार्केट में शिफ्ट किया गया है। इस क्रम में निगम अब सब्जी विक्रेताओं को शिफ्ट कराने की तैयारी में है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि लालपुर से कोकर तक लोगों को जाम से राहत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसी कडी में सब्जी विक्रेताओं का सर्वे शुरू किया गया है। सर्वे के बाद सडक किनारे के इन विक्रेताओं को जगह दी जायेगी, जिससे लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

### झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों के तबादले, एक का स्थगित

**रांची :** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के दो पदाधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है जबकि एक अधिकारी का ट्रांसफर स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दिया है। संयुक्त सचिव राज्यपाल सचिवालय झारखंड रांची के पद पदस्थापित अराधना को स्थानांतरित करते हुए उन्हें संयुक्त सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। विशेष दंडाधिकारी निगरानी ब्यूरो, रांची सागर कुमार को अगले आदेश तक उप सचिव राज्यपाल सचिवालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। कार्यपालक दंडाधिकारी जामताड़ा के कार्यपालक दंडाधिकारी पलामू के पद पर पदस्थापित आकांक्षा कुमारी का बीडीओ नाला, जामताड़ा के पद पर नियमित पदस्थापन होने तक स्थगित किया गया है।

# सांसद संस्कृति महोत्सव रांची को देगा एक नया आयाम : संजय सेठ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज सांसद संजय सेठ ने पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता में पद्मश्री मुकुंद नायक, मधु मंसूरी अजय मलकानी होरेन ठाकुर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार प्रमुख रूप से मौजूद रहे। पत्रकारों को महोत्सव की जानकारी देते हुए सांसद ने बताया कि बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने इस महोत्सव में रुचि दिखाई है। रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय इस महोत्सव में रांची, हटिया, सिल्ली, खिजरी, ईचागढ़ और कांके विधानसभा क्षेत्र से प्रतिभागी भाग लेंगे। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम चार स्थानों पर आयोजित की जाएगी जिसमें आर्यभट्ट ऑडिटोरियम रांची यूनिवर्सिटी मोराबादी, ऑड्रे हाउस सूचना भवन कांके रोड, मयूरी ऑडिटोरियम सीएमपीडीआई कांके रोड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम मोराबादी, संस्कृति महोत्सव सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चलेगी । अभी तक कुल 2500 कलाकारों ने महोत्सव में भाग लेने के लिए आवेदन दिया है।

सांसद ने यह भी बताया कि इस महोत्सव में उद्घाटन में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो मौजूद रहेंगे। वहीं दूसरे दिन झारखंड के राज्यपाल भाजपा के पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कडिया मुंडा की गरिमामय उपस्थिति कार्यक्रम में रहेगी। महोत्सव के समापन के अवसर पर मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडाकेंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री , अन्नपूर्णा देवी, झारखंड सरकार के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश मौजूद रहेंगे।

**10 विधाओं की प्रतियोगिता होगी:** सांसद सेठ ने बताया कि सांस्कृतिक महोत्सव में 10 विधाओं की प्रतियोगिता होगी, जिसमें नवोदित कलाकार अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही प्रतियोगिता के अलावे प्रतिदिन शाम में झारखंड के प्रमुख कलाकारों के द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी। सेठ ने बताया कि महोत्सव में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, अनेकता में एकता, गुरु शिष्य परंपरा, स्वतंत्रता सेनानी, वसुधैव कुटुंबकम, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती से जुड़े थीम पर भी प्रस्तुति प्रतियोगिता होगी। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा । सेल्फी प्रतियोगिता के लिए रमेंद्र कुमार को संयोजक बनाया गया है सेल्फी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतियोगी 96611 27394 पर अपनी सेल्फी भेज सकते हैं।

# ईडी को त्रिदिप मिश्रा ने दी कई जानकारियां




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय जमीन घोटाले में मनी लॉड्रिंग के तहत जांच कर रही हैं। इस मामले की जांच के दौरान ईडी ने मंगलवार को कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान मिश्रा ने ईडी को कई जानकारियां दी है। विनय मिश्रा के लगभग नौ घंटे तक पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईडी ने त्रिदिप मिश्रा से पूछा कि तीन महीने पहले ईडी ने वहां सर्वे किया था और इस बात का खुलासा किया था कि वहां से मिले जमीन के दस्तावेज में हेराफेरी कर उसी दस्तावेज पर रांची में जमीन की खरीद-बिक्री की गई है। इस मामले में ईडी ने उन्हें लिखित शिकायत भी की थी। इसके बाद उन्होंने क्या कदम उठाया, क्या कोई प्राथमिकी दर्ज कराई ? इसपर त्रिदिप मिश्रा ने कहा कि ईडी से जालसाजी की जानकारी मिली तो उसे कोलकाता के आइजी रजिस्ट्री को बताया था। एफआइआर दर्ज नहीं करने से संबंधित सवाल पर उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। पूछताछ के दौरान ईडी को त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ में वहां के रजिस्ट्री कार्यालय के कुछ अन्य अधिकारियों-कर्मियों के बारे में जानकारी मिली है। उन सभी लोगों से भी पूछताछ कर सकती है। त्रिदिप मिश्रा से पूछताछ के दौरान आए तथ्यों के आधार पर ईडी जल्द ही कोलकाता के आईजी रजिस्ट्री से पूछताछ करने के लिए समन भेजकर बुला सकती है। उल्लेखनीय है कि

रांची में सेना की जमीन की खरीद-बिक्री में कोलकाता से फर्जी दस्तावेज बनाकर की गई गड़बड़ी की जांच में ईडी आगे बढ़ी तो रांची में सैकड़ों एकड़ जमीन की डील में गड़बड़ी सामने आई है । रांची में एक गिरोह सक्रिय है, जो कोलकाता जाकर रांची की जमीन का फर्जी पेपर तैयार करता है, उसकी रजिस्ट्री कोलकाता में ही करायी जाती है। इस पूरे फर्जीवाड़े में आला अधिकारियों के साथ-साथ अंचल अधिकारी, राजस्व कर्मचारियों की बड़ी भूमिका होती है। ईडी ने जांच में पाया है कि जमीन घोटाला कर सरकारी अफसरों, कर्मियों के साथ-साथ माफियाओं ने अरबों की कमाई की है।जमीन घोटाला मामले की जांच के दौरान ईडी ने पाया था कि दोनों ही जमीन की खरीद बिक्री फर्जी दस्तावेज के माध्यम से की गई है। इसके लिए कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में रखे गये दस्तावेज के साथ छेड़छाड़ की गयी थी।

# डेली मार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने मजदूरों को की मदद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इसी उद्देश्य से डेलीमार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने अपने पुलिस पदाधिकारी के साथ मिलकर थाना परिसर में मजदूरों, गरीबो व असहाय वह जरुरतमंदों लोगों के लिए भोजन का व्यवस्था कराया। इसमें थाना के आसपास के रिक्सा चालक, ठेला चालकों के साथ साथ आसपास के गरीब, महिला व पुरुष मजदूर शामिल हुए।इस अवसर पर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि मजदूर, असहाय व निर्धन की सेवा कार्य करने से मन को शान्ति मिलती है । इस अवसर पर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक के अलावे पुअनि प्रदीप केसरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रांची : राज भवन में बिहार आई बैंक ट्रस्ट की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की अध्यक्षता में राज भवन में बिहार आई बैंक ट्रस्ट की बैठक हुई। राज्यपाल ने बिहार आई बैंक ट्रस्ट के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसे और प्रभावी बनाने की दिशा में समर्पित होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट आम जनमानस के हित में पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करें ताकि यह आई बैंक अपने कार्यों से गरीबों के लिए वरदान सिद्ध हों। उन्होंने कहा कि इस आई बैंक के प्रति लोगों का विश्वास बना रहे, इसके लिये सभी ट्रस्टी समर्पित रहें। राज्यपाल ने सभी ट्रस्टी से कहा कि वे विजन के साथ कार्य कर मानव-कल्याण व परोपकार की दिशा में अन्य के लिए प्रेरणा का कार्य करें।

बैठक में विकास आयुक्त-सह-अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग अरुण कुमार सिंह, राज्यपाल के प्रधान सचिव डा नितिन कुलकर्णी, प्रधान सचिव, वित्त विभाग अजय कुमार सिंह, बिहार आई बैंक ट्रस्ट की सचिव डा प्रोन्नति सिन्हा समेत ट्रस्ट के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# मारपीट मामले में हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** तुपुदाना थाना प्रभारी मीरा सिंह द्वारा विकास कुमार से मारपीट के मामले की सुनवाई हाईकोर्ट में हुई। जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राज्य सरकार को हटिया डीएसपी राजा मित्रा की जांच रिपोर्ट समेत विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया। कोर्ट ने सवाल उठाया कि केस ऑनलाइन दर्ज होने के बाद भी इसे रजिस्टर क्यों नहीं किया गया? मामले में अगली सुनवाई 19 जून को होगी। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि चोरी के केस में विकास की तुपुदाना ओपी इंचार्ज मीरा सिंह ने शक के आधार पर हिरासत में लेकर पीटा था। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद उसने ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि बिना किसी कारण उसे पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। विकास ने आईजी, ह्यूमन राइटस को आवेदन दिया था। डीएसपी हटिया के नेतृत्व में कमेटी ने मामले की जांच की और घटना को सही पाया गया। फिर भी मीरा सिंह पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विकास कुमार नामक युवक से रांची के तुपुदाना आउट पोस्ट (ओपी) थाने में हुई बर्बरता से पिटाई मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के नोटिस का अब तक रांची पुलिस ने जवाब नहीं दिया है। आयोग ने एक बार फिर रांची के उपायुक्त व एसएसपी को नोटिस भेजते हुए पांच जून तक मांगा है।

# झारखंड में 4 मई के बाद लोगों को झेलनी पड़ेगी गर्मी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मौसम में बदलाव दिख रहा है। वैसे तो राज्य में इन दिनों भीषण गर्मी होनी चाहिए थी, लेकिन मौसम ने मेहबानी दिखाई है, जिसके अगले 4 मई तक बने रहने की संभावना है। पिछले 24 घंटों के दौरान यहां कई जिले में हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई है, जिसका असर दिन के तापमान पर है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बुधवार को बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी, जिससे लोगों को गर्मी का एहसास नहीं होगा। चार मई तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की है। जबकि कुछ इलाकों में बादल छाये रहेंगे। विभाग के अनुसार इस दौरान ठनका के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। चार मई तक तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज की जायेगी। चार मई के बाद तापमान में वृद्धि होने की पूरी संभावना है। हालांकि इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों विशेषकर दक्षिणी हिस्से में बारिश की संभावना है। उल्लेखनीय है कि 20 अप्रैल से जारी बारिश और बादल छाये रहने के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है।

# जनवादी लेखक संघ ऑल इंडिया उर्दू कन्वेंशन 6 से 7 मई तक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** पुरुलिया रोड स्थित एस डी सी सभागार में 6 से 7 मई 23 को जनवादी लेखक संघ ऑल इंडिया उर्दू कन्वेंशन करने जा रहा है। इस कन्वेंशन में देश भर के हिंदी उर्दू के 2 दर्जन से अधिक प्रख्यात साहित्यकार भाग लेने रांची आ रहे हैं। दिल्ली से जलेस के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ चंचल चौहान,महासचिव, डॉ संजीव कुमार, संयुक्त महासचिव डॉ बजरंग बिहारी तिवारी,सचिव डॉ खालिद अशरफ़, डॉ नजमा रहमानी, अंजुमन तरक्की उर्दू के महासचिव डॉ अतहर फारुकी , लखनऊ से संयुक्त महासचिव डॉ नलिन रंजन सिंह, समीना खान, नाइश हसन,आगरा से जाहिद सरदार,मुंबई से असलम परवेज़,मुख्तार ख़ान, मुशर्रफ शम्सी, मध्यप्रदेश से जाहिद ख़ान, कोलकाता से डॉ संत राम,इम्तियाज अहमद,पटना से डॉ सफदर इमाम क़ादरी, सैयद रेहान गनी, बदरे वफ़ा शैदाई(पत्रकार), डॉ शाहाब जफर आजमी , डॉ नीरज सिंह,विनिताभ आदि इस कन्वेंशन का हिस्सा बनेंगे. इसके अलावा जमशेदपुर , पलामू, बोकारो, धनबाद, मधुपुर, हजारीबाग, गिरिडीह, दुमका आदि जगहों से भी हिंदी , उर्दू के शायर , अदीब भी इस कन्वेंशन का हिस्सा बनने रांची पहुंच रहे हैं। संभावना है झारखंड विधान सभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो 6मई के उद्घाटन सत्र में उपलब्ध हों। पहले दिन विभिन्न विषयों पर 4 सत्र आयोजित होंगे। दूसरे दिन 7 मई को 3 सत्र होंगे । एक विशेष सत्र भी होगा जिसमें उर्दू से संबंधित प्रस्ताव पारित कराए जायेंगे। इसके बाद 4 बजे से मुशायरा सह कवि सम्मेलन की शुरुआत होगी। मौके पर संयोजक ,एम जेड खान, डॉ फिरोज अहमद, डॉ अली इमाम ख़ान,अपराजिता मिश्रा, डॉ जमशेद क़मर,वीना श्रीवास्तव , डॉ रिजवान अली ने संबोधित किया । मुख्य उपस्थिति अविनाश कुमार, बदरे वकार, जालिब वतनी,सैयद गुफरान अशरफी, कुमार बृजेंद्र, अविनाश,जफर आगा, डॉ आलम आरा ।

# रिसालदार बाबा दरगाह की चुनाव के लिए आए 14 आवेदन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार बाबा दरगाह चुनाव कमेटी द्वारा मतदाता सूची के लिए आवेदन लेने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पहला दिन चुनाव कमेटी को करीब 14 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन लेने की प्रक्रिया 3 मई से लेकर 7 मई तक लिया जाएगा। रिसालदार बाबा मुसाफिरखाना में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन जमा किया जा सकता है। 7 मई के बाद आवेदन की स्क्रूटनी का काम शुरू होगा। उसके पश्चात ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी किया जाएगा। चुनाव की तिथि वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार घोषित किया जाएगा। ज्ञात हो कि वक्फ बोर्ड के आदेशानुसार दरगाह कमेटी ने एक मई 2023 को एक बैठक बुलाकर चुनाव कमेटी की घोषणा की थी। इसके बाद चुनाव कमेटी कार्य कर रही है। मौके पर चुनाव कमिटी के मो वसीम, सरफराज कुरैशी, शराफत हुसैन मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया

**रांची :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का जन्मदिन बुधवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में केक काटकर मनाया गया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जयसवाल के नेतृत्व में पूजा अर्चना कर रघुवर दास की लंबी आयु की कामना की गई। उन्होंने कहा कि वह स्वस्थ रहें दीर्घायु रहें ताकि देश और राज्य के जनता के बीच समाज सेवा करते रहे यही कामना के साथ उनके जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान बच्चों के बीच में कॉपी पेंसिल का भी वितरण किया गया।

# एक सप्ताह में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष पर निर्णय लें : हाई कोर्ट




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्र की बेंच में बुधवार को सूचना आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की अवमानना याचिका समेत राज्य के 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।कोर्ट ने नाराजगी जताई कि प्रतिपक्ष के नेता के नहीं रहने के कारण कई वैधानिक संस्थाओं में नियुक्ति नहीं हो पा रही है। दलबदल का मामला विधानसभा स्पीकर के न्यायाधिकरण में अभी तक लंबित पड़ा हुआ है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 11 मई निर्धारित की है। कोर्ट ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष या सबसे बड़े विरोधी दल के नेता के चुनाव का मसला हल करें, अन्यथा विधानसभा के सचिव को अगली सुनवाई के दिन सशरीर हाजिर होना होगा।एडवोकेट एसोसिएशन की जनहित याचिका पर हाई कोर्ट हुई। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की। याचिकाकर्ता राजकुमार की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा और नवीन कुमार ने पक्ष रखा।उल्लेखनीय है कि राज्य सूचना आयोग में रिक्त पदों की नियुक्ति एवं झारखंड में बाल आयोग, सूचना आयोग, मानवाधिकार आयोग, पुलिस कंप्लेंट अथॉरिटी, लोकायुक्त सहित करीब 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों का पद खाली रहने को लेकर एडवोकेट एसोसिएशन ने जनहित याचिका दाखिल की है।

# हज पर किए जाने वाले अरकान की जानकारी दी गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राहत सोसायटी परसटोली डोरंडा की ओर से हज यात्रियों की सहूलियत के लिए हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन निर्मला कॉलेज के पास एक सभागार में आयोजित किया गया।

शिविर में लगभग 350 हज यात्रियों ने भाग लिया। कैंप की शुरुआत तिलावते कुरआन-ए-पाक से की गई। ट्रेनिंग कैंप में हज के अरकान के बारे में जानकारी ट्रेनर हाजी कैसर ने दी। उन्होंने हज पर किए जाने वाले अरकान और जून में गर्मियों में किस तरह रहना है की पूरी जानकारी दी। इस मौके पर औरतों के लिए भी खास इंतजाम किया गया। जिसमें रांची व आसपास के हज पर जाने वाले महिला-पुरुष शामिल हुए।

कमेटी के मो अशरफ ने बताया कि इस साल हज पर जाने वालों की संख्या सबसे अधिक है, जिसमें पुरुष के अलावा काफी संख्या में महिलाएं हज यात्री भी शामिल हैं। जिसे ट्रेनिंग शिविर में हज के दौरान होने वाले सभी अरकान पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर राहत वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा सभी हज पर जाने वाले हाजियों को हज किट दिया गया। मालूम हो की इस वर्ष 21 मई से रांची से जेद्दा के लिए हज की रवानगी चालू होगी। इस वर्ष साउदी गवर्नमेंट ने हज का कोटा बढ़ाकर 30 लाख किया है। इस मौके पर राहत वेलफेयर सोसाइटी के अदर, महमूद आलम, मो. अशरफ करीम, अलीमुज़्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे, नौजवान कमिटी पारसटोली के सभी नौजवानों ने खिदमते खल्क में अपना पूरा समय राहत सोसाइटी के साथ देकर इस प्रोग्राम को सफल बनाया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को अधिवक्ता प्रकाश झा के माध्यम से विधायक सरयू राय के खिलाफ मानहानि का नोटिस भेजा है।

झूठे और फर्जी वायरल वीडियो और कथित प्रतिबंधित पिस्टल रखने के सरयू राय के आरोप पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह कदम उठाया है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी प्रोत्साहन राशि के झूठे आरोप के जवाब में भी मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानहानि का मुकदमा सरयू राय पर दर्ज कराया था, जो न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

इसके बाद इस तरह मानहानि का यह दूसरा मामला है।

सरयू राय पर आरोप है कि वह हमेशा विभिन्न मीडिया और समाचार पत्रों के माध्यम से मंत्री बन्ना गुप्ता पर झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। इससे उनकी राजनीति और सामाजिक छवि खराब हो रही है। इस तरह के दुष्प्रचार में वह अपने सोशल मीडिया के ट्विटर और फेसबुक अकाउंट का भी इस्तेमाल करते हैं। इससे पूर्व मंगलवार को विधायक सरयू राय ने राज्यपाल से मिलकर स्वास्थ्य मंत्री के अश्लील वीडियो और हथियार रखने के मामले पर कार्रवाई करने की मांग की थी।

## असहाय छः वर्ष के बच्चे का पालनहार बने : बाबुलाल गंझू



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटी सी उम्र में मां का साया उठ गया हो और पिता मानशिक रूप से विक्षिप्त हो और घर में इकलौता छः वर्ष का बच्चा. जिसे पता भी नही है संसार का हाल.तभी समाज के प्रबुद्ध जनों ने सूचना पाकर एक एक कर हाथों हाथ सहयोग करने के लिये पहुँचने लगे. मामला खलारी पंचायत का बताया जाता है,जहाँ पर छः वर्ष का बच्चा पीताम्बर गंझू जिसके पालन पोषण के समय में शरुआत में मां साया उठ गया. उसके बाद पिता गणेश गंझू है भी तो मानशिक रूप से विक्षिप्त है. तभी बच्चा का घर का अस्तित्व देख कर सहयोग करने अथवा पालन पोषण के लिए किसान विकास फल उत्पादक खलारी प्रखंड के सेक्रेटरी बाबुलाल गंझू के द्वारा छः वर्ष के बच्चे को पालन व शिक्षा के लिये तैयार हो गये. छः वर्ष के बच्चे को स्थानीय प्राथमिक मध्य विद्यालय में कक्षा एक मे दाखिला करवाया गया. उसके बाद स्कूल के प्रधानाचार्य व शिक्षक गिरधर मिश्रा बच्चा को सहयोग करने का निर्णय लिया गया. वही स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र में कोई भी असहाय बच्चा हो उसे शिक्षा,सहित मूलभूत सुविधा के साथ रखा जायेगा.

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल,देश में अराजकता का माहौल : फैज़ सिद्दीकी

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेस पार्टी के नेता फैज़ सिद्दीकी ने आज एक बयान ज़ारी कर कहा की अब देश में बेरोज़गारी और महंगाई अपनी सारी सीमाएं पार कर चुकी है। जिस कारण पुरे देश में त्राहिमाम मचा हुआ है। भाजपा शासित सभी प्रदेश में अपराध चरम पर है। और अपराधी का आत्मविश्वास किस प्रकार से बढ़ा है। इसका एक



ताज़ा उदाहरण उत्तर प्रदेश हत्याकांड से समझा जा सकता है।किसान सड़क पर आ गए और आत्महत्या करने को मजबूर हो रहे हैं।देश के युवा हर पल हर स्तर पर बेरोज़गारी का दंश झेल रहे है। परन्तु देश के प्रधानमंत्री , भाजपा सरकार का कोई भी मंत्री या नेता उपरोक्त किसी समस्या पर एक शब्द बोलने के लिए तैयार नहीं हैं। ऐसे में यही प्रतीत होता है। कि देश की कमान भाजपा को सौपना हमारी एक भूल थी।देश भाजपा से संभल नहीं रहा है। और कांग्रेस पार्टी की देश में वापसी अति आवश्यक और देश के हित में है। सिद्दीकी ने कहा कि मन की बात बताने वाली सरकार जनता के मन को कब समझेगी इसका जवाब भाजपा नेताओं को देना चाहिए।कल देशवासियों को घोर निराशा हुई जब प्रधानमंत्री अपने कार्यक्रम मन की बात के सौवें एपिसोड में देशवासियों को सबोधित कर रहे थे। और उन्होंने एक भी ऐसे विषयों पर बोलना उचित नहीं समझा जिस कारण देश में अराजकता का माहौल है। उस विषय पर नहीं बोलना या युवाओं और किसानों को किसी प्रकार का आश्वासन नहीं देना इस बात को दर्शाता है। कि सरकार की जनसमस्याओं में कोई रूचि नहीं है। ऐसे में इस गैर ज़िम्मेदार सरकार को जवाब देश की जनता आने वाले चुनाव में देने का मन बना चुकी है।देश की जनता को कांग्रेस की कमी खल रही है। इसलिए कांग्रेस आने वाले लोकसभा चुनाव में अपनी एक ज़ोरदार वापसी करने जा रही है ।

## खबर का असर : सीआईएसफ ने डकरा ओपी डंप के आस पास अवैध कोयले को लेकर छापामारी की, छ : टन कोयला जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** काली कोयले की चमक में चमक रहे कोलमाफ़िया कि खबर प्रभात मन्त्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद सीआईएसएफ के द्वारा लगातार दो दिनों तक छापामारी डकरा ओबी डम्प व आसपास के इलाकों में चला. सीआईएसएफ के द्वारा सोमवार के दिन चलाये गए अभियान में डकरा ओबी डम्प के पास रखे कोयले की जानकारी ली. उसके बाद खदान के नजदीक में बसे घरो के सामने रखे कोयले को देख व गणना कर छोड़ दिया.सीआईएसएफ ने अवैध कोयले कुछ कारण वश छोड़ दिया. दूसरे दिन पुनः कोयला उठाने का कार्य किया जायेगा. वही दूसरा दिन मंगलवार को पुनः सीआईएसएफ टीम डकरा ओबी डम्प व खदान के आसपास झाड़ियों में बोरे में भरकर रखा गया कोयला गयाब पाया गया. फिर डकरा डम्प से सीआईएसएफ के द्वारा छः टन कोयला जप्त किया गया. सूत्रों के हवाले से खबर छपने से एक दिन पहले डकरा ओबी डम्प के पास सभी जगह मिलाकर 100 टन से अधिक कोयले की अनुमान लगाया गया था.



**कोयला तस्कर के आगे बेबस खलारी पुलिस :** बताना चाहते है कि डकरा ओबी डम्प से ग्रामीणों के द्वारा चुन कर रखा जाता है. उसके बाद तस्कर जमा कोयले की छोटी मोटी रकम अदा कर डकरा ओबी डम्प से जुट के बोरी में भर कर मोटरसाइकिल के सहारे निकालकर आसपास के टोला मोहल्ला में जमा कर देते है. ततपश्चात रात्रि के समय पिकअप, ओमिनी वैन,टेंपू,व ट्रक के माध्यम से अन्यत्र भेजकर मोटी रकम वसूलते है. जिसमे सासन से लेकर प्रसासन तक मिलीभगत रहता है. वही खलारी पुलिस लगातार कोयले की अवैध तस्करी पर रोक लगाना फिलहाल मुश्किल ही नही नामुमकिन है.

## ग्रामीण क्षेत्र में ऑक्सब्रिज स्कूल मांडर के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर कर रहे नाम रौशन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** किसी अभिभावक का पुत्र-पुत्री या किसी विद्यालय का छात्र - छात्रा जब माता पिता के संस्कार एवं स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन में कोई उपलब्धि हासिल करता है तो सभी गौरवान्वित होकर फुले नहीं समाते। यही कुछ आज मांडर ऑक्सब्रिज स्कूल में देखने को मिला,जब विद्यालय परिवार ने अपने एक होनहार छात्र अक्षत देव की लिखित और नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित पुस्तक ÷स्थठ्ठद्द श्वद्ध ह्लद्धद्ग ऋद्धड्डद्दय÷ की सफलता पर उसे एसेम्बली में सभी छात्र छात्राओं के बीच निदेशक तौफ़ीक़ आलम के हाथों पौधा और ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया,वहीं अक्षत ने भी निदेशक सर को अपनी लिखी पुस्तक भेंट कर आशीष लिया।अक्षत देव की इस पुस्तक के विमोचन के समय केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री तथा नॉवेल पुरस्कार विजेता फ्रांस के राजदूत भी उपस्थित थे।इस पुस्तक में झारखंड के हुल क्रांति के नायक सिद्धु कान्हू की वीर गाथा को प्रदर्शित किया गया है।इस



मौके पर निदेशक तौफ़ीक़ आलम ने सभी छात्रों से कहा कि शिक्षकों एवं छात्रों की मेहनत ही उनका उज्ज्वल भविष्य तय कर सकता है।आप शिक्षकों के बताने के अनुसार अपने पढ़ाई को जारी रखें आप भी किसी से कम नहीं हैं और ना रहेंगे।आज उदाहरण आप सभी के सामने मौजूद है।आपकी लगन और मेहनत पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं आपकी हर उपलब्धि हम सभी को गौरवान्वित करती है।हमे विद्यालय के हर एक छात्र छात्राओं से उम्मीद एवं भरोसा है कि वे अपने परिजनों, शिक्षकों , विद्यालय परिवार एवं प्रखंड का नाम रौशन कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सफल होंगे।विद्यालय के स्थापना के बाद से आज तक जिस प्रकार छात्र छात्राओं ने घर और स्कूली संस्कार तथा अनुशासन का पालन करते हुए सफलता का झंडा फहराया है उससे विद्यालय के ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करने का उद्देश्य पूर्ण होते दिखा है।शिक्षक जितेन्द्र सिंह ने छात्रों को अपने सीनियर छात्रों की उपलब्धि से प्रेरणा लेकर मंजिल पाने के लिए हर प्रयास करने में जुट जाने की बात कही।उन्होंने कहा कि हम शिक्षक आपकी सफलता के भूखे हैं आप सफल होंगे तभी हमें आपकी सफलता रुपी गुरुदक्षिणा प्राप्त हो पाएगी।आज आप सबों के अग्रज अक्षत देव ने अपनी प्रतिभा से हम सभी ऑक्सब्रिज परिवार को गौरवान्वित कर दिया है।हम सभी स्कूल परिवार के सदस्य इसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक शुभकामना देते हैं।मौके पर प्राचार्या ईवॉन एक्का, कंचन खलखो, मो. असद, आशालता, नईमुद्दीन अंसारी, आसिफ अहमद सहित अन्य शिक्षक तथा छात्र मौजूद थे।

## एनके एरिया में मना श्रमिक दिवस, उत्कृष्ट कार्य करने वाले 22 सीसीएल कामगार हुए सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** कोयला श्रमिक देश हित के लिये एक योद्धा की तरह डट कर सालों भर कार्य करते हैं. हम सभी को सुरक्षा को सर्वोपरि मानकर सुरक्षित तरीके से कोयला उत्पादन में लगे रहना होगा तभी हमें कुशल कामगार दर्जा मिल सकती है उक्त बातें एनके एरिया के जीएम संजय कुमार ने कही. एनके जीएम अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस सह सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि किसी भी देश व समाज के निर्माण में श्रमिकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है. इन्ही श्रमवीरो के बदौलत देश की अर्थव्यवस्था टिकी हुई रहती है. एनके एरिया कोयला उत्पादन के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहा. सुरक्षित तरीके से कार्य कर अपने श्रमवीरो, ग्रामीणों, यूनियन प्रतिनिधियों के सहयोग से हम उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करेंगे. इस अवसर पर एरिया के 22 सर्वश्रेष्ठ कामगारो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. जिसमें डकरा परियोजना से कंचन महतो, जयनंदन ठाकुर, प्रदीप कुमार, कमल गंझू, पूर्णाडीह से सलाउद्दीन मियां, ज्ञान उरांव, रविंद्र गंझू, रोहिणी से बलराम, जनेश्वर राम, सोहराई महतो, अर्जुन साहू, सुधीर सिंह, केडीएच से आरके महली, मनोज गंझू, विलियम उरांव, परवेज आलम, बीफा महतो, चुरी से टुकना महतो, साधु करमाली, बिगन महतो, बिरज प्रधान, जितेन्द्र महतो, जीएम यूनिट से प्रमिला देवी, मकुंन्द गंझू, रुक्मणी देवी, संजय गंझू, तिहारु राम, धनेश्वर गंझू, जोगेंद्र गंझू का नाम शामिल है. उधर केडीएच परियोजना स्थित रेस्ट हाउस में जिर्णोद्धार डाईनिंग हाल व किचेन रुम का लोकार्पण महाप्रबंधक संजय कुमार के द्वारा किया गया. इस अवसर पर ज्योति कुमार, स्टॉफ अधिकारी कार्मिक, अभास त्रिपाठी, परियोजना अभियंता असैनिक, नवनीत शेखर, कार्मिक प्रबंधक, अभय वर्मा, ओवरसियर, सभी एसीसी / पीसीसी सदस्यगण उपस्थित रहे.




**Govt. of Jharkhand**
**Rural Development Department**
**Jharkhand State Livelihood Promotion Society**
**2nd Floor, JSAMB Building, Itki Road, Hehal, Ranchi - 834005, Jharkhand, Phone No. 0651-2951915/2951916**
**Email – joharjharkhandproc@gmail.com, Website – www.jslps.in**

**No:** JSLPS/1027 **Date:** 03/05/2023

**Proc. Ref. No. : SMMC20230173**

**REQUEST FOR EXPRESSION OF INTEREST**

The Jharkhand State Livelihood Promotion Society (JSLPS) invites "Expression of Interest" from the eligible registered Chartered Accountant Firms for providing consulting services for **"Statutory Audit"** required for JSLPS.

Interested firms may submit their "Expression of Interest" in a sealed envelope clearly superscripted as Expression of Interest for **"Statutory Audit of JSLPS"** latest by 15.30 hours on 19th **May, 2023**. Interested firms may obtain further information and procedures for submitting the "Expression of Interest" from the website of JSLPS i.e. **www.jslps.in.**

Sd/
**Chief Executive Officer, JSLPS**

PR 296473 Jharkhand State Livelihood Promotion Society(23-27)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता स्वणरिखा**
**शीर्षकार्य प्रमंडल,राँची**
**E-mail ID-eedwsd.headworks@gmail.com**

पत्रांक. 218/राँची। दिनांक. 02–05–2023/रॉची

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्षा ऋतु के आगमन के मद्देनजर रूक्का अवस्थित नये जलशोध संस्थान स्थित सम्पों की सफाई कराना अतिआवश्यक है। इससे रूक्का जलशोध संस्थान से हटिया लाईन एवं UGR-1 लाईन प्रभावित होगा। उक्त कार्य हेतु **दिनांक 05.05.2023** को पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 9:00 बजे तक जलापूर्ति बन्द रहेगी। इससे प्रभावित क्षेत्रों हरमू, डिबडीह, पुन्दाग, पिस्का, जगरनाथपुर, कॉंटाटोली, सिरमटोली, चर्च रोड, डोरण्डा, अशोक नगर एवं आसन्न क्षेत्रों में आंशिक जलापूर्ति होगी। इससे होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

(राधेश्याम रवि)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता स्वर्णरेखा
शीर्षकार्य प्रमंडल, राँची

PR 296472 Drinking Water and Sanitation(23-24).D



**कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9**
ई मेल–jepcpalamau@rediffmail.com& jepcpalamau1@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

**आदर्श विद्यालय योजनान्तर्गत पलामू जिले में 03 उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में शैक्षणिक सत्र 2023–24 में CBSE के तहत अंग्रेजी माध्यम से संचालित होने वाले विद्यालयों में नामांकन संबंधित आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के अभिनव प्रयास के तहत सरकारी विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत पलामू जिले के 03 विद्यालयों को उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) के रूप में मान्यता दी गयी है। **राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक सत्र 2023–24 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) से संबंद्धता (Affiliattion) प्राप्त कर विद्यालय का संचालन अंग्रेजी माध्यम से प्रारंभ किया जा रहा है। संबंधित विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जायेगी।**

सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक ME/01/1183/2023/1928 दिनांक 24.04.2023, एवं राज्य परियोजना, निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा दिनांक 29.04.2023 को विडियों कॉन्फ्रेसिंग में दिये गये निदेशानुसार तथा झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक JEPC/Admin/2000 दिनांक 29.04.2023 के आलोक में निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालय (School of Excellence) में दिनांक 15.05.2023 तक निःशुल्क आवेदन प्रपत्र विद्यालय से प्राप्त किये जाएगें–

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | जिस कक्षा में नामांकन लिया जाना है | सीटों की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय +2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), मेदिनीनगर | कक्षा–6<br>कक्षा–7<br>कक्षा–8<br>कक्षा–9 कक्षा–11 | 80<br>80<br>80<br>120<br>120 | बालक एवं बालिका दोनों के लिए |
| 2 | राजकीय बालिका +2 उच्च विद्यालय (के0जी0 स्कूल), मेदिनीनगर | कक्षा–6<br>कक्षा–7<br>कक्षा–8 कक्षा–9 | 40<br>40<br>40<br>120 | केवल बालिका के लिए |
| 3 | कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, चैनपुर | कक्षा–6 | 25 | केवल बालिका के लिए |

सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि संबंधित विद्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त करेंगे। नामांकन हेतु संबंधित विद्यालय में आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 15.05.2023 है।** जिला स्तर पर परीक्षा के उपरांत मेधासूची के आधार पर नामांकन लिया जायेगा। विस्तृत विवरणी एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिला के अधिकारिक वेबसाईट **www.palamu.nic.in** पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 296458 District(23-24)#D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) थाना काण्ड सं0–337/17, दिनांक–14.07.2017 धारा–406/420/366, भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभि0 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी, पिता–रहमान मियॉ तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी, पे0–जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी दोनों पता–नेउरा, थाना–चैनपुर, जिला–पलामू के विरूद्व माननीय न्यायालय श्री कुमार सौरभ त्रिपाठी, जे0एम0 III न्यायालय राँची के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Sri kumar Saurabh Tripathi, J.M-III, Ranchi**
Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED s.Nagar (P)-**337/17 (S)**
[Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.)

1. नाम व शिल पता — चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)

**1- JAMIR @JAMIRRUDDIN ANSARI, S/O -RAHMAN MIYAN R/O-NEURA, PS-CHAINPUR, DIST-PLAMU JHARKHAND,**
**2-CHOTU@ EKRAM ANSARI, S/O- JAMIR @JAMIRRUDDIN ANSARI, R/O-NEURA, PS-CHAINPUR, DIST-PLAMU JHARKHAND**

शुवहा है। जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द के सजा के लायक है (2)3. नाम और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि(3)

4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी न हो सके। — पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (3) जब

4. मोकाम।

**U/S-406/420/366** IPC — मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि मजकुर साकिन ब–मोकाम(5)

6. इस अदालतव रूबरू मेरे। 26--05-2023 अ–हजुर(6) ब–तारीख माह नालिश–मजकुर करे जवाबदेही के लिए हाजिर हो

आज तारीख माह सन 27.03.2023

**s/d- Sri kumar Saurabh Tripathi**
**J.M-III, Ranchi**

अतः सभी जन संधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड की 1.जमीर उर्फ जीमरूदीन अंसारी तथा 2. छोटू उर्फ एकराम अंसारी कहीं मिलते/दिखाई देते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक/**Court of Sri kumar Saurabh Tripathi J.M-III, Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें।

पुलिस उपाधीक्षक, कोतवाली राँची। – 9431770077
थाना प्रभारी, सुखदेवनगर (पण्डरा ओ0पी0) राँची। – 9431706178

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची

PR 296466 Police(23-24)#D



**श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची**

**"ईच्छा की अभिव्यक्ति"**

श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, राँची के प्रेक्षागृह में अधिष्ठापित VRF AIR Condition, L.G. Company एवं महानिदेशक कक्ष तथा कॉन्फ्रेंस हॉल में अधिष्ठापित Cassette AC के वार्षिक रख–रखाव (AMC) हेतु सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि से दिनांक 19.05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक संस्थान के स्थापना शाखा में रक्षित Sealed Box में निविदा डाली जा सकती है । Pre-Bid निविदा Meeting दिनांक 10.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे अपर निदेशक के कार्यालय कक्ष में आहूत होगी। निविदादाता के द्वारा निविदा डालने के पूर्व कार्यालय कार्य दिवस में एयर कंडिशन की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

सीलबंद निविदा दिनांक 19.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे अपर निदेशक के कार्यालय कक्ष में उपस्थित निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों के समक्ष समिति द्वारा खोली जाएगी । वार्षिक रखरखाव से संबंधित कार्य विवरणी निम्नप्रकार है:–

**Work Description of VRF & Cassete Air Condition**

| Sl No | Description of AC | Nos. | Work | | Period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | L.G VRF Air Condition in Auditorum | 21 Machine | 1 Checking of Motor<br>2 Ground Conection<br>3 Checking of Main Plug conection,coolingefficiency, Voltage stablizers<br>4 Cleaning of blower and condenser fan, Air-filter, equipment, evaporators and condenser coils, supply/ return diffuser, AC grill once in a month .<br>5 Tray with detergent every month. | 1 Repair of Compressor & Motor including replacement (not rewinding of compressor only replacement is permitted)<br>2 Repair of Fan motor including replacement.<br>3 Replacement/ repair of selector switch, starting capacitor and starting relay. Heating element, RCV, thermostat and selector switch etc.<br>4 Re-filling of gas, if required.<br>5 Overhauling of complete AC's/ WC's.<br>6 Repair of AC remote including replacement if required. | one Year |
| 2 | Omide Make Cassete AC in Conference Room | 02 | | | |
| 3 | Voltas Make Cassete AC in D.G. Chamber | 02 | | | |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी हेतु संस्थान के वेवसाईट skipa.nic.in पर देखा एवं Download किया जा सकता है।

महानिदेशक के आदेश
दिनांक 24.04.2023
ह०/–
उप निदेशक (हिन्दी)
श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची

PR 296475 SKIPA(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई०–निविदा सूचना संख्या RDD/SD/KHUNTI/01/2023-24**

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– **विशेष केन्द्रीय सहायता मद**

| ग्रप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | कर्रा | स्थानीय पर्यटन एवं आजीविका को बढ़ावा देने हेतु Upgradation of amenities at Latratu Dam, Vill+Panchayat-Dumargari, Block-Karra. | 19,83,999/– | 39,700/– | 5000/– | 02 माह। |
| 2 | खूँटी | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मारंगहादा का चाहरदिवारी निर्माण कार्य। | 24,65,165/– | 49,400/– | 5000/– | 02 माह। |
| 3 | खूँटी | बिरसा मुण्डा जिला पुस्तकालय, खूँटी में पार्टीषन एवं फर्नीचर क्रय करने का कार्य। | 7,01,750/– | 14,100/– | 1250/– | 02 माह। |
| 4 | खूँटी | सदर अस्पताल, खूँटी परिसर में Eye & Dental Unit के मरम्मति कार्य। | 14,99,800/– | 30,000/– | 2500/– | 02 माह। |
| 5 | खूँटी | मातृ षिषु अस्पताल, खूँटी में रजिस्ट्रेषन काउन्टर का निर्माण कार्य। | 2,56,600/– | 5,200/– | 750/– | 02 माह। |

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–09.05.2023 के अपराहण 01:00 बजे ।
3.वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि :–17.05.2023 के अपराह्ण 05:00 बजे तक ।
4.निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, स्थान एवं समयः–18.05.2022 अपराह्ण 02:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
5.निविदा खोलने की तिथि, स्थान एवं समयः–19.04.2023 अपराह्ण 01:00 बजे। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
6.निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी।
7.ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 6201188328
8.निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी के पक्ष जो खूँटी शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
9.निविदादाता को यू–केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड करना अनिवार्य है।
10.प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
खूँटी

PR 296419 (Rural Development)23-24*D

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने की नई इनोवा क्रिस्टा के टॉप ग्रेड की कीमतों की घोषणा



**बेंगलुरु/जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नई इनोवा क्रिस्टा के दो टॉप ग्रेड (जेडएक्स और वीएक्स) की कीमतों की घोषणा की। यह वाहन एक उन्नत फ्रंट फेशिया के साथ आता है जिसे एक मजबूत और मजबूत उपस्थिति के लिए विशिष्ट प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इससे भारतीय परिवारों, व्यवसायियों और कॉर्पोरेट्स की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। एक्स-शोरूम कीमतों जिसमे जेडएक्स (7 एस) 25,43,000 रु, वीएक्स (8 एस) 23,84,000 रु,वीएक्स (7 एस) 23,79,000 रु, वीएक्स एफएलटी (8 एस) 23,84,000 रु और वीएक्स एफएलटी (7 एस) 23,79,000 रु है। इस अवसर पर अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, हमें अपने सभी नए अवतार में बाजार में काफी सराहे गये इनोवा क्रिस्टा डीजल के टॉप दो ग्रेड के मूल्य निर्धारण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अपने सख्त और मजबूत फ्रंट फेसिया (प्रावरणी) का साथ और शैली, आराम और प्रदर्शन का एक सही मिश्रण, नई इनोवा क्रिस्टा निश्चित रूप से प्रसिद्ध इनोवा की विरासत को आगे बढ़ाएगी। वाहन उन्नत सुरक्षा सुविधाओं का दावा करता है जो सुनिश्चित करता है यात्रियों की अत्यधिक सुरक्षा और हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस वाहन द्वारा पेश किए गए बेहतर ड्राइविंग अनुभव की सराहना करेंगे और आनंद लेंगे। न्यू इनोवा क्रिस्टा की बुकिंग 50,000 रुपये में कराई जा सकती है। ग्राहक अब डीलर आउटलेट्स के साथ-साथ **www.toyotabharat.com** पर ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं।

## पीड़ित 20 परिवारों को महावीर मुर्मू ने किया मदद



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के नक्सल प्रभावित राजाबासा व झुंझका गांव में विगत दिनों आंधी तूफान के साथ हुए ओलावृष्टि से 20 परिवारों के घर को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस बात की जानकारी झामुमो नेता महावीर मुर्मू को मिलने के बाद बुधवार को राजबासा व झुंझका गांव में दौरा करते हुए पीड़ित परिवारों से मिले और तत्काल 20 परिवारों को एक - एक तिरपाल व सूखा राशन देकर मदद किया। श्री मुर्मू ने पीड़ित परिवार को कहा की झामुमो हर दुःख सुख में आप लोगों के साथ में है। इस दौरान पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अश्वनी महतो, सुभाष कर्मकार, माणिक महतो, युवा नेता बिल्टू हांसदा, पंसस जालिम मार्डी, करण वीर कालिंदी, कालू हांसदा,रवि मुर्मू, संजय सिंह आदि उपस्थित थे।

## आदारडीह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुई विधायक की बेटी स्नेहा महतो



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के आदारडीह गांव में बुधवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सविता महतो की सुपुत्री स्नेहा महतो, प्रमुख गुरूपद मार्डी, उप प्रमुख नेका साव, बीडीओ किकु महतो, थाना प्रभारी गौरव मिश्रा, मुखिया नयन सिंह मुण्डा आदि ने संयुक्त रूप से किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उड़ीसा के दिपक महतो व सुलोचना महतो मेलोडी द्वारा झुमर संध्या का आयोजन किया गया। झुमर नृत्य में लोग जमकर थिरके। दर्शकों ने जमकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। रात को छौऊ नृत्य का भी आयोजन किया गया है। वहीं प्रमुख गुरूपद मार्डी ने कहा कि आदारडीह गांव में सार्वजनिक रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर ग्राम प्रधान शिवराम महतो,संजय महतो, उमाकांत महतो,उपेन महतो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विवेक विद्यालय में विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विवेक विद्यालय में कक्षा 3 से 12वीं तक के छात्रों के लिए सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया । प्रश्नोत्तरी को कुल 5 समूहों में बांटा गया, क्विज के दौरान कई राउंड में इतिहास, भूगोल तथा नागरिक एवं राजनीति शास्त्र से सवाल पूछे गए। क्विज के विजेताओं की घोषणा 6 मई को की जाएगी।

## स्वच्छता पखवाड़ा पर जागरुकता कार्यक्रम



**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालयों में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा पर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। जल एवं स्वच्छता अभियान कि ओर से सार्वजनिक स्थलों पर श्रमदान, कुड़ा, कचरा सफाई ,जल स्त्रोतों की साफ सफाई आदि हेतु सपथ ग्रहण कार्यक्रम चलाया गया। जल सहिया, पंचायत प्रतिनिधि, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति व ग्रामीणों को हर सप्ताह दो घंटा श्रमदान कर स्वच्छता को बढ़ावा देने, स्वच्छता हेतु सजग रहने, गांव गांव गली गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार प्रसार करने का सपथ दिलाया गया। वहीं सितु पंचायत सचिवालय में जल सहिया रेवती महतो ने कहा कि जल व स्वच्छता विभाग की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा पर सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। कहा कि एकल प्लास्टिक का उपयोग बंद करने,कचरा प्रवंधन, जल संरक्षण आदि पर जागरूक किया जा रहा है। मौके पर मुखिया लक्ष्मी देवी, पंचायत सचिव अशोक महतो, डोमन महतो आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स द्वारा छोटा गम्हरिया में निर्मित सामुदायिक भवन जनता को समर्पित**

# टाटा स्टील का प्रयास काबिले तारीफ : चम्पई सोरेन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** टाटा स्टील लांग प्रोडक्ट्स लिमिटेड की ओर से छोटा गम्हरिया पंचायत में एक करोड़ की लागत से निर्मित बहुद्देशीय सामुदायिक भवन का बुधवार को मंत्री चम्पई सोरेन ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छोटा गम्हरिया में निर्मित सामुदायिक भवन विकास की शुरुआत है। अब यहां जमशेदपुर की तरह सड़क, विद्युत, शिक्षा आदि क्षेत्रों में भी विकास होगा। उन्होंने बड़ा गम्हरिया में भी इस तरह के सामुदायिक भवन निर्माण का प्रस्ताव टाटा स्टील को दिया गया है। सोरेन ने कहा कि सामाजिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य के सभी गांवों में सरकार सामुदायिक भवन निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। टाटा स्टील के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि महज छह महीने में क्षेत्र के लोगों के लिए अत्याधुनिक



मल्टीपरपस कम्युनिटी सेंटर की सौगात दी गई है जो काबिले तारीफ है।

**क्षेत्र के लोगों को शीघ्र प्रदूषण से निजात मिलेगी : चौधरी**

इस मौके पर उपस्थित टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को शीघ्र प्रदूषण से निजात मिल जायेगी। कहा कि विगत दिनों टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स जनसुनवाई के दौरान कंपनी प्रदूषण संबंधित मामलों को उठाया गया था। इस मुद्दे पर कंपनी द्वारा प्रदूषण स्तर कम किए जाने को लेकर लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विशेषज्ञों से सर्वे कराकर प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही एनवायरमेंटल क्लीयरेंस के मिलते ही कंपनी से प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े उपाय किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित टाटा स्टील लॉन्ग प्रोडक्ट्स के प्रबंध निदेशक आशीष अनुपम ने कहा कि दस हज़ार स्क्वायर फीट में बने इस सामुदायिक भवन के संचालन के लिए समिति का गठन किया गया है। सामाजिक कार्यों के अलावा इस सामुदायिक भवन को पोलिंग बूथ, सेमिनार, शादी-विवाह जैसे कार्य के लिए उपयोग में लाया जा सकेगा। कार्यक्रम के पश्चात कंपनी प्रबंधन की ओर से गम्हरिया के सीओ और बीडीओ को सामुदायिक भवन की चाभी सौंपी गई। इस मौके पर जिले के उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, सहायक उपायुक्त सुबोध कुमार, सीओ मनोज कुमार, बीडीओ मारुति मिंज, टाटा स्टील फाउंडेशन के चीफ सौरव राय, सीपीपी रसीद जाफरी, छोटा गम्हरिया के ग्राम प्रधान सूरज लाल महतो, मुखिया निरोला सरदार, मंत्री के आप्त सचिव गुरु प्रसाद महतो, चंचल गोस्वामी, अमृत महतो, बीटी दास, दीपक नायक, अविनाश सोरेन समेत सभी पंचायत प्रतिनिधि व काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## पुलिस प्रशासन ने डायन बिसाही पर लोगों को किया जागरुक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़/तिरुलडीह :** ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टीकर गांव में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों को डायन/बिसाही के नाम पर किसी माता/बहन के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार/ मारपीट/ अनादर ना हो तथा साथ ही किसी भी परिस्थि में किसी भी महिला को डायन/बिसाही के नाम पर जलाया ना जाए, इस संबंध में लोगों को जागरूक किया गया । ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव मिश्रा के नेतृत्व में गांव में लोगों को जागरूक करते हुए पोस्टर भी चिपकाया गया। थाना प्रभारी ने ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधियों को डायन बिसाही जैसे रूढ़िवादी परम्परा के प्रति जागरूक करने एवं ऐसा नहीं करने का अपील किया। मौके पर एएसआई धनंजय सिंह, पंसस प्रतिनिधि अनिल कुमार सिंह, बासुदेव चटर्जी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। वहीं तिरुलडीह थाना क्षेत्र के कूदा गांव में भी तिरुलडीह पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर डायन बहुत जैसे अंधविश्वास पर ध्यान न देने व ऐसी कुप्रथा को समाज से उखाड़ फेंकने का अपील ग्रामीणों के बीच किया गया। थाना प्रभारी रितेश कुमार के नेतृत्व में गांव में लोगों को जागरूक करते हुए चौक चौराहों पर पोस्टर भी चिपकाया गया।

## पूर्व सीएम रघुवर ने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं संग काटा केक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के जन्मदिन को भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। पूर्व सीएम रघुवर दास ने दिन की शुरुआत सिदगोड़ा सूर्य मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड सहित जमशेदपुरवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। वहीं, उन्होंने अपने जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पौधरोपण कर इसके संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया। एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री के संग आकर्षक केक कटिंग कर जन्मदिन मनाया। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत भाजपा के वरीय नेताओं ने पूर्व सीएम रघुवर दास को शुभकामनाएं दी।

## ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने 10 गरीब रिक्शा चालकों को बनाया रिक्शा मालिक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से 10 ठेला रिक्शा चालकों के बीच रिक्शा का वितरण किया गया। ये रिक्शा चालक पहले भाड़े पर रिक्शा लेकर चलाते थे। आज ओल्ड पुरुलिया रोड के एक मैरेज हाल में कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार और विशिष्ट अतिथि जीआरपी टाटानगर थाना प्रभारी गुलाम रब्बानी खान एवं डॉक्टर निधि श्रीवास्तव, समाज सेवी इलियास खान, शफी अहमद, अलकबीर पॉलीटेक्निक कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर मोहम्मद सलीम, धनबाद रेलवे यूनियन के मोहम्मद जियाउद्दीन, मकबूल आलम, समाजसेवी आसिफ महमूद, हाफिज वसीमुल्लाह, के हाथों रिक्शा चालकों



को रिक्शा के ताले चाबी एवम फूलों का गुलदस्ता भेंट कर रिक्शा का मालिक बनाया। रिक्शा ठेला का मालिक बन कपाली के मुहम्मद सलीम अख्तर ने कहा के मेरी ज़िंदगी का मकसद था के मेरे पास अपना खुद का एक ठेला हो आज उस मकसद को ह्यूमन वेलफेयर ट्रस्ट ने पूरा किया। ठेला रिक्शा पाने वाले नबी आलम,अजीज,मोहम्मद बसीर,मोहम्मद गोप और मोहम्मद रिजवान ने भी खुशी का इजहार किया। इस प्रोग्राम में प्रोफेसर अहमद बद्र ने संस्था की सामाजिक कार्यो की सराहना की। सभा का संचालन मुख्तार आलम खान ने किया, जबकि धन्यवाद गया नादिर खान ने किया।

## यूसील कर्मचारी कॉपरेटिव क्रेडिट सोसायटी लोन में हुई बेतहाशा वृद्धि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** यूसील कर्मचारी कॉपरेटिव क्रेडिट सोसायटी के सचिव ए के तिवारी ने आज पत्र जारी कर लोन में बेतहाशा वृद्धि की घोषणा की है। जारी अधिसूचना के अनुसार 2 से 3 वर्ष कंपनी में सेवा दे चुके वैसे सोसायटी शेयर होल्डर कर्मचारी को न्यूनतम 35,000 व 20 साल या उससे अधिक कम्पनी में सेवा दे चुके यूसीलकर्मी अब यूसील क्रेडिट सोसायटी से चार लाख तक लोन ले सकेंगे।इसके पूर्व अधिकतम साढ़े तीन लाख लोन स्वीकृत थी। यह सुविधा मई महीने से लागू की गई है। इस बीच लोन की सूचना मिलने के बाद कंपनी कर्मी शेयर होल्डरों में खुशी लहर दौड़ गई है।

## आदित्यपुर-गम्हरिया विकास समिति का किया गया गठन, पुरेंद्र बने अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर विकास समिति की बैठक गम्हरिया स्थित होटल द एवेन्यू में निवर्तमान पार्षद सिद्धनाथ सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समिति के विस्तार एवं वृद्धा, विधवा, व दिव्यांग पेंशन की राशि दो हजार रुपए प्रति माह किए जाने की मांग को लेकर आंदोनात्मक रणनीति बनाए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर आदित्यपुर विकास समिति का नाम आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति रखने का निर्णय लिया गया। साथ ही विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 16 मई को गम्हरिया प्रखंड/ अंचल कार्यालय के समक्ष



सांकेतिक धरना देने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आदित्यपुर ननि के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि समिति के माध्यम से आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 35 वार्ड की समस्या का समाधान जनता के सहयोग से करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर एक लाख रुपए के स्थान पर चार लाख रुपए मृतक के आश्रित को सहायता राशि दिए जाने की मांग भी सरकार से की गई है द्य इस मौके पर सर्वसम्मति से पुरेन्द्र नारायण सिंह को सम्मति का अध्यक्ष बनाया गया। कार्यक्रम को पूर्व पार्षद अनिल प्रसाद, कैप्टन सुखदेव प्रसाद, देव नारायण झा, काशीनाथ सिंह, रामानंद भक्ता, देव प्रकाश, पूर्व पार्षद सतीश मिश्रा आदि ने भी सम्बोधित किया।

## तीन दिवसीय विज्ञान जागरुकता मेला के दूसरे दिन नाटक व वाद विवाद प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उत्क्रमित मध्य विद्यालय टंगराइन में चल रहे तीन दिवसीय विज्ञान जागरूकता मेला के दूसरे दिन नाटक के माध्यम से बच्चों ने बाल विवाह, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण सुरक्षा, प्रदूषण, मोबाइल के उपयोग व दुष्परिणाम, सड़क सुरक्षा, धूम्रपान, अंधविश्वास, बालिका शिक्षा सहित सामाजिक बुराइयों पर बच्चों ने नाटक के माध्यम से समाज को जागरूक करने का प्रयास किए। लिटिल ड्रॉप्स संस्था के द्वारा आयोजित इस मेले में दूसरे दिन करीब 300 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए झारखण्ड के वरिष्ठ रंगकर्मी व



साहित्यकार रवि मिश्रा ने कहा कि नाटक के माध्यम से समाज में फैली कुरीतियों के प्रति जागरूकता और समाज में बदलाव का प्रसार होगा. इस कार्यक्रम में उ म वि टांगाराइन, म वि कैरासाई, उ वि चकड़ी, शिशु मंदिर कोवाली, पल्ली मंगल उ वि शांतिपुर, म वि बुकामडीह, मवि हड़ियान, जनवि पूर्बी सिंघभूम, उ म वि पुटलुपुंग, मवि एदेलडीह के बच्चों ने भाग लिया। 4 मई को विज्ञानं मॉडल प्रदर्शित और सभी प्रतियोगिता में सफल बच्चों को मोमेंटो देकर पुरस्कृत और सभी भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र दिया जायेगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक संजीव सरदार शामिल होंगे।

## नवनियुक्त जिला पदाधिकारी के साथ जिलाध्यक्ष ने तिलक पुस्तकालय में की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बुधवार को पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में नवनियुक्त जिला पदाधिकारी की बैठक जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में सुबह 10 बजे आयोजित की गई। बैठक में परिचय सत्र के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष के साथ अपना परिचय साझा किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले भर में हर हाल में संगठनात्मक सशक्तिकरण के कार्य सभी पदाधिकारियों को सम्पादित करना है। जिम्मेवारी का निर्वहन में जिला उपाध्यक्षों को एआईसीसी एवं



प्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदत्त सभी कार्यक्रम को सफल बनाना है, विधान सभावार एवं प्रखण्डवार आंदोलन और संगठनात्मक कार्यक्रम को सफल बनाना है। सभी जिला सचिव को जल्द ही मण्डल स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेवारी सौंप दी जाएगी, जिसके तहत पंचायत कमिटी, बुथ स्तर पर कमिटी को सशक्त बनाना है। उपरोक्त सभी पदाधिकारी को प्रखण्ड, मण्डल, पंचायत, बुथ स्तर पर नये लोगों को जोड़कर सदस्य बनाएंगे, साथ ही प्रशिक्षण प्रदान करने की जिम्मेवारी होगी, पंचायत स्तर पर प्रभारी के रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता को जिम्मेदारी सौंपें। सभी जिला पदाधिकारीगण वर्तमान जन विरोधी केंद्र सरकार के विरुद्ध जोरदार ढंग से आंदोलन में आगे आए, सभी पदाधिकारी चौक चौराहे, हाट बाजार में नुक्कड सभा का आयोजन करें। तत्काल प्रभाव से सभी पदाधिकारी अपने घर पर कांग्रेस पार्टी का झण्डा लगाए तथा नेमप्लेट लगाए। पदाधिकारीगण आम जनता के समस्याओं का समाधान करें। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही विभागवार पदाधिकारियों की बैठक आयोजित कर जिम्मेदारी को प्रदान किया जाएगा। कार्यकारीअध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर ने कहा कि सभी कांग्रेसजन मिल जुल कर पार्टी संगठन को मजबूत किया जाएगा। नव नियुक्त पदाधिकारी की प्रथम बैठक में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव खगेनचन्द्र महतो, प्रभात रंजन श्रीवास्तव, आदि शामिल हुए।

## बोड़ाम में पंचायत समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** बुधवार को बोड़ाम प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख ललिता सिंह की अध्यक्षता में पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मौके पर उप प्रमुख संतोषी महतो, प्रखंड विकास पदाधिकारी नाजिया आफरोज, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी-सह-सहकारिता पदाधिकारी बिजेंद्र कुमार समेत कई विभागों के पदाधिकारी व कर्मचारी एवं सभी पंचायत समिति सदस्य व मुखियागण मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। आपूर्ति विभाग के प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा अपने विभाग से संबंधित विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। पंचायत समिति से योजना प्रारंभ करने का समिति सदस्यों को विस्तार पूर्वक बताया गया साथ में योजना पूर्ण करने का विचार विमर्श किया गया।

## संपादकीय

## शर्मसार वे कर रहे हैं...

**यकीनन** पीटी उषा 1970-80 के दशक की महान धाविका थीं। उनकी तुलना भारत के ही महान 'उडन सिख' मिल्खा सिंह से की जाती थी। दोनों में साम्य यह रहा कि वे पलक झपकने की देरी से ओलंपिक पदक चूक गए थे, लेकिन वे फिर भी महान खिलाड़ी रहे। एशिया, राष्ट्रमंडल स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में उन्होंने मिसाल कायम की और भारत के लिए सम्माननीय पदक भी हासिल किए। मिल्खा सिंह आज दिवंगत हैं, जबकि पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद हैं। सिर्फ एक ही बयान अथवा सोच के आधार पर उन्हें सोशल मीडिया और अखबारों में ट्रोल किया जा रहा है। आलोचनाएं की जा रही हैं। लानत-मलानत तक की नौबत आ गई है। पीटी उषा का यह अपमान भी स्वीकार्य नहीं है। एक किस्म का अन्याय है। अलबत्ता इस बार भी वह चूक गईं। इस बार लक्ष्य दौड़ का नहीं था, बल्कि खिलाडियों के प्रति संवेदनशीलता और विनम्र व्यापकता का था। उषा वरिष्ठ, पद में बड़ी और अनुभव में विराट हैं, लिहाजा वह धरने पर बैठे पदकवीर पहलवानों से मिलने जा सकती थीं। उनके साथ फुटपाथ पर बैठकर विमर्श कर सकती थीं और सिर पर दिलासा, समर्थन का हाथ रख सकती थीं। जो राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक सप्ताह से पड़े हुए हैं। वहीं सोते-जागते, खाते-पीते और अपना अभ्यास भी कर रहे हैं। कमोबेश उषा को उन्हें 'अनुशासनहीन' करार नहीं देना चाहिए था। जो महिला पहलवान अपनी इज्जत के लिए इंसाफ मांग रही हैं, वे देश को शर्मसार नहीं कर रहीं। उन्होंने तो अंतरराष्ट्रीय फलक पर 'तिरंगे' को गौरवान्वित किया है। खेल और भारत की छवि पर कीचड़ वे मथ रहे हैं, जिन पर नाबालिग पहलवान के यौन-उत्पीडन का बेहद गंभीर आरोप है। देश की व्यवस्था को शर्मसार वे कर रहे हैं, जिन्होंने 'पॉक्सो कानून' के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बावजूद आरोपितों को गिरफ्तार नहीं किया है। कानून में स्पष्ट प्रावधान है कि ऐसे 'दरिन्दे' की 100 फीसदी गिरफ्तारी तय की जानी चाहिए। चूंकि मुख्य आरोपित बाहुबली है, अपराधी है और भाजपा का विजयी सांसद है, लिहाजा कानून की भी खिल्ली उड़ाई जा रही है। देश और उसकी लोकतांत्रिक, संवैधानिक आत्मा को शर्मसार वे कर रहे हैं, जो रात में धरना-स्थल की बत्ती गुल कर रहे हैं, जिन्होंने पेयजल और दूसरे पानी के टैंकर वहां से हटा लिए हैं, जिन्होंने सार्वजनिक शौचालय की सुविधा भी छीनने की साजिश की है। पुलिस भी मानसिक अत्याचार करने पर तुली है। शर्मनाक है कि जिन पदकवीर खिलाडियों के लिए हमने पलक-पांवड़े बिछाए थे, उन्हीं के लिए प्रधानमंत्री समेत सरकार और पीटी उषा सरीखे पदेन चेहरे 'संवेदनहीन' हो गए हैं। आखिर कुछ महान खिलाडियों की चेतना ने बाध्य किया है कि धरना दे रहे पदकवीर पहलवानों का समर्थन करें। इनमें सबसे बड़ा नाम टोक्यो ओलंपिक के एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता, भारतीय भाला-फेंक खिलाड़ी, नीरज चोपड़ा का है। कपिलदेव, भुटिया, अभिनव बिन्द्रा, हरभजन सिंह, वीरेन्द्र सहवाग, मनु भाकर, सानिया मिजरा, निक़हत जरीन आदि विश्व विख्यात खिलाडियों ने पहलवानों के विरोध-प्रदर्शन को समर्थन दिया है। राजनेताओं की अपनी भूमिका है।

> मिल्खा सिंह आज दिवंगत हैं, जबकि पीटी उषा भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद हैं। सिर्फ एक ही बयान अथवा सोच के आधार पर उन्हें सोलश मीडिया और अखबारों में ट्रोल किया जा रहा है। आलोचनाएं की जा रही हैं। ल ानत-लमानत तक की नौबत आ गई है। पीटी उषा का यह अपमान भी स्वीकार्य नहीं है। एक किस्म का अन्याय है। अलबत्ता इस बार भी वह चूक गईं। इस बार लक्ष्य दौड़ का नहीं था, बल्कि लिखाडियों के प्रति संवेदनशीलता और विनम्र व्यापकता का था। उषा वरिष्ठ, पद में बड़ी और अनुभव में विराट हैं, लहिाजा वह धरने पर बैठे पदकवीर पलहवानों से लिमने जा सकती थीं। उनके साथ फुटपाथ पर बैठकर विमर्श कर सकती थीं और सिर पर लिदासा, समर्थन का हाथ रख सकती थीं। जो राजधानी दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक सप्ताह से पड़े हुए हैं।

## कुछ अलग

## युवा कुंठा के ताले खोलें

**हिमाचल** की प्राथमिकताओं में सियासी पंजे हमेशा अल्पाविधि के जीत बिंदुओं पर दबाव बनाते रहे हैं, नतीजतन सामाजिक, आर्थिक असंतुलन के कई रिसाव पैदा होते गए। विडंबना यह भी कि समाजशास्त्री और न ही अर्थशास्त्री एक सीमा के बाहर यह नहीं सोच पाए कि प्रदेश के भविष्य में युवा शक्ति का आरोहण किस दिशा में मोड़ा जाए। प्रदेश की प्राथमिकताओं का चुनावी धुरवीकरण भी कुछ इस तरह हुआ कि हर बार वही पूजे गए जो सत्ता के नजदीक देखे गए। सत्ता के नजदीक बेरोजगार युवा नहीं, बल्कि सरकारी नौकरी में रहे लोग ही आजमाए जा रहे हैं। बजट के आबंटन में प्रदेश की सूरत केवल सरकारी इमारतों के ऊपर पताका फहराती हुई मिलेगी या चौबीस घंटे सरकारों की मंत्रणा में वही नौकरीपेशा लोग अग्रणी हैं, जो हमेशा रूठे रहने की मुद्रा में प्रदेश की नीतियों को बरगला सकते हैं। ऐसे में किसी भी सरकार के सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी आक्रोश को तो कद और औकात से कहीं अधिक शांत करने की कोशिश की गई मगर, हर घर में बैठे बेरोजगार युवा के आक्रोश को निरंतरता से नहीं समझा। यही युवा किसी विभ्रम में फंसाया जाता है और सरकारी नियुक्तियों से बहकाया जाता है, लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद न तो इस तरह सभी को खुश किया जा सकता है और न ही इनकी कुंठाओं के ताले खोले जाने का कभी कोई विकल्प तैयार होता है। युवाओं में आक्रोश की वजह सरकार की नीतियां नहीं, बल्कि समाज की दृष्टि भी है। हमारी शिक्षा की प्रणाली और मात्रात्मक शिक्षा की तरफदारी भी युवाओं को ऐसे मोड़ पर ले आई है, जहां अपनी ही काबिलीयत के बलबूते प्रतिस्पर्धा के कठिन रास्ते चुनने से युवा कतराने लगा है। जरा सोचिए युवा कब और कहां और किस तरह के व्यवहार में संलिप्त मिल रहा है। जिंदगी के पथ को आसान करने की सियासी भाषा हमेशा से फरेबी रही और जिसने गांव में स्कूल तो दे दिया, लेकिन खेत से कितने हाथ छीन लिए, कोई नहीं जानता। डिग्रियों के बाजारों में युवाओं का मुजरा करवाने वालों ने यह नहीं सोचा कि कल यही बच्चे जब सपनों के आकाश से नीचे गिर कर खजूर पर लटकेंगे, तो उनकी चीख कौन सुनेगा। ऐसी कई राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के तहत नौकरियों का उत्कृष्ट माहौल खड़ा है, लेकिन प्रदेश में उन्हें प्रेरित कौन करेगा। सरकार को हर राष्ट्रीय परीक्षा के केंद्र हिमाचल में भी खुलवाने होंगे। मौटे तौर पर सोलन, धर्मशाला, मंडी और हमीरपुर में राज्य स्तरीय परीक्षा केंद्रों की अधोसंरचना विकसित करनी चाहिए। इसके लिए बागबानी विश्वविद्यालय, स्कूल शिक्षा बोर्ड, मंडी यूनिवर्सिटी तथा तकनीकी विश्वविद्यालय के परिसरों में ऐसी अधोसंरचना विकसित की जा सकती है। आज प्रदेश में युवाओं का एक वर्ग नशे की गिरफ्त में क्यों जा रहा है, यह सोचना होगा। इसके लिए शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, समाज और ग्रामीण रहन सहन की पृष्ठभूमि को प्रभावशाली बनाने की जरूरत है। युवाओं के व्यवहार में आ रही विकृतियों में अलग तरह के निराशावाद को चिन्हित करते हुए, कम से कम सरकारी स्तर पर नई प्राथमिकताओं का इजहार करते हुए, प्रदेश की प्राथमिकताओं में उन्हें हर स्तर पर चिन्हित करना होगा।

> सत्ता के नजदीक बेरोजगार युवा नहीं, बल्कि सरकारी नौकरी में रहे लोग ही आजमाए जा रहे हैं। बजट के आबंटन में प्रदेश की सूरत केवल सरकारी इमारतों के ऊपर पताका फहराती हुई मिलेगी या चौबीस घंटे सरकारों की मंत्रणा में वही नौकरीपेशा लोग अग्रणी हैं, जो हमेशा रूठे रहने की मुद्रा में प्रदेश की नीतियों को बरगला सकते हैं। ऐसे में किसी भी सरकार के सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी आक्रोश को तो कद और औकात से कहीं अधिक शांत करने की कोशिश की गई मगर, हर घर में बैठे बेरोजगार युवा के आक्रोश को निरंतरता से नहीं समझा। यही युवा किसी विभ्रम में फंसाया जाता है और सरकारी नियुक्तियों से बहकाया जाता है, लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद न तो इस तरह सभी को खुश किया जा सकता है और न ही इनकी कुंठाओं के ताले खोले जाने का कभी कोई विकल्प तैयार होता है।

### भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना एक वरदान की तरह दिखाई दे रही

# मजबूत डिजिटल ढांचे की अहमियत

डा. जयंती लाल भंडारी

> अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित वर्किंग पेपर ' स्टैकिंग अप द बेनेफिट्स लेसन्स फ्रॉम इंडियाज डिजिलट जर्नी ' में कहा गया है कि डिजिलटीकरण ने भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में मदद की है और आधार ने लीकेज को कम करते हुए ल ाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष ल ाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर डीबीटी) में मदद की है। साथ ही मार्च 2021 तक डिजिलट बुनियादी ढांचे और अन्य डिजिलट सुधारों के कारण व्यय में जीडीपी का ल गभग 1.1 फीसदी बचाया गया है। गौरलतब है कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की सराहना दुनिया भर में की जा रही है।

**इन** दिनों देश और दुनिया के विभिन्न प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में डिजिटलीकरण से आर्थिक कल्याण और अर्थव्यवस्था के विकास का नया दौर दिखाई दे रहा है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित वर्किंग पेपर 'स्टैकिंग अप द बेनेफिट्स लेसन्स फ्रॉम इंडियाज डिजिटल जर्नी' में कहा गया है कि डिजिटलीकरण ने भारत की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने में मदद की है और आधार ने लीकेज को कम करते हुए लाभार्थियों को भुगतान के प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर डीबीटी) में मदद की है। साथ ही मार्च 2021 तक डिजिटल बुनियादी ढांचे और अन्य डिजिटल सुधारों के कारण व्यय में जीडीपी का लगभग 1.1 फीसदी बचाया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की सराहना दुनिया भर में की जा रही है। इस समय देश में करीब 47.8 करोड़ से अधिक जनधन खातों, (जे) करीब 134 करोड़ से अधिक आधार कार्ड (ए) और 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम) के तीन आयामी जैम से आम आदमी डिजिटल दुनिया से जुड़ गया है। भारत में वर्ष 2014 से लागू की गई डीबीटी योजना एक वरदान की तरह दिखाई दे रही है। निश्चित रूप से डिजिटल समानता से समाज के सभी वर्गों की पहुंच डिजिटल प्रौद्योगिकी की ओर बढ़ गई है। भारत में डीबीटी से कल्याणकारी योजनाओं के जरिए महिलाओं, बुजुर्गों और किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को अकल्पनीय फायदा हो रहा है। उल्लेखनीय है कि 3 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीबीआई के डायमंड जुबली समारोह में कहा कि सरकार ने वर्ष 2014 से लेकर अब तक डीबीटी के जरिए करीब 27 लाख करोड़ रुपए से अधिक राशि सीधे लाभान्वितों के बैंक खातों तक पहुंचाई गई है। केंद्र सरकार के द्वारा गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के करोड़ों लोगों के बैंक खातों में डीबीटी से सीधे सब्सिडी जमा कराए जाने से करीब सवा दो लाख करोड़ रुपए बिचौलियों के हाथों में जाने से बचाए गए हैं। निसंदेह भारत ने पिछले एक दशक में मजबूत डिजिटल ढांचे से डिजिटलीकरण में एक लंबा सफर तय कर लिया है। सरकारी योजनाओं के तहत बिचौलियों के भ्रष्टाचार को रोकने, काम के भौतिक रूपों व सरकारी कार्यालयों में लंबी कतारों से राहत और घरों में आराम से मोबाइल स्क्रीन पर कुछ क्लिक



करके विभिन्न सेवाओं, सुविधाओं और मनोरंजन की सहज उपलब्ध सुविधाएं हैं। ज्ञातव्य है कि जहां केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की 450 से अधिक सरकारी योजनाओं का फायदा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचाने में बड़ी कामयाबी मिली है, वहीं लोगों की सुविधाएं बढ़ी हैं। देश में सौ से अधिक सरकारी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। पहले बैंक, गैस, स्कूल, टोल, राशन हर जगह कतारें होती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। सरकारी दफ्तर आपकी मुठ्ठियों में रखें मोबाइल तक पहुंच गए हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि छोटे उद्योग, कारोबार के लिए सरल ऋण और रोजगार सृजन हेतु अप्रैल 2015 को डिजिटल रूप से लागू प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत मार्च 2023 तक 40.82 करोड़ लोन खातों में 23.2 लाख करोड़ रुपए पहुंचाए गए हैं। इसी तरह अटल पेंशन योजना, भारत बिल भुगतान प्रणाली, राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, स्टैंड अप इंडिया और तत्काल भुगतान सेवा, डिजिटल आयुष्मान भारत मिशन से भी समाज के करोड़ों लोग लाभांवित हो रहे हैं। डिजिटल पैमेंट के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में शामिल है और भारत में अमरीका, यूके और जर्मनी जैसे बड़े देशों को पीछे कर दिया है। ये सब सेवाएं भारत में डिजिटल गवर्नेंस के एक नए युग की प्रतीक हैं। इतना ही नहीं किसानों के समावेशी विकास में भी डीबीटी की अहम भूमिका है। एक जनवरी 2023 से डिजिटल राशन प्रणाली से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाय) के तहत 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को हर महीने खाद्यान्न निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक 27 फरवरी 2023 तक किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 किस्तों में 11 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में डीबीटी से सीधे करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हस्तांतरित किए जा चुके हैं। यह अभियान दुनिया के लिए मिसाल बन गया है और इससे छोटे किसानों का वित्तीय सशक्तिकरण हो रहा है। वस्तुतः देश में बढ़ते हुए डिजिटलीकरण ने रोजगार के नए डिजिटल अवसर भी पैदा किए हैं। कोरोना की चुनौतियों के बीच भारत के आईटी सेक्टर के द्वारा समय पर दी गई गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से वैश्विक उद्योग, कारोबार इकाइयों का भारत की आईटी कंपनियों पर भरोसा बढ़ा है। डिजिटल इकोनॉमी के तहत कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, ट्रांजेक्शन, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, हॉस्पिटेलिटी आदि क्षेत्रों में रोजगार और स्वरोजगार के चमकीले मौके बढ़ते जा रहे हैं। ये मौके भारत की नई पीढ़ी के लिए देश ही नहीं दुनियाभर में विस्तारित हो रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीच्यूट के द्वारा वैश्विक रोजगार रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में डिजिटल ढांचे की मजबूती के कारण अर्थव्यवस्था में वर्ष 2025 तक डिजिटलीकरण से करीब 2 करोड़ से अधिक नई नौकरियां निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। यह भी महत्त्वपूर्ण है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने देश में डिजिटल रुपए के नए दौर की जिस तरह शुरुआत की है, यह आने वाले दिनों में गेमचेंजर साबित हो सकती है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि देश में विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों पर एक अरब से अधिक लोगों के डेटा को सुरक्षित बनाए रखने के लिए साइबर स्वच्छता केंद्र (सीएके) अहम भूमिका निभा रहा है। लेकिन मजबूत डिजिटल ढांचे की विभिन्न उपयोगिताओं के बावजूद इस समय देश में डिजिटलीकरण के तहत स्टार्टअप, डिजिटल शिक्षा, डिजिटल बैंकिंग, भुगतान समाधान, स्वास्थ्य तकनीक, एग्रीटेक आदि की डगर पर जो बाधाएं और चुनौतियां दिखाई दे रही हैं, उनके समाधान हेतु तत्परतापूर्वक कदम उठाए जाने जरूरी हैं। हम उम्मीद करें कि सरकार आईएमएफ के वर्किंग पेपर के मद्देनजर देश के मजबूत डिजिटल ढांचे को ध्यान में रखते हुए जहां और अधिक सेवाओं को डिजिटलीकरण की छतरी में लाएगी, वहीं दुनिया के जरूरतमंद देशों को भी डिजिटल ढांचे से लाभांवित करेगी।

# गैर-भाजपाई दलों के सरपरस्तों का सवालिया विलाप

> सत्ता से वंचित कांग्रेस के 'पप्पू' को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए ऐसा 'सफेद झूठ' फैलाने का काला धंधा करने की ठेकेदारी चलाने वाले बुद्धिबाजों का सूत्र-संचालन उन सेक्युलरिष्ट-कम्युनिष्ट-कॉमरेडों के शातिर दिमाग से होता है, जिन्हें 'लित को ताड बनाने' से ले कर 'बाल की खाल नोचने' तक एवं 'किसी झूठ को हजार-हजार मुखों से बोलवा कर उसे सच बना देने' की बकवादी जुगाली करते रहने तक की महारत हालिस है । ये वो दिमाग हैं, जो कहीं के शब्द, कहीं के वाक्य, कहीं के विन्यास, कहीं के संदर्भ आदि को तोड-मरोड कर अपने लक्षित कथ्य-कथानक, पात्र व तथ्य के साथ जोड-मोड कर न केलव एक से एक कहानी-कविता-गीत-पहेली रच-गढ लेते हैं, बल्कि उन कहानियों की धूर्त-रचनाओं का शास्त्र भी निर्मित कर लेते हैं । भाजपा-मोदी-सरकार से प्रश्न पुछने पर प्रश्नकर्त्ता को देश-द्रोही घोषित कर दिए जाने का जो थोथा राग अलापा जा रहा है, इसकी सच्चाई भी यही है ।

**केन्द्र** की सत्तासीन भाजपा-सरकार के विरुद्ध 'चुनाव-हराऊ वातावरण' तैयार करने के लिए देश भर में सत्तालोलुप कांग्रेस-कम्युनिष्ट-सेक्युलरिष्ट दलों के नेताओं और उनके चापलूस बुद्धिबाजों का महकमा अपनी धूर्ततापूर्ण बातों से जनमत को बरगलाने में लगा हुआ है । यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि भाजपा-मोदी के शासन में सरकार से प्रश्न पुछना मना है अथवा प्रश्न पुछने पर भाजपा-नेताओं-कार्यकर्ताओं-समर्थकों और उसकी सरकार के प्रधानमंत्री या मंत्रियों द्वारा प्रश्न-कर्त्ता को देशद्रोही या गद्दार घोषित-आरोपित कर दिया जाता रहा है । सत्ता से वंचित कांग्रेस के 'पप्पू' को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए ऐसा 'सफेद झूठ' फैलाने का काला धंधा करने की ठेकेदारी चलाने वाले बुद्धिबाजों का सूत्र-संचालन उन सेक्युलरिष्ट-कम्युनिष्ट-कॉमरेडों के शातिर दिमाग से होता है, जिन्हें 'तिल को ताड बनाने' से ले कर 'बाल की खाल नोचने' तक एवं 'किसी झूठ को हजार-हजार मुखों से बोलवा कर उसे सच बना देने' की बकवादी जुगाली करते रहने तक की महारत हासिल है । ये वो दिमाग हैं, जो कहीं के शब्द, कहीं के वाक्य, कहीं के विन्यास, कहीं के संदर्भ आदि को तोड-मरोड कर अपने लक्षित कथ्य-कथानक, पात्र व तथ्य के साथ जोड-मोड कर न केवल एक से एक कहानी-कविता-गीत-पहेली रच-गढ लेते हैं, बल्कि उन कहानियों की धूर्त्त-रचनाओं का शास्त्र भी निर्मित कर लेते हैं । भाजपा-मोदी-सरकार से प्रश्न पुछने पर प्रश्नकर्त्ता को देश-द्रोही घोषित कर दिए जाने का जो थोथा राग अलापा जा रहा है, इसकी सच्चाई भी यही है । मालूम हो कि यह थोथा राग तब से शुरु हुआ है , जब से जम्मू-कश्मीर के पुलवामा आतंकी विस्फोट मामले में मोदी सरकार के निर्देशानुसार भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को सबक सिखाने के बावत उसकी सीमा के भीतर जा कर आतंकी ठिकानों पर हमला किये जाने के बाद जनता स्वतः मोदी के सीने को छप्पन इंच से भी ज्यादा मापने लगी और मोदी की बढती लोकप्रियता से जल-भुन कर कांग्रेस-अध्यक्ष और उसके दरबारी कांग्रेसी कारिन्दे सेना के उस पराक्रम का सबूत मांगने लगे, तो पूरा देश उन्हें स्वाभाविक ही देशद्रोही कहने लगा । अपने ही देश की सेना को जलील करना तथा उसके पराक्रम को कठघरे में खडा करना और शत्रु-देश का पक्ष-पोषण करना वास्तव में देश-द्रोह के समान ही है और इसी कारण देश के प्रति निष्ठावान जनता के बीच से उन्हें देश-द्रोही करार दिया जाने लगा, तो इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता । किन्तु भाजपा-मोदी-सरकार की हर नीति-कार्रवाई व कार्य-पद्धति का निराधार ही विरोध करते रहने वाली कांग्रेसी-कम्युनिष्ट-सेक्युलरिष्ट जमात अपनी इस विरोधवादी नीति के बहाव में बह कर देश की सुरक्षा-सम्प्रभुता व सेना की राष्ट्रीय निष्ठा का भी विरोध करने में जुट जाने के बाद इसके औचित्य-अनौचित्य पर बहस-विमर्श करने के बजाय इसे न केवल उचित ठहराने, बल्कि इसे मोदी-विरोध के एक नये हथियार में तब्दील करने की कोशिश करती रही और यह कहते हुए लोगों को भडकाती रही कि सरकार से सवाल पुछना तो देश-द्रोह माना जा रहा है । यहां उल्लेखनीय है कि भाजपा-मोदी-सरकार की ओर से ऐसा न कभी माना गया है , न कहा गया है ; बल्कि विरोधवादियों के देश-विरोधी रवैये के कारण जनता के बीच से यह संवाद मुखरित हुआ कि सेना को कठघरे में खडा करने वाले विपक्षी नेतागण देशद्रोही हैं । अब इस जन-संवाद के शब्दों को इधर से उधर हेर-फेर कर जनमत बदल डालने या यों कहिए कि 'पप्पू को पास कराने' के निमित्त कांग्रेस के रणनीतिकारों अर्थात सेक्युलरिष्ट-कम्युनिष्ट-कॉमरेडों ने एक नई युक्ति से युक्त नायाब उक्ति का ईजाद कर उछाल दिया कि "भाजपा-मोदी-सरकार से सवाल पुछना देश-द्रोह है" । इस कुटिल युक्तिपूर्ण उक्ति से भाजपा-मोदी विरोधी रणनीतिकार दरअसल जनता को यह समझाना चाह रहे हैं कि भाजपा-मोदी-सरकार तानाशाह की तरह काम कर रही है, किसी को कुछ पुछने से रोक रही है और सवाल पुछने पर देशद्रोही घोषित कर पुछने वाले को प्रताडित कर रही है या कर सकती है । पुलवामा हमले के प्रतिकारस्वरुप सेना द्वारा की गई कार्रवाई के सबूत की अपनी मांग को कांग्रेसी रणनीतिकारों ने उलजुलूल सवालों के जवाब की मांग में तब्दील कर स्वयं के देशद्रोही आचरण को देश-भक्ति का आवरण देने और जन-समर्थन बटोरने का टोटका बना दिया । अब सवाल यह उठता है कि कथित रुप से देश-द्रोही या गद्दार कहे जाने का जोखिम उठा कर भी देश की तथाकथित भलाई के लिए सवाल पुछने वाले इन वीर-बहादुरों के सवाल आखिर क्या हैं ? सच तो यह है कि इनके पास भाजपा-मोदी-सरकार से पुछने योग्य कोई सवाल ही नहीं है , क्योंकि आज हमारे देश में जितने भी सवाल मुंह बाय खडे हैं , उन सबके जनक-पालक-पोषक ये ही लोग हैं । गरीबी का सवाल हो या बेरोजगारी का, भ्रष्टाचार का सवाल हो या काले धन का, राष्ट्रीय सीमा सुरक्षा का सवाल हो या बांग्लादेसियों-रोहिंग्याओं की घुसपैठ का सवाल , कश्मीरी अलगाववादी आतंकवाद का सवाल हो या झारखण्डी-छत्तीसगढी नक्सली उत्पात का सवाल , धारा ७० का निरस्त हो चुका मामला हो या रामजन्मभूमि का सुलझ चुका मसला; ये सब के सब तो कांग्रेस और उसके सहयोगियों की ही देन हैं । अतएव इन सारे सवालों-ममलों-मसलों के जवाब तो इन्हें ही देने होंगे । इतना ही नहीं, जातीय आरक्षण व साम्प्रदायिक तुष्टिकरण के राजनीतिक रंग और इसकी वजह से उत्पन्न बहुविध सवालों के लिए भी ये ही लोग जिम्मेवार हैं । कदाचित , ये लोग अपनी इस जिम्मेवारी को समझते भी हैं, इसी कारण इससे बचने के लिए भी ये लोग इन सवालों को सुलझाने का आश्वासन दे कर सत्तासीन हुए भाजपा-मोदी से अपने भाडे के टट्टुओं द्वारा इन सवालों के जवाब की मांग करवाते रहे हैं और यह प्रचारित करवाते रहे हैं कि सवाल पुछना देश-द्रोह माना जा रहा है । ये ऐसे धूर्त्तमीजाज राजनीतिबाज लोग हैं कि कायदे से कोई सवाल पूछ भी नहीं रहे हैं, पुछेंगे ही नहीं ; क्योंकि पुछेंगे तो स्वयं भी फंसेंगे और जिस 'पप्पू' को पास कराने के लिए सवाल पुछते हैं वो उन्हीं सवालों के बीच फंसता जाएगा, इस सत्य को वे जानते हैं ; इस कारण बिकाऊ बुद्धिबाजों की विविध गतिविधियों से यह प्रचारित करवा रहे हैं कि सवाल पुछने पर भाजपा-मोदी-सरकार द्वारा पुछने वाले को देशद्रोही माना जा रहा है । ये लोग सवाल पुछें तो सही ! पुछेंगे तो इन्हें भाजपा-मोदी की 'अतिसहिष्णु-सरकार' भले ही न कुछ कहे, न कुछ करे ; किन्तु जनता इन्हें उसी तरह करारा जवाब दे देगी , जिस तरह भारतीय सेना से उसके पराक्रम का सबूत मांगने पर 'देशद्रोही' कह कर दे चुकी है । क्योंकि, शोसल मीडिया की कृपा से जनता अब सब जानने-समझने लगी है ।

## देश दुनीया से

## फेक का एनकाउंटर

**मेरी** प्रतिभा का पहली बार पुलिस ने संज्ञान लिया और मेरे भीतर के एक्टर को काम पर लगा दिया गया। दरअसल पुलिस एनकाउंटर में मारे गए एक अपराधी व्यक्ति के बाबत जो जांच चल रही थी, उसमें सत्यता के दृश्य को पुनः स्थापित किया जा रहा था। मुझे अपराधी की भूमिका के लिए एकदम उपयुक्त पाया गया था। बाल की खाल निकालने वाली कानून व्यवस्था के तहत पुलिस को मेरी खाल से ही पता लगाना था कि देश के लिए एनकाउंटर में मरना कितना वास्तविक या फेक हो सकता है। आम लोगों की तरह मैं भारत का एक्टर और लोकतंत्र का सजग प्रहरी बना, उस समय देश की आंखों का तारा भी बन गया। मैं एक दृश्य बना पुलिस की निगरानी में था। देश के न्याय का सारा दारोमदार मेरे कंधों पर था। वहां देश की आजादी भी घूंघट काढ़े मुझे देखकर मंद-मंद मुस्करा रही थी। मेरा एक्ट देखने के लिए खास तौर पर आजादी के बाद हुए सभी दंगों के एक्सपर्ट और मूकदर्शक भी बुलाए गए थे ताकि इस खेल में कोई अनहोनी न हो। मुझसे बाकायदा यह पूछा गया कि किस मॉडल पर एक्टिंग करना पसंद करोगे। मेरे सामने प. बंगाल, बिहार, यूपी, गुजरात और महाराष्ट्र तक के मॉडल रखे थे, लेकिन मैंने भरोसा दिलाया कि बचपन से हमारे जैसे लोग अपने ही मॉडल पर एक्टिंग करते-करते यह सीख गए हैं कि एक कानून व्यवस्था ही है जो हमें कलाकार बना रही है। हम भारतीय यूंही कला प्रेमी नहीं बने, बल्कि देश के हालात, कानून व्यवस्था के हालचाल और राजनीति की हर चाल ने कुछ किया या न किया हो, हमें अव्वल दर्जे का एक्टर जरूर बना दिया। हम अपने ही मर्डर को छुपा कर भगवान तक को धोखा दे सकते हैं। अब तो न्यायालय में भी हम अपनी कला या वहां मौजूद कलाकारों के दम पर कानून तक से एक्टिंग समझ लेते हैं। बहरहाल मैं पुलिस की सृजनशीलता में अपराध का सीन बना देश को विश्वास दिला रहा था, 'मेरे कारण क्राइम फाइल पर चढ़ी धूल उड़ जाएगी। सारे संदेहों की परतें उतर जाएंगी और जो लोग हमेशा पुलिस या कानून प्रणाली पर अंगुली उठाते हैं, उनके भ्रम टूट जाएंगे।' आम नागरिकों से निकला मेरा वजूद वहां बिल्कुल अपराध दृश्य बना नजर आ रहा था। मेरी ईमानदारी ने यह साबित करना था कि पुलिस की गोली कभी फेक एनकाउंटर नहीं कर सकती। पहली बार मुझे लगा कि कानून की दृष्टि में मैं एक वजह, प्रासंगिक चरित्र और ईमानदारी का सबूत हूं। मेरे जैसे आम भारतीयों की प्रासंगिकता भी यही है कि हम न तो पुलिस की फाइल और न ही कानून की दुहाई पर कभी कीचड़ उछालते हैं। मैं पुलिस को आरोपों से और देश को पुलिस के शर्मसार व्यवहार से बचा सकता था। घूंघट काढ़े आजादी और मोटे काले चश्मे के भीतर देश के सामने 'क्राइम रिक्रिएशन' की रिहर्सल हो रही थी, लेकिन मैं अपने नाटक में पुलिस की टाइमिंग नहीं समझ पा रहा था। पुलिस और कानून की टाइमिंग अगर ठीक से साध लेता तो फेक एनकाउंटर भी असली लगता। अंततः फैसला लिया गया कि मेरे जैसे कलाकार अपराधी को वास्तविक एनकाउंटर में ही परखा जाए। वहां मौजूद देश की आजादी ने प्रोत्साहित किया, दंगों के प्रत्यक्षदर्शियों ने शाबाशी दी और राष्ट्रभावना की नारेबाजी ने माहौल ऐसा बनाया कि देखते ही देखते पुलिस की एक गोली मेरे सीने के आरपार हो गई। यह देखते ही कानून व्यवस्था ने पुलिस को बधाई दी। देशभक्तों ने आजादी के साथ मेरी लाश देखकर देश को सुरक्षित मान लिया। यह सब खामोशी से देखते मीडिया ने तुरंत अपनी लंबी जीभ बाहर निकाली और घटनास्थल पर बह रहे खून को चाटना शुरू कर दिया।

> बाल की खाल निकालने वाली कानून व्यवस्था के तहत पुलसि को मेरी खाल से ही पता लगाना था कि देश के लिए एनकाउंटर में मरना कितना वास्तविक या फेक हो सकता है। आम लोगों की तरह मैं भारत का एक्टर और लोकतंत्र का सजग प्रहरी बना, उस समय देश की आंखों का तारा भी बन गया। मैं एक दृश्य बना पुलसि की निगरानी में था। देश के न्याय का सारा दारोमदार मेरे कंधों पर था। वहां देश की आजादी भी घूंघट काढ़े मुझे देखकर मंद-मंद मुस्करा रही थी। मेरा एक्ट देखने के लिए खास तौर पर आजादी के बाद हुए सभी दंगों के एक्सपर्ट और मूकदर्शक भी बुलाए गए थे ताकि इस खेल में कोई अनहोनी न हो। मुझसे बाकायदा यह पूछा गया कि किस मॉलड पर एक्टिंग करना पसंद करोगे। मेरे सामने प. बंगाल, बिहार, यूपी, गुजरात और महाराष्ट्र तक के मॉलड रखे थे, लेकिन मैंने भरोसा लिदाया कि बचपन से हमारे जैसे लोग अपने ही मॉलड पर एक्टिंग करते-करते यह सीख गए हैं कि एक कानून व्यवस्था ही है जो हमें कलाकार बना रही है।

## नागरिक बोध

## धर्म के नाम पर सांप्रदायिक संकीर्णता

**जो** व्यक्ति धर्म की शरण मे आ जाता है। वह बहने डूबने से बच जाता है। समुद्र में कई जहाज चलते है। डगमगाते हुए जहाजों के लिए समुद्र में आधारभूत द्वीप होता है। इसी तरह जो धर्मरूपी महाद्वीप में आकर टिक जाता है, फिर जन्म जरा मरण रूपी तीव्र जल प्रवाह उसका कुछ नही बिगाड़ सकता । सार रूप में यो समझ ले कि धर्म का महत्व असन्दिग्ध है। धर्म का संबल जीवन मे सबसे बड़ा संबल है। धर्म अंतर में शांति और साहस का संचार करता है। धर्म की डगर पर चलने वाला कभी लक्ष्य से नही भटकता। धर्म से सदा उत्स की सौगात मिलती है। धर्म से चंचलता मिलती है।मन और इंद्रियों पर अनुशासन होता है। धर्म व्यक्ति को अपने आप मे जोड़ता है। धर्म संपूर्ण जीवन को संतुलित और संयमित बनाता है। धर्म उच्च आचरण के मार्ग पर प्रशस्त करता है। धर्म स्वभाव की प्रतिस्थापना करता है। धर्म जीवन का अमृत है। धर्म जीवन और जगत का आधार है। धर्म दुर्गति से बचाकर सुगति देता है। स्वभाव से रहने की सुमति धर्म ही प्रदान करता है।कहा तक कहे धर्म की महिमा अवर्णनीय है। धर्म को संसार के सभी मंगलो में सर्वोत्कृष्ट मंगल कहा गया है। जो धर्म से जुड़ा है उसके जीवन मे अशुभ और अमंगल को स्थान नही है। जिसकी धर्म मे श्रद्धा है और जिसके जीवन मे धर्म का आचरण है,वह अंतर बाह्य दृष्टि से कभी दरिद्र नही हो सकता । धर्म कल्पवृक्ष के समान है। अहिंसा संयम और तप से परिपूर्ण धर्म से जुड़ना चाहिए। इस जुड़ाव के बाद जीवन मे किसी भी तरह की क्लेशों की अवस्थिति नही रहेगी। धर्म सुख और शांति का विस्तार करता है। मनुष्य को चाहिए कि वह अप्रमत्त भाव से धर्म को जीवन मे व्यवहार में जिये। जो धर्म साधना से शून्य है। उसके और पशु के जीवन मे किसी तरह का अंतर नही है। धर्म के मर्म को कुछ कम लोग जानते है। यही कारण है कि धर्म के नाम पर बाहरी क्रिया कांडों एवम संप्रदायवाद का पोषण अधिक हो रहा है। इस पोषण से समस्याए बढ़ रही है। सच तो यह है कि समस्याओ का सामाधान सदैव धर्म ने ही किया है। धर्म ने किसी भी धर्म को उलझाया नही है। उलझाने का कार्य तो धर्म के नाम पर चलने वाली विकृतियों और रुग्ण मानसिकता ही करती है। कई लोग धर्म और संप्रदाय को एक मानकर चलते है। किन्तु यह याद रखिये धर्म और मानसिकता एक नही है। इन दोनों में बहुत बड़ा अंतर है धर्म जीवन मे ऊंचाइयां प्रदान करने वाला महत्वपूर्ण तत्व है। धर्म मे प्रविष्ट संप्रदायवाद स्पष्टतः अभिशाप है। धर्म ,धर्म है। वह स्नेह स्वभाव से जीने का संदेश देता है।जो पारस्परिक स्नेह सद्भाव को समाप्त कर दे। वह धर्म नही है। सांप्रदायिक कट्टरताए दुराग्रह को पैदा करती है और दुराग्रह से विषमता विग्रह और अव्यवस्था का जन्म होता है। आज सांप्रदायिक संकीर्णता से मुक्त रहकर विशुद्ध रूप से धर्म की पावन भूमि पर कार्य करने की जरूरत है। इतिहास इस बात का गवाह है कि जब जब भी आदमी के मन में सांप्रदायिक विष पैदा हुआ ।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति व अनुकम्पा समिति की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की बैठक की गई। जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में अनुकंपा समिति के सदस्यों के समक्ष विभिन्न विभागों से जुड़े कुल 11 मामलों को रखा गया। बैठक में उपायुक्त ने प्राप्त सभी आवेदनों को एक-एक कर आवश्यक दस्तावेजों का जांच किया। दस्तावेजों में शामिल आयु प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र समेत अन्य जरूरी कागजातों की गहन जांच कर पर्याप्त कागजातों वाले दो आवेदक जिनका दस्तावेज सही पाया गया है। उन दो आवेदकों को अनुकंपा के आधार पर जल्द नियुक्ति पत्र देने समेत अन्य निर्देश दिए। साथ ही शेष आवेदक जिनके दस्तावेज में कमी पाई गई है उसको पूर्ण करते हुए अगले बैठक में रखने का निर्देश दिया।बताते चले की मयूरहंड प्रखंड के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रोहित कुमार गिरी एवं अंचल टंडवा के मृत्य सरकारी कर्मी के आश्रित पुत्र रौशन कुमार को चतुर्थ वर्ग के लिए अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति का लाभ दिया गया।स्थापना की बैठक में जिले के विभिन्न कार्यालयों में लंबे समय से कार्यरत लिपिक संवर्ग के कर्मियों का पदस्थापन, स्थानांतरण नहीं किया गया है। वैसे लिपिक संवर्ग के कर्मियों को आवश्यकता को देखते हुए नियमानुसार पदस्थापन, स्थानांतरण, प्रतिनियुक्ति शीघ्र करने का निर्देश दिया।बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, स्थापना पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अज्ञात हाइवा के चपेट में आने से मृतक के परिजन को दो लाख मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** असनातरी में अज्ञात हाइवा के चपेट में आने से पति पत्नी की मौत के बाद मिर्तक के परिजन एवं प्रखंड प्रशासन के साथ वार्ता के बाद ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से फिलहाल अंतिम संस्कार के लिए मिर्तक के आश्रितों को दो लाख का आर्थिक मदद दिया गया।कोयला ट्रांसपोर्टिंग छोड़ कर अन्य वाहन का आवागमन प्रारंभ कर दिया गया। परिजनों को ट्रांसपोर्टर के द्वारा उचित मुआवजा राशि मिलने तक हाइवा एवं ट्रक का ट्रांसपोर्ट यथावत बंद रहेगा। स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए चतरा भेजा दिया गया। मौके पर जिप सदस्य सुभाष यादव, मुखिया बिस्वजीत उरांव, प्रमुख रीना कुमारी, बीडीओ रंथु महतो, सीओ विजय दास, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, रंजीत रौशन, समाजसेवी सुभान अंसारी, पुर्व पंचायत समिति सदस्य तिलेश्वर साव,भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, विधायक प्रतिनिधि गणेश प्रसाद साहू, रामू मिंज, मोहन उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति के लिए जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की गई



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्ति हेतु तीन अभ्यर्थियों का आवेदन रखा गया। उपायुक्त ने इन तीनों आवेदकों के आवेदन के जरूरी दस्तावेज का जांच किया। अद्धतन आवासीय प्रमाण पत्र, वैवाहिक स्थिति का शपथ पत्र, आचरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा वांक्षित दस्तावेज प्राप्त हो जाने पर चयन समिति की अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## हेसल बांझी टोला में अंधविश्वास को लेकर दो की हत्या निंदनीय

**चंदवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता और चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे अयुब खान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि चंदवा में कानून व्यवस्था लागातार बिगड़ रही है, इसपर कोई सुधार नहीं हो रहा है। 20 दिनों में तीन हत्याओं से भय और असुरक्षा का माहौल उत्पन्न हो गई है।कानून का डर लोगों मे नही है। कानून का भय खत्म होने का ही नतीजा है। लाधूप पंचायत के हेसल बांझी टोला गांव में अंधविश्वास के कारण दो पति पत्नी की निर्मम हत्या की दुखद घटना हुई जो काफी निंदनीय है।इसके पहले हाका गांव में दलित छात्रा की हत्या कर दी गई थी।आज गांव से लेकर शहर तक कोई सुरक्षित नहीं है। अंधविश्वास को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में समय समय पर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में कमी आ गई है। गिरती हुई कानून व्यवस्था को तत्काल सुधार नहीं किया गया तो स्थिति और बद से बद्तर हो जाएगी। वहीं पुलिस निरीक्षक सह थानेदार अमीत कुमार गुप्ता ने बताया कि बृध दंपति कि निर्मम हत्या काण्ड में 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, केई फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिसिया छापा जारी है। एवं उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा इसके लिए जिला प्रशासन तत्पर है।

# विधायक ने रखी योजनाओं की आधारशिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने प्रखंड अंतर्गत लगभग सात करोड के योजनाओ की आधारशिला रखी। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार जनता के मूलभूत सुविधा स्वास्थ्य, शिक्षा, गांव के अंतिम पायदान पर बसे लोगों तक आवागमन की सुविधा देना सरकार की प्राथमिकता है। हमारी गठबंधन की सरकार हर क्षेत्र में काम कर रही है। वहीं प्रखंड अंतर्गत छिपादोहर बालक आवासीय विद्यालय मे पीसीसी पथ निर्माण, ग्राम मुडू मे स्वास्थ उपकेंद्र पंचायत छेचा मे स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण। पंचायत खुरा मे पीसीसी पथ निर्माण मंगरा से अमडीहा धरधरी नदी पर पुल निर्माण केचकी मे स्वास्थ उपकेंद्र निर्माण का शिलान्यास किया गया। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह दिपू तिवारी समाजिक कार्यकर्ता उमेश प्रसाद, समशुल अंसारी सईद अंसारी ऐनामूल अंसारी अजय चंद्रवंशी रविंद्र राम अजीत कुमार सुरेश यादव संजय यादव तेतर यादव अफरोज अंसारी बलराम सिंह अवधेश मेहरा केचकी मुखिया बुद्धेश्वर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

# इशलहे मुआवशरा कॉन्फ्रेंस में नात से मौजूद हजारों दर्शकों को झुमाया

➲साउथ के शब्बीर बरकाती ने अपने तकरीर से लोगों को मंत्रमुग्ध किया

➲मौलाना चतुर्वेदी ने सभी चारो धर्म ग्रन्थों को बारीकी से बताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के डाड़ी गाँव में मंगलवार शाम को इशलहे मुआवशरा कॉन्फ्रेंस जलसा का आयोजन किया गया है। जिसमें बतौर तकरीर करने वाले साउथ अफ्रीका के जाने माने शब्बीर बरकाती ने अपने तकरीर से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बंगाल से आए नात खां और चतुर्वेदी मौलानाओं ने सभी धर्म के धर्म ग्रन्थों का बारीकी से पढ़ कर पेज और चैप्टर पर व्याख्या किया। जलसे में क्षेत्र के हजारों लोग शामिल थे वहीं सैकड़ो हिन्दू समाज के लोग चतुर्वेदी मौलाना का तकरीर सुनने तथा साउथ अफ्रीका के शब्बीर बरकाती का तकरीर सुनने के लिए बेताब थे। वहीं सुरक्षा को देखते हुए सिमरिया थाना प्रभारी ने सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम में पुलिस फोर्स लगाया था। साथ हीं इंतजामिया कमिटी ने मौजूद लोगों के लिए सभी तरह की सुविधाएं को लेकर ततपर थे। मौके पर क्षेत्र के दर्जनों हाफिज मौलाना व कारी के अलावे हजारों की संख्या में स्रोता व दर्शक शामिल थे।

## मुक्तिधाम में हो रहे शेड व शवदाह के लिए चूल्हा का निर्माण कार्य प्रगति पर



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भस्को मुक्तिधाम पर हो रहे शेड एवं शवदह हेतु चूल्हा का निर्माण कार्य जोडों पर है। जिला केंद्रीय मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारी वहाँ उपस्थित होकर सारी विधि व्यवस्था किए और कहा कि शेड का कार्य ठीक तरीके से किया जा रहा हैं और जल्द ही यह निर्माण का कार्य पूरा हो जाएगा। जिससे कि गर्मी, बरसात आदि समयों में शवदह में कोई परेशानी नहीं आए। कोषाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि यह शेड एवं चुल्हा का निर्माण पूर्व राज्यसभा सांसद श्री महेश पोद्दार जी के फंड से पांच लाख (5,00,000) का राशि आवंटन किया गया था, उसी के तहत यह शेड का निर्माण कराया जा रहा है। अलग से शव रखने हेतु एक चबूतरा एवं शेड अगल बगल के क्षेत्र में फैवर ब्लॉक लगाई जाएगी। मुक्तिधाम में सहयोग करने हेतु कई जगहों पर बारकोड की भी व्यवस्था की गई है। कनीय अभियंता श्याम बिहारी यादव की देखरेख में किया जा रहा है। आज मुक्तिधाम में कार्य हेतु समिति अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता,कोषाध्यक्ष दीपक सर्राफ, खोखन प्रसाद, संग्राम केसरी चौहान, महावीर लोहरा,रवि उरांव, अजय लोहरा, मिस्त्री इम्तियाज खान, मोसिन खान, अताउल अंसारी, नसीम खान आदि शेड के कार्य में लगे हैं।

# मयूरहंड पुलिस ने डुगडुगी बजाकर चिपकाया इस्तेहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा, म्युरहंड :** मयूरहंड पुलिस ने बुधवार को लावालोंग थाना क्षेत्र अंतर्गत सहावन गांव में डुगडुगी बजाकर बृजेश गंजू उर्फ सरदार जी उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता के घर इतिहास चिपकाया है। मालूम हो कि मयूरहंड थाना कांड संख्या 90 /2018 धारा 147/ 148 /149 /341/ 448 /353/ 380/ 350/387 भा. द.वि एवं 17 (i)(ii) सीएलए एक्ट एंड 10/13 यूएपी एक्ट के अंतर्गत सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए ठेकेदार को जान से मार देने की धमकी देते हुए लेवी रंगदारी मांगने से संबंधित मामला दर्ज था। जिसे लेकर मयूरहंड थाना पुलिस ने अभियान चलाकर इश्तेहार चिपकाया है। टीम में पुलिस अवर निरीक्षक अनिरुद्ध कुमार सिंह पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार हवलदार सरोज मिंज आरक्षित दिनेश कुमार रजक शिव शंकर पासवान चालक आरक्षी दिनेश कुमार लावालोंग थाना के पुलिस अवर निरीक्षक रोहित साहू एवं चौकीदार शामिल थे।

# कोल वाहन के चपेट में आने से एक मौत, सड़क जाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सीसीएल के मगध अम्रपाली कोल परियोजना की कालिख ने यमराज रूपी हाइवा से टंडवा रांची मुख्य मार्ग को किया लाल। परियोजना प्रबंधन की लापरवाही से आए दिन अब तक सैकड़ों नही हजारों की परिवारों को उजड़ा घर। शायद इस पर सीसीएल प्रबंधन आज तक एक नजर डाला होता तो ऐसा मंजर देखने को नही मिलता। आसनातरी में बाइक दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत से ग्रामीण जनता है मर्माहत। मृतक के परिजनों ने नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर किया सड़क जाम। सीसीएल प्रबंधन है बेखबर।

# पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय अन्तर्गत सामाहरणालय समेत विभिन्न चौक चौराहों में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन एवं उपायुक्त भोर सिंह यादव के संयुक्त निर्देशन पर जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला भर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहनों के कागजात हेलमेट आदि जांचें गए। नियम तोड़ने वालों के चालान कर समन शुल्क वसूला गया। अभियान देर शाम तक जारी रहा। जिसमें ऑफलाइन 91 गाड़ीयां 1,06,000/-एवं ऑनलाईन 21 गाड़ीयां 53000/-कुल 112 गाडीयां पकड़ी गई एवं 1,59,000/-कि चालान काटी गई।

## शिक्षा और स्वास्थ्य सभी को सुलभ हो : राजेन्द्र बहादुर पाल



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्य के 80 उत्कृष्ट विद्यालयों का ऑनलाईन उद्घाटन आज मंगलवार को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, रांची, झारखण्ड से किया गया। लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों- प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय लोहरदगा, राज्यकीयकृत उत्क्रमित प्लस टू कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय,लोहरदगा और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा,लोहरगा इसमें शामिल हैं। लोहरदगा जिला के प्लस टू नदिया हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में राज्य स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा स्वास्थ्य और शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जो सभी को आसानी से सुलभ होना चाहिए। 90 के दशक के पूर्व सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता बहुत अच्छी थी जो निजी विद्यालयों के खुलने के बाद घटती गई। आज सरकार विद्यालयों और सरकारी अस्पतालों में सुधार कर रही है जो काफी सराहनीय प्रयास है। उत्कृष्ट विद्यालय को उत्कृष्ट बनाने का श्रेय शिक्षकों को जाता है। वहीं छात्र अगर अपने जीवन में कोई सफलता प्राप्त करता है तो खुद की पहचान अपने विद्यालय के माध्यम से बतलाता है। आज सरकार विद्यालयों को बेहतर बनाने के लिए कार्य कर रही है और उसमें सफल हो रही है।जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि लोहरदगा जिला के तीन विद्यालयों को राज्य की सरकार उत्कृष्ट बना रही है, जो जिला वासियों के लिए गौरव की बात है। हम और भी आगे जा सकते हैं। माननीय मुख्यमंत्री को इस प्रयास के लिए धन्यवाद। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बिशुनपर सुखदेव उराँव,जिला परिषद सदस्य किस्को संदीप कुमार,जिला परिषद सदस्य सेन्हा राधा तिर्की,कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कुजरा मेनका प्रजापति और राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोहरदगा की प्रधानाध्यापिका रेश्मा खलखो, एसएमसी के सदस्य और छात्राओं द्वारा इस संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये और राज्य सरकार के इस कदम को मील का पत्थर बताया। वक्ताओं ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न पर सरकारी विद्यालयों में अब पढ़ाई होगी जिससे बच्चों के पढ़ने का तरीका बदलेगा। इन विद्यालयों में आईसीटीसी लैब,स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, खेल का मैदान,व्यावसायिक विषयों की पढ़ाई समेत अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। उत्कृष्ट विद्यालय के अंतर्गत चयनित लोहरदगा जिला के विद्यालयों में कक्षा 6,7,8 एवं 9 में नामांकन के लिए सोमवार से नामांकन फार्म मिलना प्रारंभ हो गया जो दिनांक 15.05.2023 तक मिलेगा। यह फॉर्म निःशुल्क दिया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कुजरा में कक्षा छह में नामांकन होगा जिसके लिए प्रवेश परीक्षा जैक बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा आयोजित की जाएगी। अन्य दोनों विद्यालयों में कक्षा 6-9 तक में नामांकन होगा जिसके लिए प्रवेश परीक्षा का निर्णय जिला स्तरीय समिति द्वारा लिया जाएगा।

# अखिल झारखण्ड बिरसा मुडा कामगार यूनियन ने अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 1 मई दिन सोमवार को अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन के केन्द्रीय कार्यालय माको डाक बंगला स्थान स्थित मजदूर दिवस मनाया गया। जिसका अध्यक्षता केन्द्रीय महासचिव किरण चन्द्रवंशी ने किया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लातेहार जिला अध्यक्ष विकास उरांव ने कहा कि कि लंबे संघर्ष का परिणाम है कि वर्तमान समय में मजदूरों के काम करने का समय व मजदूरी निर्धारित है। यह लाखों मजदूरों की शहादत के बाद हासिल हुआ है। मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई यूनियन लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई में मिल रही मजदूरी अपर्याप्त बताते हुए कहा कि मजदूरों का शोषण वर्तमान समय में भी बदस्तूर जारी है। मजदूर भाइयों बहनों के हो रहे शोषण को लेकर केन्द्रीय अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव ने मजदूर दिवस मनाने का इतिहास के बारे जानकारी दिया बताया की अन्तरराष्ट्रीय मजदूर दिवस हर साल एक नई को मनाया जाता है पहली बार मजदूर दिवस 1989 में मनाने का फैसला लिया गया।इस दिन को मजदूर दिवस मनाने के रूप रेखा अमेरिका के सिकांगो शहर से चालू किया गया और भारत में मजदूर दिवस मनाने की शुरुआत 34 वर्ष बाद भारत में मजदूर दिवस 7मई 1923 में पहली बार चेनई में मनाया गया मजदूरों के नाम यह समर्पित दिन है। मौके पर कार्यक्रम में उपस्थित यूनियन के केन्द्रीय कोसाध्यक्ष बिलासी टोपनो,लातेहार जिला अध्यक्ष विकास उराँव जिला - सचिव शिला देवी, जिला प्रवक्ता कन्हाई पावान, तथा ज्याउल हक ,बिन्दू देवी, शारदा देवी प्रखंड अध्यक्ष विकास हर्षित टोप्पो एमडी रिजवान, निजाम अंसारी, तबरेज अंसारी, आनन्द कुमार रवि, नन्दन राम अतुल सिन्हा, कमलेश यादव, जितेन्द्र यादव, वरशु मुण्डा, विनिता कुमारी, शकुन्तला देवी रिता देवी व अन्य लोग उपस्थीत थे। तथा कार्यकर्म समाप्ती की घोषणा विकास उरांव ने किया।

# मंत्री बतौर मुख्य अतिथि श्री श्री 108 श्री रुद्र महायज्ञ में हुए शामिल

## हेरूवा मंदिर में दर्जनों वर वधुओं को दिये आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानन्द भोगता का आज व्यस्त कार्यक्रम में वर वधु को आशीर्वाद से लेकर मंडप में आयोजित श्री श्री 108श्री रुद्र महायज्ञ के संध्या आरती में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। चतरा विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड के ग्राम रामटुंडा में यज्ञ समिति की ओर से स्थानीय देवी मंडप में आयोजित श्री श्री 108श्री रुद्र महायज्ञ के संध्या आरती में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यज्ञ समिति के सदस्यों ने माननीय मंत्री जी को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया।आज अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानंद भोगता सदर प्रखंड के हेरूवा मंदिर में विभिन्न शादी समारोह में शामिल हुवे। इस दौरान दर्जनों वर वधुओं को आशीर्वाद दिए। इस से पूर्व अपने आवास पर सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए जनता जनार्दन से मिलकर समस्याओं से रूबरू हुए।मौके पर जनता जनार्दन की समस्याओं का समाधान किये।

## संक्षिप्त खबरें

### भूमि पूजन के साथ कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शुभारंभ



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):**कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य भूमि पूजन के साथ आरंभ हुआ। भूमि पूजन के पावन अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल होकर मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का आधारशिला रखा।इस अवसर पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कैथा महादेव महादेव मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का सौभाग्य मुझे मिलता रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार होने से ग्रामीणों श्रद्धालुओं को धार्मिक अनुष्ठान और पूजन कार्य में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि मंदिर जीर्णोद्धार कार्य में हर सभंव सहर्ष योगदान और सहभागिता देने को लेकर तत्पर हैं। वहीं वार्ड पार्षद श्री देवधारी महतो ने कहा कि मंदिर जीर्णोद्धार किया को लेकर ग्रामीणों में हर्ष है सभी जीर्णोद्धार कार्य मे तत्परता से जुटें हैं। भूमि पूजन मे बतौर यजमान राजेश कुमार महतो सपत्नीक शामिल हुए। राजेश महतो ने कहा कि कैथा महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार उत्तराखंड के बाबा केदारनाथ धाम मंदिर के प्रारुप पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य में गिरिडीह सांसद आदरणीय श्री चंद्रप्रकाश चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी का विशेष सहयोग है।साथ ही ग्रामीण उत्साहपूर्वक जीर्णोद्धार कार्य में शामिल हो रहे हैं। भूमि पूजन के अवसर पर कुलेश्वर महतो, चुन्नीलाल महतो, डिया महतो,संतोष महतो,संजय करमाली, माधव करमाली, बाबूलाल महतो, रूपलाल महतो, रतन लाल महतो,आशेश्वर महतो, ईश्वर ओहदार,संजय महतो प्रकाश कुमार जगलाल महतो,बलदेव महतो,बलिस राम महतो, अर्चना देवी,सुकनु देवी, बबीता देवी, हेमंती देवी, शांति देवी, नमिता देवी ,मालती देवी ,अनीता देवी शकुंतला देवी आदि महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में डीपीएमयू की समीक्षात्मक बैठक

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिले में चल रहे नवाचार गतिविधियों को लेकर डीपीएमयू सदस्यों के साथ समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिले में चल रहे सभी गतिविधियों के नामित अधिकारियों व पीएमयू सदस्यों से उक्त प्रोजेक्ट्स में हो रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गयीं एवं विकास कार्यों को लेकर उचित दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर उपायुक्त महोदय द्वारा सभी गतिविधियों जैसे कि प्रोजेक्ट रेल , प्रोजेक्ट इम्पैक्ट , नगर परिषद् झुमरी तिलैया क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा प्रखंड परिसर में लाइबेरी-कम-रिडिंग रुम, प्रोजेक्ट किलकारी, आयुष्मान भारत, टेलीमेडिसिन कोडरमा, डीजीएस आदि समेत अन्य नवाचार गतिविधियों पर जानकारी लिए गए एवं अपडेट हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### जिला अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला अनुकम्पा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 5 आवेदकों का अनुकम्पा पर नियुक्ति करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया। उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में कंचन देवी पति स्व. विनोद कुमार, भूतपूर्व अवर प्रमण्डलीय चैकीदार की चतुर्थ वर्ग, संदीप कुमार पिता स्व0 राजेन्द्र प्रसाद भूतपूर्व सहायक अभियंता को निम्न वर्गीय लेखा लिपिक, अमित रंजन पिता अरविन्द कुमार दास भूतपूर्व वरीय आंकेक्षण पदाधिकारी का निम्न वर्गीय लिपिक, आदित्य राज माता स्व0 अनिता कुमारी भूतपूर्व एएनएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोडरमा को तृतीय वर्ग और सुचिन्ता मिंज पति स्व धनेश्वर उरांव कनीय अभियंता को पत्राचार लिपिक में अनुकम्पा आधारित नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गई। मौके पर अपर समाहर्ता अनिल तिर्की, जिला परिवहन पदाधिकरी भागीरथ प्रसाद, स्थापना उपसमाहर्ता जयपाल सोय, डीपीएम महेश प्रसाद व अन्य उपस्थित रहे।

### जंगली सुअर के हमले में एक घायल

**सतगावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के ईटाय पंचायत के अंतर्गत जोगीडीह निवासी मन्नू प्रसाद 40 वर्ष पिता बालेश्वर यादव को जंगली सूअर ने जख्मी कर दिया,बताया जाता है कि मन्नू प्रसाद अपने गांव के बगल में ही खेत में मकई लगा रखे है और जंगली जानवरों के द्वारा फसल को बर्बाद कर दिया जाता है,जिसे देखरेख करने लिए रात्रि लगभग 10~30 में खेत गया जहां जंगली सूअर के द्वारा मन्नू प्रसाद पर हमला कर दिया,जिसमें कलेजे के साथ-साथ पेट फाड़ दिया बताया जाता है कि स्थिति काफी नाजुक है उपचार के लिए रात्रि में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां ले जाया गया उसके बाद जख्मी व्यक्ति को सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया जहां स्थिति को नाजुक देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** बुधवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने एनएचएआई के अधिकारियों को जिले के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटना की रोकथाम के लिए उचित करवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) का निर्माण करने का निर्देश एनएचएआई के अधिकारियों को दिया जिससे कोई भी दुर्घटना होने के बाद पीड़ित को क्विक रेस्पॉन्स मिल सके। वहीं उन्होंने जिले के सभी ब्लैक स्पॉट के समीप दुर्घटना राहत टीम को 24/7 तैयार रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों व राज्य राजमार्गों पर दुर्घटना से बचाव के उद्देश्य से स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं लगे हुए स्ट्रीट लाइट का संचालन सुचारू रूप से सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। साथ ही चुट्टू पालू घाटी में खराब लाइट एवं बेंट पोल को दुरुस्त कर रात्रि के समय लाइट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों को सहयोगात्मक दृष्टि से वैसे दुकान जो भीड़ भाड़ वाले इलाके एवं सड़क के किनारे स्थित हैं के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि अगर सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है तो उसके आश्रित को राज्य आपदा मोचन निधि के माध्यम से 1 लाख रुपये तक कि मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाती है वही हिट एंड रन के मामलों में भी मुआवजा राशि का प्रावधान है। इसके साथ ही जो व्यक्ति दुर्घटना के समय पीड़ित को अस्पताल पहुंचाता है उसके लिए राज्य सरकार के द्वारा ?5000 की प्रोत्साहन राशि संबंधित व्यक्ति को दी जाती है। इस संबंध में उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने एवं ऐसे मामले सामने आने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित को मुआवजे का भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारियों, प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।




## चाड़ी मोहल्ला में डीप बोरिंग कर बनेगा जलमीनार, मिलेगी लोगों को जल सुविधा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा के चाड़ी मोहल्ला अंबेडकर चौक वार्ड 13 में डीप बोरिंग चार सौ फिट कर 4 लाख 80 हजार की लागत से दो हजार लीटर क्षमता टंकी वाला जलमीनार निर्माण होगा। इस कार्य का शुभारंभ पार्षद 13 संगीता देवी व अन्यो ने नारीयल फोड़ व पूजन कर किया। बताया कि लोगो ने गर्मी में पानी अभाव को ठीक करने की मांग की थी। मौके पर समाजसेवी रंजीत पासवान, गुलजार अंसारी, नितेश नायक, इमरान अंसारी, पंकज पटवा, अमित राम, हुसैन खान, विजय महतो, राजू ठाकुर, ज्ञानचंद विश्वकर्मा, अमरदीप, गुड्डू अंसारी, आजाद अंसारी, संजय पटवा, पिंटू पटवा, संजय कुमार, हिमांशु कुमार, दिलदार अंसारी, धर्मेंद्र महतो, वीरेंद्र ठाकुर समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मरकच्चो :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह उन्मुखीकरण प्रशिक्षण पेयजल एवम स्वच्छता समिति कोडरमा की पहल पर 3 मई को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी पप्पू रज्जक, कनीय अभियंता पेयजल एवम स्वच्छता विभाग दीपक कुमार, प्रखंड समन्वयक राम कुमार (स्वच्छ भारत मिशन) और पीईटीसीआई के कौशल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रखंड स्तरीय कार्यशाला में आए मुखिया,जलसहिया एवम सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण अपने अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 29 अप्रैल से 15 मई तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की बात कही गई। जल जमाव आदि कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। इस दौरान पनसोखा,नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट आदि का निर्माण कर ठोस एवम तरल कचरा का प्रबंधन करना, सभी ग्राम एवम संस्थान में सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान चलाना, अपने अपने गांव पंचायत क्षेत्र को खुले में शौच मुक्त अभियान चलाना एवम राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। जिसे लेकर शपथ दिलाई गई। इस मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुखिया रंजित कुमार सिंह, बेदू साव, नीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधी बसंत साव, रविंद्र गुप्ता, सुभाष चन्द्र यादव, पंचायत सेवक रवि रंजन, सियाराम सिंह, श्याम सुन्दर यादव, जनसेवक अरविंद कुमार, जल सहिया पिंकी देवी, शारदा देवी, करिश्मा यादव, प्रीति कुमारी, प्रवीण, आरती कुमारी, सरिता देवी समेत अन्य मौजूद थे।

## ज्ञानदान के साथ रोटी दान की परंपरा का वाहक है विभाग : डॉ. सुकल्याण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में बुधवार को रोटी दान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने कहा कि संत विनोबा भावे के नाम पर स्थापित विश्वविद्यालय ज्ञानदान का प्रमुख केंद्र के रूप में पूरे प्रदेश में अपनी पहचान स्थापित की है लेकिन इसके साथ ही पिछले 7 वर्षों से रोटी दान जैसे कार्यक्रम का आयोजन कर



विद्यार्थियों को समर्पण, सेवा और त्याग की भावना से संस्कारित कर रही है,। दान और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाने में संस्थान काफी संवेदनशील रहा है। मौके पर एम एड विभाग के प्राध्यापक डॉ मृत्युंजय कुमार ने कहा कि रोटी बैंक की सहायता कर विद्यार्थी वैसे जरूरतमंदों की अप्रत्यक्ष रूप से सेवा कर रहे हैं जिन्हें दिन-रात भूख से मुकाबला करना पड़ता है। रोटी बैंक के संचालक मोहम्मद खालिद को रोटी से भरे कंटेनर धनंजय कुमार , प्रसेनजीत कुमार, कशिश प्रवीण और खुशबू रानी ने की। मोहम्मद खालिद ने आभार प्रकट करते हुए विभाग की मुक्त कंठ से सराहना की। मौके पर डॉ अजय बहादुर सिंह ,डॉक्टर बालेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ रीता कुमारी समेत सेमेस्टर चार एवं दो के विद्यार्थी उपस्थित थे ।

## दोबारा फुटपाथ संघ के अध्यक्ष बने राजेश गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गुरु गोविंद सिंह पार्क में गरीब फुटपाथ दुकानदार संघ की एक अति आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल 3 वर्ष का ही था, जिसे भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया है। पूर्व के अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता को एकबार फिर अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। पूर्व की कमिटी के कुछ पदाधिकारियों द्वारा संगठन के प्रति विशेष रूचि नहीं दिखाई गई थी, जिसे देखते हुए उनके स्थान पर नए



पदाधिकारियों का चयन अध्यक्ष राजेश गुप्ता के द्वारा किया जाएगा। गुप्ता ने अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। बैठक में शमीम अंसारी, सलीम इम्तियाज, रमेश चंद्रा, संतोष कुमार गुप्ता, कुंती देवी, गीता देवी, कर्मी तिर्की, रविंद्र महतो, विजय गुप्ता, शहादत अंसारी, मंगल पांडे, पप्पू रजक आदि थे।

# अरगड्डा में आदिवासी संघर्ष मोर्चा की बैठक में 6 मई को राष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस मनाने का निर्णय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** आदिवासी संघर्ष मोर्चा जिला रामगढ़- हजारीबाग की संयुक्त बैठक बुधवार को अरगड्डा कार्यालय में आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता सोहराय किस्कू और संचालन नरेश बडाईक ने किया। अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक देवकीनंदन बेदिया उपस्थित हुए। अपने संबोधन में वक्ता देवकीनंदन बेदिया व अन्यो ने बताया कि भाजपा सरकार द्वारा आदिवासियों और उनके जीवन के अधिकार पर हमले तेज हो गए हैं। अभी पिछले महीने देश भर में आदिवासियों पर राज्य दमन और इसके खिलाफ आदिवासियों के प्रतिवाद की लहर चली है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में, वड़ोदरा-मुंबई एक्सप्रेसवे के लिए आदिवासी परिवारों की पुश्तैनी जमीन और उनके घर छीन लिए गए। विरोध करने वाले आदिवासियों को विशाल पुलिस बल और भाजपा राज्य सरकार के क्रूर राज्य-दमन का सामना करना पड़ा। कुछ दिनों पहले, मणिपुर के चूरणचंदपुर में, आरक्षित वन क्षेत्रों से कुकी ग्रामीणों की बेदखली का विरोध कर रहे आदिवासियों को फिर से राज्य-दमन का शिकार होना पड़ा। इसके अलावा, दक्षिण गुजरात में वापी से शामलाजी तक ह्वा-56 को चौड़ा करने के नाम पर अपनी जमीन से बेदखली का आदिवासी विरोध कर रहे हैं। इस बीच, छत्तीसगढ़ में राज्य और माओवादियों के बीच जारी युद्ध के एक मामले में, दंतेवाड़ा में माओवादी हमले में 10 पुलिसकर्मियों और 1 नागरिक की जान चली गई। इस युद्ध में मोटे तौर पर आदिवासी नियमित रूप से इसके शिकार हो रहे हैं। पश्चिमी सिंहभूम के कई इलाकों में झारखंड के आदिवासी पुलिस और अर्धसैनिक बलों के अत्याचारों से पीड़ित हैं। शिकायतों के बावजूद राज्य और केंद्र सरकार दोषी जवानों और अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है. रामगढ़ हजारीबाग जिले में आदिवासियों की जमीन को सीएनटी/एसपीटी एक्ट का खुलम खुला उल्लंघन कर खरीद बिक्री व लुटी जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी न्यायलय द्वारा भू-वापसी आदेश की गई जमीनों पर दखल दिहानी दिलाई नहीं जा रही है। आदिवासी संघर्ष मोर्चा की स्पष्ट समझ है कि कॉरपोरेट लूट और राजकीय दमन की नीतियों का विरोध करने के लिए सामूहिक राजनीतिक प्रतिरोध ही एक मात्र कारगर रास्ता है। सभी मसलो को लेकर आदिवासी संघर्ष मोर्चा आगामी 6 मई 2023 को बेदखली, कॉरपोरेट भूमि-लूट और राज्य दमन को समाप्त करने की मांग करते हुए विरोध दिवस मनाने का आह्वान किया है।




### 7 मई को निशुल्क जांच शिविर का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा 7 मई दिन रविवार को रामनगर चौक पारसनाथ ट्रेवल्स के समीप निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन हजारीबाग यूथ विंग के द्वारा दूसरी बार किया जा रहा है। जांच शिविर में सभी तरह के बीमारियों का इलाज किया जाएगा। जांच शिविर में डॉ वी वेंकटेश एवं महिला विशेषज्ञ डॉक्टर अंकिता खंडेलवाल अपनी सेवा प्रदान करेगी। जांच शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा। जांच शिविर का लाभ लेने के लिए 9263307970,6201852266 पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं जो बिल्कुल निशुल्क है। रजिस्ट्रेशन 6 मई को संध्या 6:00 बजे तक किया जाएगा। जांच शिविर में विशेष सहयोग मानसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पारसनाथ ट्रेवल्स के संचालक राजेश पाटोदी का मिल रहा है। मौके पर संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि लोग स्वस्थ रहें,निरोग रहे इसी दृष्टिकोण से लगाया जा रहा है जांच शिविर। ताकि हर वर्ग के लोग जांच करा कर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो सके। रजिस्ट्रेशन की प्रतिक्रिया जारी है जो 6 तारीख को संध्या 6:00 तक प्रारंभ रहेगी। दो चिकित्सकों के द्वारा जांच किया जाएगा। जांच शिविर में विशेष सहयोग मानसी डायग्नोस्टिक सेंटर एवं पारसनाथ ट्रेवल्स के संचालक राजेश पाटोदी का मिल रहा है।

### आदिवासी जन परिषद में परिवारिक विवाद सुलझाया, लोगों में हर्ष

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदिवासी जनपरिषद युवा मोर्चा के द्वारा बुधवार को संगठन कार्यालय बीआरएल गेट मरार के प्रांगण में एक परिवारिक विवाद सुलझाया गया। इसे ले आजप केन्द्रीय उपाध्यक्ष शत्रुधन बेदिया, आजप युवा मोर्चा केन्द्रीय अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने एक साथ बताया कि महेन्द्र करमाली गांव बुटूबेड़ा(सारुबेड़ा) और इनकी पत्नी सुलेखा देवी भरेचनगर सांडी के बीच परिवारिक विवाद चल रहा था। जिसे दोनो परिवारों के पक्ष सुनने के बाद निपटारा किया गया। साथ ही भविष्य में ऐसा नहीं होने की बात कहीं गई। इससे दोनो परिवारों में खुशी व्याप्त हैं। मौके पर आजप के केंद्रीय महासचिव प्रकाश मुंडा, आजप जिला अध्यक्ष हीरालाल बेदिया, संगठन सचिव श्याम करमाली, महेंद्र करमाली, मंगल करमाली, बसंती देवी सुलेखा देवी, भुनेश्वर करमाली, रेखा देवी, गणित करमाली सोनिका कुमारी, रीता देवी, शांति देवी, बलराम करमाली, गुजा देवी, रमेश करमाली, सरस्वती देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### कार व कंटेनर में टक्कर, एक की मौत

**कोडरमा/चंदवारा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के समीप बुधवार की सुबह करीब 9 बजे एक कार संख्या एमएच 04 जेबी 7818 की आगे चल रहे कंटेनर वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वही कार पर सवार एक बच्चे की मौत हो गई जबकि 8 लोग घायल हैं। जिसमें 3 महिला और 4 पुरुष और एक 5 वर्षीय बच्ची शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार कार पर सवार सभी लोग झारखंडी धाम से एक शादी समारोह से कांको पिंडारो लौट रहे थे। इसी दौरान कार दुर्घटना की शिकार हो गई। कंटेनर वाहन में टक्कर के बाद मौके से चालक कंटेनर वाहन को लेकर फरार हो गया। जिसे पुलिस के सहयोग से बरही में पकड़ा गया है। घायलों को चंदवारा पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। घायलों में बासुदेव गिरी उम्र 39 वर्ष पिता भुवनेश्वर गिरी बोकारो के चंद्रपुरा निवासी, बिजला देवी उम्र 34 वर्ष पति वासुदेव गिरी, प्रतिमा देवी उम्र 32 वर्ष पति विनोद भारती कांको के पिंडारों निवासी, आरती देवी उम्र 30 वर्ष पति शिव कुमार गोस्वामी धनबाद के गोविंदपुर निवासी, विनोद भारती उम्र 36 वर्ष धनबाद के गोविंदपुर निवासी, शिव कुमार भारती उम्र 35 वर्ष, शिबू गोस्वामी धनबाद निवासी, शिवांश कुमार उम्र 5 वर्ष पिता वासुदेव गोस्वामी बोकारो निवासी और दुर्घटना में मृत बच्चे की पहचान आदर्श कुमार गोस्वामी उम्र 10 वर्ष पिता शिव कुमार गोस्वामी बोकारो निवासी के रूप में हुई है।

# रामगढ़ महाविद्यालय में विदाई सहसम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में पूर्व प्राचार्या डॉ शारदा प्रसाद, गणित विभाग के शिक्षक डॉ एल. के. के. एन. शाहदेव तथा परीक्षा विभाग के कर्मी प्रदीप अरण्य के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सहसम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच संचालन वाणिज्य विभाग के डॉ सुनील अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के डा. आर.वी.पी देव ने किया। प्राचार्य डॉ रेखा प्रसाद ने कहा कि पूर्व प्राचार्या डा. शारदा प्रसाद के अधूरे कामों को पूरा करने के लिए उन्हें रामगढ़ कॉलेज के सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों के सहयोग की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा विभाग के कर्मी प्रदीप अरण्य एक कर्मठ व्यक्ति हैं और उन्होंने कॉलेज के किसी भी दायित्व को पूरी प्रतिबद्धता के निभाया है।



कई शिक्षकों ने शारदा प्रसाद को उनकी कर्मठता के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। विदाई से सम्मान कार्यक्रम के पश्चात सभी ने सहभोज का आनंद लिया।

विदाई के इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में रामगढ़ महाविद्यालय परिवार के प्रायः सभी शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मियों की इसमें महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

## डेंटल कॉलेज के 55 छात्राओं की टीम चार दिवसीय इंटर मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज फेस्ट में हुई शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के छात्राओं की टीम सासाराम में नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित चार दिवसीय इंटर मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज फेस्ट में शामिल हुई। डेंटल कॉलेज की टीम अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास, प्राचार्य डॉ के श्रीकृष्ण एवं उप प्राचार्य डॉ अंकुर भार्गव के समर्थन एवं मार्गदर्शन में सहायक प्रोफेसर डॉ रघु रंजन के नेतृत्व में भाग लिया। इसमें डेंटल कॉलेज के 55 छात्राओं की टीम हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेल आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बिहार एवं झारखंड के विभिन्न मेडिकल व डेंटल कॉलेजों की स्पर्धाओं मे अपनी कॉलेज की छात्राओं ने प्रतिस्पर्धा किया। इसमें डेंटल कॉलेज की कुल 26 स्पर्धाओं में जीत मिली। वहीं 16 स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने अपने छात्राओं को ढेर सारी बधाई व शुभकामनाएं दी। चार दिवसीय इंटर मेडिकल एंड डेंटल कॉलेज फेस्ट में डेंटल कॉलेज के छात्र मुकेश कुमार महतो, शुभम मिश्रा, प्रभास, सौविक



चंद्रा, अनिमेष हर्षित, सिद्धार्थ घोष, रंजन कुमार, मेधा कृष्णन, रोमा कुमारी, शबनम कुमारी, प्रियाशी भारती, ईशा कुमारी, महिमा जायसवाल, श्रेयशी सिन्हा, शीबा खान, ऋतिका प्रसाद, अलका सिंह, श्रीस्टी, प्रगति कुमारी, मनीषा यादव, सौरव कुमार झा, शुभम कुमार, रवि कुमार चौधरी, सोनू कुमार, मोहम्मद गुफरान जफर, मोहम्मद शाह नवाद, आशीष कुमार, शिवम आनंद, बोबिन्सन रेट, करण सात्यकी, मानस कुमार, अभय सौरव, अमन सिंह, प्रणव निखिल सांगा, ऋतिक सिन्हा, सागर कुमार, अनुप्रिया, मानवी दास, अमीषा गांधी, नील टिर्की, सैफ खान, सुधांशु गुप्ता, अल्ताफ अंसारी, सौम्या सिन्हा, गुंजन वर्मा, राहुल कुमार, सौरभ सिकदर एवं डॉ शिवम सहित कई छात्र शामिल थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा क्रिस्टा के टॉप ग्रेड की कीमतों की घोषणा की



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नई इनोवा क्रिस्टा के दो टॉप ग्रेड (जेडएक्स और वीएक्स) की कीमतों की घोषणा की। यह वाहन एक उन्नत फ्रंट फेशिया के साथ आता है जिसे एक मजबूत और मजबूत उपस्थिति के लिए विशिष्ट प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इससे भारतीय परिवारों, व्यवसायियों और कॉर्पोरेट्स की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।मशहूर एमपीवी 2005 में भारत में अपनी शुरुआत के बाद से अपने सेगमेंट में अग्रणी रही है। इसकी अब तक एक मिलियन से अधिक इकाइयां बिक चुकी हैं। इस साल की शुरुआत में बुकिंग शुरू होने के बाद से इस वाहन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है।इस अवसर पर श्री अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, ÷हमें अपने सभी नए अवतार में बाजार में काफी सराहे गये इनोवा क्रिस्टा डीजल के टॉप दो ग्रेड के मूल्य निर्धारण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अपने सख्त और मजबूत फ्रंट फेसिया (प्रावरणी) का साथ और शैली, आराम और प्रदर्शन का एक सही मिश्रण, नई इनोवा क्रिस्टा निश्चित रूप से प्रसिद्ध इनोवा की विरासत को आगे बढ़ाएगी। वाहन उन्नत सुरक्षा सुविधाओं का दावा करता है जो सुनिश्चित करता है यात्रियों की अत्यधिक सुरक्षा और हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस वाहन द्वारा पेश किए गए बेहतर ड्राइविंग अनुभव की सराहना करेंगे और आनंद लेंगे।

## रांची के आकाश बायजू के 3 छात्रों ने जेईई मेन्स 2023 में 99 परसेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची के आकाश बायजूस के 3 छात्रों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन 2023 में कुल मिलाकर 99 पर्सेंटाइल और उससे अधिक अंक हासिल किए, जिससे उनके माता-पिता और संस्थान के पूरे स्टाफ को बहुत खुशी हुई। परिणाम 28 अप्रैल, 2023 को राष्ट्रीय परीक्षण द्वारा घोषित किए गए थे। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वालों में प्रिंस कुमार द्विवेदी हैं जिन्होंने 99.81, एलेक्स सिंह ने 99.79 और सूरज कुमार ने 99.12 अंक प्राप्त किए।दु निया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा मानी जाने वाली ढ्ढद्बड्ढ छ्वश्वश्व को क्रैक करने के लिए छात्र आकाश बायजू के क्लासरूम प्रोग्राम में शामिल हुए। उन्होंने जेईई में टॉप पर्सेंटाइल की एलीट लिस्ट में अपने प्रवेश का श्रेय कॉन्सेप्ट को समझने और सीखने के कार्यक्रम का सख्ती से पालन किया । छात्रों को बधाई देते हुए, अभिषेक माहेश्वरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, आकाश बायजूस ने कहा, ÷हम सभी छात्रों को उनके अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। शीर्ष पर्सेंटाइल स्कोरर के रूप में उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के बारे में बताती है। हम उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

## विधायक ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राँची जिला के खिजरी विधान सभा क्षेत्र अर्न्तगत अनगड़ा प्रखण्ड में बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया । इस क्रम में विधायक ने सर्वप्रथम प्रखण्ड के गाँधी ग्राम में हुन्डरू मुख्य पथ गाँधी ग्राम से हनुमान मंदिर होते हुए अमल बैठा के घर तक झारखण्ड सरकार विधायक निधि से पी सी सी पथ निमार्ण कार्य का शिलान्यास, बीसा पंचायत में झारखण्ड सरकार 15 वें वित आयोग ( स्वास्थ्य ) उपकेन्द्र का निमार्ण कार्य का शिलान्यास एंव ग्राम कामता काड़बुदा में राजु के घर से स्कुल के बीच तक झारखण्ड सरकार विधायक निधि से पी सी सी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया । शिलान्यास कार्यक्रम में मोके विधायक राजेश कच्छप के साथ अनगड़ा प्रमुख दीपा उराँव, जिला परिषद सदस्य अनगड़ा पूर्वी राजेन्द्र शाही मुण्डा, पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष एतवा उराँव, शिवदास गोस्वामी,शेख सिद्धीक अंसारी,राजेन्द्र मुण्डा, , सरिता तिर्की, संगीता कैथा,प्रबल तिर्की, शमीम खान, अजय करमाली, कुलेश्वर मुण्डा, अजय मुण्डा समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## फिल्म सिटी में कफीलुर रहमान की उपन्यास अर्धनारी का विमोचन



**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंदी सिने जगत के पितामह दादा साहेब फाल्के के 153 वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर रांची के अधिवक्ता व लेखक कफीलुर रहमान का उपन्यास का विमोचन दादा साहेब फाल्के के ग्रैंड सन चंद्रेशेखर पालसोकर के हाथो किया गया।मुंबई फिल्म सिटी में एक कार्यक्रम आयोजित कर उपन्यास का विमोचन किया गया।कार्यक्रम में फ़िल्म अभिनेता राजन कुमार उर्फ चार्ली चैप्लिन दित्ये ने उपन्यास की पात्रा अमृता अर्धनारी की भूमिका में सभी उपस्थित मेहमानों का समारोह में मनोरंजन किया।समारोह का आयोजन फ़िल्म सिटी प्रबंधन के द्वारा किया गया। जिसमें फ़िल्म जगत के मशहूर हस्तिया, समाज सेवी, महाराष्ट्र सरकार के उच्च पदाधिकारीगण उपस्थित थे।मौके पर लेखक व अधिवक्ता कफीलुर रहमान ने कहा के इस अवसर पर फ़िल्म सिटी में मेरी पुस्तक का विमोचन होना झारखंड और मेरे लिए गर्व की बात है।

## जुगनू पाहन की आदम कद प्रतिमा लगाने के लिए हुआ भूमि पूजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्वे पंचायत के हरातु जतरा टाँड मैदान में क्रांतिकारी साथी स्वर्गीय जुगनू पाहन के आदम कद प्रतिमा लगाने हेतू आजसू पार्टी द्वारा भूमि पूजन के साथ भव्य तरीके से मशाल जुलूस निकालकर मजदूर दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिश, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य फुलकुमारी देवी,पूर्व प्रत्याशी पारस नाथ उरांव, उप्रमुख नामकुम विना कुमारी, आजसु नेता जितेंद्र सिंह, राजू नायक, प्रकाश लकड़ा, राम दुर्लभ सिंह मुंडा,पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, मुखिया नूतन पाहन, जगर नाथ महतो, राजू कच्छप इत्यादि गण मान्य नेता, जन प्रतिनिधि के अलावे सैकडोमजदूर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि मजदूरो के हक अधिकार के लिए सभी को एक जूट होकर आवाज बुलंद करनी होगी।


## उपायुक्त–सह–जिलादण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़।
(समाजकल्याण शाखा)

### इच्छा की अभिव्यक्ति
**(Expression Of Interest)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामगढ़ जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम (पच्चीस बेड) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था से ज्ञापांक 366/स0क0 दिनांक 31.03.2023 द्वारा इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) आमंत्रित किया गया था, जिसे रद्द करते हुए पुनः रामगढ़ जिला अन्तर्गत ओल्ड एज होम (पच्चीस बेड) के क्रियान्वयन हेतु इच्छुक अहर्त्ताधारी स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था सेइच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) आमंत्रित किया जाता है। स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था को सूचीबद्ध जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में किया जायेगा।

अतः इच्छुक स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression Of Interest) का आवेदन मुहरबन्द लिफाफा में उपायुक्त, रामगढ़ को संबोधित करते हुए स्थान–जिला समाज कल्याण कार्यालय, रामगढ़ में दिनांक 13/05/2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक हाथों–हाथ अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा कर सकते हैं। उक्त इच्छा की अभिव्यक्ति ब्लॉक ए में अवस्थित उपायुक्त, रामगढ़ के सभा कक्ष में दिनांक 15/05/2023 को 12:00 बजे ~~पूर्वाह्न~~/अपराह्न में जिला स्तरीय चयन समिति के समक्ष खोला जायेगा। जिसमें स्वयंसेवी संस्था/गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि को उपस्थित रहना होगा।

नोट :– उपरोक्त इच्छा कि अभिव्यक्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी रामगढ़ जिला के वेबसाईट **www.ramgarh.nic.in** पर देखा जा सकता है।

निदेशानुसार
ह0/– उपायुक्त,रामगढ़।

PR 296460 Women, Child Development & Social Security(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता(यॉंत्रिक) का कार्यालय सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची।
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–04/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची।
2. विभाग का नाम :– जल संसाधन विभाग, झारखण्ड।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– मुख्य अभियंता (यॉंत्रिक), जल संसाधन विभाग, रॉंची/अधीक्षण अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक अंचल, रॉंची/कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची का कार्यालय।
4. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
5. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 06.05.2023 से 11.05.2023 तक (कार्यालय अवधि में)
6. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 12.05.2023 को 3:00 बजे अपराह्ण तक।
7. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– दिनांक 12.05.2023 को 3:30 बजे अपराह्ण।
8. कार्य का विवरण:–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | धनसिंहटोली जलाशय योजना के मुख्य शीर्ष के दोनों आउटलेट(Service & Emergency) गेटों में नया वायर रोप, रबरसील, Wheel pulley एवं Operating room के लिए नया Rolling shutter gate, लगाने, पेन्टिंग एवं अन्य मरम्मति इत्यादि का कार्य। | 9,72,100.00 | 1,250.00 | एक माह। |

नोट :– 1. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
2. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची।

PR 296478 Water Resource(23-24)D

## OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER-CUM-DISTRICT MAGISTRATE, PALAMU
(District Development Section)
+Phone No. 06562-224433 E-mail :- ddc-pal@nic.in

**Tender Reference No:** **Date:**

Expression of Interest for supply of Utensils in Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand.

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Expression of Interest for supply of Utensils in Anganwadi Centers, Palamu, Jharkhand |
| 2 | Period of Work | 60 Days |
| 3 | Date of Publication of Bid on website | 03.05.2023 |
| 4 | Tender Cost/Document Fee | Rs 5,000/- (In the form of DD) in favor of DMFT, Palamu, Payable at Palamu (Non Refundable) |
| 5 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs.1,00,000/-in the form of DD(Valid for at least 6 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favor of DMFT, Palamu, Jharkhand |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date :25.05.2023 Time: 02:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date:25.05.2023 Time: 03:00 PM |
| 8 | Bid submission Place | New Collectorate Building, Block-C, First Floor, Medininagar, Palamu |
| 9 | Bid Opening Place | |

**Deputy Commissioner, Palamu**

PR 296461 Palamu(23-24)#D

पत्र सं0–2340/ रॉंची, दिनांक– 02.05.2023

## झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय

### राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड में पदाधिकारियों के नियुक्ति हेतु विज्ञापन

1. पद का नाम – जिला सैनिक कल्याण पदाधिकारी, रॉंची।
2. पदों की संख्या – 01 (एक)।
3. राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड, रॉंची एवं इसके नियंत्रणाधीन जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में पदाधिकारी के रिक्त पद पर वैसे सुयोग्य उम्मीदवार से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता हैं, जो निम्न अहर्ता पूरी करते हों :–
"सेवानिवृत्त कर्नल/ले० कर्नल अथवा नौ सेना एवं वायुसेना के समतुल्य पदाधिकारी।"
4. वेतन/मानदेय – गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या–1050, दिनांक 26 फरवरी, 2010 के अनुसार पुनर्नियुक्त सैन्य अधिकारियों को सेवानिवृत्ति की तिथि को देय वेतन/भत्ता घटाव पेंशन की राशि वेतन के रूप में अनुमान्य होगी।
5. उम्र सीमा – 01 जनवरी, 2023 को उम्र 57 वर्ष से अधिक नहीं हो। सेवा निवृति की उम्र सीमा– 60 वर्ष होगी।
6. सैनिक कल्याण निदेशालय एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में सेवानिवृत्त सैन्य पदाधिकारी की पुनर्नियुक्ति राज्य सरकार के अधीनस्थ होगी तथा इन पर राज्य सरकार के कर्मियों के समान आचार संहिता लागू होगा।
7. उक्त पद पर नियुक्ति एक चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी। समिति को नियुक्ति प्रक्रिया किसी भी स्तर पर रद्द कर देने का अधिकार होगा।
8. इच्छुक योग्य सेवानिवृत्त सैन्य पदाधिकारी अपना बायोडाटा, सेवा अभिलेख तथा अन्य योग्यताओं से संबंधित कागजात एवं वचनबंध पत्र (Undertaking) के साथ विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपर सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रॉंची के पते पर निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से भेजेंगे। इसके बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
9. बायोडाटा, सेवा अभिलेख, Undertaking आदि का प्रारूप झारखण्ड राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।
10. साक्षात्कार की तिथि की घोषणा बाद में की जाएगी।

ह०/–
अपर सचिव,
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची।

PR 296398 Home (23-24)D

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, बोकारो

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –01/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एंव पदनाम :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, बोकारो।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 16/05/2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 17/05/2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 17/05/2023 को अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, बोकारो के कार्यालय में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। (2) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल हजारीबाग के कार्यालय में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
6. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान :– (1) भवन प्रमण्डल, बोकारो। (2) अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग।
7. कार्यो की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला मत्स्य कार्यालय प्रथम तल एडमीनिस्ट्रेटिव भवन निर्माण कार्य। | 24,97,300.00 | 5000.00 | 50,000.00 | छः माह |
| 2 | फार्मटांड कसमार में 04 शेड का निर्माण कार्य। | 27,18,800.00 | 5000.00 | 54,400.00 | तीन माह |
| 3 | चास प्रखण्ड के रायबांध तालाब चन्दाहा एक सीमेन्टेड मत्स्य बीज हैचरी का निर्माण कार्य। | 24,98,250.00 | 5000.00 | 49,800.00 | चार माह |
| 4 | सहयोग भिलेज चास (बोकारो) में शौचालय, बाथरूम का निर्माण एवं पुराने शौचालय मरम्मति कार्य। | 9,40,000.00 | 1250.00 | 18,800.00 | तीन माह |
| 5 | सम्प्रेक्षण गृह चास बोकारो के मुख्य वार्ड भवन का जीर्णोद्धार कार्य। (शौचालय एवं बाथरूम सहित) | 9,40,000.00 | 1250.00 | 18,00.00 | तीन माह |
| 6 | सदर अस्पताल बोकरो परिसर में ओभर हेड टैंक एवं अन्डर वाटर टैंक का निर्माण कार्य। | 24,98,050.00 | 5000.00 | 50,000.00 | चार माह |
| 7 | बोकारो जिला औषधालय भवन में ड्रेनेज का निर्माण कार्य। | 4,98,000.00 | 750.00 | 10,000.00 | दो माह |

नियम एवं शर्ते सूचना पट् एवं www.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, बोकारो

PR 296386 Building(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता(यॉंत्रिक) का कार्यालय
## सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची

**अतिअल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– डब्लू0 आर0 डी0/आई0 एम0 डी0 रॉंची/02/2023–24 दिनांक–02.05.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पुतुंगरा वीयर योजना के मुख्य नहर के चेन संख्या संख्या–1.975, 11.88 पर नये सी.आर. एवं चेन संख्या–8.44 पर नये एच.आर. तथा गुड़गाँव वितरणी के चेन संख्या–0.85, 1.05 पर नये सी.आर. गेटों, इम्बेडेड पार्ट्स, उत्तोलन प्रणाली, रबड़ सील इत्यादि का निर्माण एवं अधिष्ठापन कार्य। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 28,88,300.00 (अट्ठाईस लाख अट्ठासी हजार तीन सौ) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 4 (चार माह)। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | रू0 58,000.00(अन्ठावन हजार) मात्र। |
| 5 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 10.05.2023 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.05.2023 (03:00 बजे अपराह्न)। |
| 7 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 04.05.2023 (05:00 बजे अपराह्न)। |
| 8 | परिमाण विपत्र का मुल्य एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 11.05.2023 (05:00 बजे अपराह्न तक)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 0651–2912296 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–2490232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रदद् की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई यॉंत्रिक प्रमण्डल, रॉंची

PR 296474 (Water Resource)23-24*D

## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस (2nd Call)

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– **BCD/BCHZB/BOKARO/04/2023-24** दिनांकः– **03.05.2023**

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT CHIRUDIH, BLOCK-BERMO, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 2 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BHANDARIDAH, BLOCK- BERMO, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 3 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT DUGDA, BLOCK - BERMO, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 4 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT GHATIYARI , BLOCK-BERMO, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 5 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT CHIDARI, BLOCK - GOMIA, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 6 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT HAZARI, BLOCK - GOMIA, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 7 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT HURLUNG, BLOCK-GOMIA, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 8 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ARAJU, BLOCK - JARIDIH, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 9 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BAGADA, BLOCK - KASMAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 10 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDINGAT CHANDIPUR, BLOCK-KASMAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 11 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT KEDLA, BLOCK - KASMAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 12 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT PONDA, BLOCK - KASMAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 13 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ARGAMO, BLOCK-NAWADIH, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 14 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ARJUWA, BLOCK - PETRWAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 15 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDINGAT JHUJHANKO, BLOCK-PETRWAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 16 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT PICHARI, BLOCK - PETERWAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| I | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **09.05.2023** | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | **16-05.2023** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | **17-05.2023** को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **17-05.2023** को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | **9110983022/8987663716** | |
| vii | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | **06546-222640** | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

***note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.***

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग।

PR.NO.296462 Building(23-24):D

## झारखंड सरकार
## उद्योग निदेशालय
## Jharkhand Government Tool Room, Ranchi
(An ISO 29990:2010-12, ISO 9001:2008, ISO 50001:2011 Certified institute)
Plot 38, Phase I, Tatisilwai Industrial Area, Ranchi-Muri Road, Opposite Usha Martin, Ranchi- 835103

### INDUSTRIAL/INTERNSHIP TRAINING PROGRAMME ON DESIGN/MANUFACTURING
For B.E. / B.Tech. / DIPLOMA STUDENTS

| Sl. No. | Name of the Course | Duration | Course Fee per candidate | Eligibility |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Internship on industrial Automation using PLC | 01 Month (3hrs/day/5 days/week) | 4000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in EE/EEE/EC |
| 02 | Internship on CNC programming & operation | 01 Month (3hrs/day/5 days/week) | 4000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in Mech/Auto/Prod |
| 03 | Internship on Automobile engineering | 01Month (3hrs/day/5 days/week) | 4000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in Mech/Auto/Prod |
| 04 | Internship on Web Designing | 01Month (3hrs/day/5 days/week) | 4000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA of all branches |
| 05 | Internship on manufacturing engineering using NX | 01Month (3hrs/day/5 days/week) | 4000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in Mech/Auto/Prod |
| 06 | Internship on Network Management | 01Month (3hrs/day/5 days/week) | 3000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA of all branches |
| 07 | Industrial training on PLC programming with project | 01 Month (3hrs/day/5 days/week) | 4,000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in EE/EEE/EC |
| 08 | Industrial training on AutoCAD with project | 01 Month (3hrs/day/5 days/week) | 4,000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA for all branches |
| 09 | Internship on industrial Automation using PLC | 02 Month (3hrs/day/5 days/week) | 6000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in EE/EEE/EC |
| 10 | Internship on CNC programming & operation | 02 Month (3hrs/day/5 days/week) | 6000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in Mech/Auto/Prod |
| 11 | Internship on Automobile engineering | 02Month (3hrs/day/5 days/week) | 6000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in Mech/Auto/Prod |
| 12 | Internship on Web Designing | 02Month (3hrs/day/5 days/week) | 6000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA of all branches |
| 13 | Internship on manufacturing engineering using NX | 02Month (3hrs/day/5 days/week) | 6000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA in Mech/Auto/Prod |
| 14 | Internship on Network Management | 02Month (3hrs/day/5 days/week) | 5000/- | B.E/B.TECH/DIPLOMA of all branches |
| 15 | Industrial Robotics & 3D Printing | 01 Weeks | 2000/- | B.E./Diploma/Industrial experienced person |
| 16 | Solar Power Technology | 02 Weeks (3hrs/day/5 days/week) | 3000/- | B.E./Diploma/ITI/ Industrial experienced person |
| 17 | Post Graduate/Diploma in Tool Design using CAD/CAM | 01 year (8hrs/day/5 days/week) (Full Time) | 36,500/-/- (Paid in 4 installments). | B.E./Diploma in Mech./Prod./Automobile or Equivalent Pass |
| 18 | Post Graduate/Diploma in CAD/CAM | 06 Months (8hrs/day/5 days/week) (Full Time) | 22,500/- (Paid In 3 Installments) | B.E./Diploma in Mech./Prod./Automobile or Equivalent Pass |

**COURSE STARTING DATE:- 09.05.2023, 23.05.2023 , 06.06.2023, 04.07.2023 & 01.08.2023**

**How to apply:** Submit or send the application form along with self-attested Photo copies of your certificates to the Principal along with DD of Rs **1000/-(Part of the course fee)**drawn in the favor of Jharkhand Government Mini Tool Room & Training Centre, payable at **Ranchi.** Hostel charges are Rs. 3000/- per month, (includes lodging & fooding both subject to availability).

**Online payment can also be done by these methods:**

| | |
|---|---|
| Account Name | Jharkhand Government Mini Tool Room & Training Centre |
| Account NO. | 20999317456 |
| IFSC Code | IDIB000T527 |
| Bank Name | Indian Bank |
| UPI Id | jgmtrtc@indianbk |

1) For Admission in the above courses & details about the courses visit our website: www.jgmsmetr.com or Email us at stc.jgmsmetr@gmail.com /trg.jgmtrtc@gmail.com
2) Contact us: 7261094902 & 0651-2265966
3) After online payment kindly send the screen shot of payment detail in above mentioned email.

sd/-
(Principal)

PR 296418 Industries (23-24)_D

## प्रज्वला महिला समिति ने किया छाता, सत्तू व लस्सी का वितरण

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दीक्षा महिला मंडल द्वारा संचालित प्रज्वला



महिला समिति सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में बुधवार को प्रज्वला महिला समिति अध्यक्ष काकोली राय ने 40 गरीब असहाय, पुरुष एवं महिलाओं के बीच भीषण गर्मी को देखते हुए छाता, सत्तू, गुड़ एवं लस्सी का वितरण किया. राय ने कहा भीषण गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा समय-समय पर ऐसी सामाजिक कार्य किया जाता है. समिति हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है.मौके पर रत्ना गुप्ता, बिमला मिश्रा,सुनीता सिंह, संटू झा, वन्दना केसरी, संगीता धुर्वे, अनीता कुमार, अर्पणा चौधरी, स्वेता विश्वकर्मा, माया, आदि उपस्थित थे।

## मिजिल्स रुबेला का 110 बच्चों को लगाया गया टीका

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य



विद्यालाय कचर्रा में मिजिल्स रुबेला का टीका 110 बच्चो को लगाया गया । टीका करण में ए एन एम पुष्पा रानी, सेविका ममता रवानी, सेविका पूनम सिंह, सहिया गौरी देवी, सहिया माला देवी, समाजसेवी भागीरथ सिंह, प्रधानाध्यापक अजय सरकार, उर्मिला सिंह, राजेश, कुमारी लक्षी का सराहनीय योगदान रहा ।

## एमआर अभियान के 21वें दिन 33 हजार से अधिक बच्चों को दिया गया टीका

### अब तक 4 लाख 86 हजार से अधिक बच्चों को लगाया गया एमआर का टीका

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मीजल्स रूबेला उन्मूलन को लेकर 12



अप्रैल से शुरू एमआर अभियान कार्यक्रम के 21वें दिन जिले के 33886 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया गया। इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा ने बताया अब तक कुल 486299 बच्चों को मीजल्स रूबेला का टीका दिया जा चुका है। वही आज की बात करें तो आज का लक्ष्य 37005 बच्चों को टीका लगाना था, जिमसें कुल 33886 बच्चों को आज टीका लगाया गया है। उन्होंने सभी से अपील की है कि जिले के सभी बच्चे (9 माह से 15 वर्ष तक) को मीजल्स रूबेला का टीका अवश्य लगवाएं। ताकि हर एक बच्चा स्वस्थ और सुरक्षित रहे। वहीं बाघमारा में 5903, बलियापुर में 826, गोविंदपुर में 4075, धनबाद सदर में 8477, झरिया में 5756, निरसा में 6312, तोपचांची में 1052, टुंडी में 1485 बच्चों को एमआर का टीका लगाया गया।

## रंजीत महतो के प्रयास से चापाकलों की मरम्मती हुई

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भीषण गर्मी और पानी की समस्याओं



को देखते हुए युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो के प्रयास से धनबाद जिले के अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के मरीचो पंचायत के राजकीय मध्य विद्यालय रतनपुर, आंगनबाड़ी केंद्र रतनपुर बेहराडीह आदि गांवों पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गोविंदपुर के पदाधिकारी के सहयोग से चापाकल की मरम्मती मात्र एक दिन के अंदर करवाया गया। रतनपुर मध्य विद्यालय के शिक्षक सहायक सहदेव राय, विद्यालय प्रबंधन समिति के गोपाल रजवार अध्यक्ष महोदय आदि ग्रामीणों के द्वारा सूचना दिया गया था कि विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र में विगत लगभग छः महीनों से चापाकल के ख़राब हो जाने के कारण पीने की पानी का विकट समस्या उत्पन्न हो गया है।

## बंद आवास से लाखों की चोरी

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भूली के बी ब्लाक क्वार्टर नंबर 14 में मंगलवार 2 मई की बीती रात बंद आवास से चोर लाखों की संपत्ति ले गए। भुक्तभोगी शबनम सरोज मुर्मू का कहना है की कल आजाद नगर स्थित हमारे रिश्तेदार के यहां देहांत हो गया था। जिस कारण मैं और मेरी बहन शोकाकुल परिवार के यहां देखने गये थे। और जब दूसरे दिन सुबह 7 बजे अपने घर वापस आए तो देखा की हमारे घर के बाहर का ताला टूटा हुआ है। उक्त सूचना स्थानीय भूली ओपी को दी गई। सूचना मिलने के बाद तुरंत भूली ओपी के प्रभारी घटना की छानबीन में जुट गए। वहीं भूली ओपी प्रभारी रोशन बाड़ा का कहना है की ऐसी घटना जिन्होंने किया है उसे बख्शा नहीं जाएगा जल्द ही उसे गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी और पूरे क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर विशेष ध्यान रखा जाएगा।

# रैपिड एक्शन फोर्स व पुलिस का संयुक्त फ्लैग मार्च, उपद्रवियों से निपटने की तैयारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में उपद्रवियों से निपटने के लिए विशेष परिस्थिति में रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने बुधवार की दोपहर जिला पुलिस बल के साथ शहर के प्रमुख थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया। जिसके तहत सरायरोला से आ रहे जवानों ने मार्च करते हुए धनबाद सदर थाना, बैंक मोड़ थाना तथा अन्य थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि रैपिड एक्शन फोर्स के जवान का यह अभियान 6 दिनों तक चलेगा। जिसके तहत संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के आयोजन होंगे।

बुधवार को रैपिड एक्शन फोर्स जवानों की एक प्लाटून अपने साधन व संसाधनों से लैस होकर शहर के मार्गों पर मार्च निकाला। मार्च के दौरान रैपिड एक्शन फोर्स के वज्र वाहन व अन्य गाड़ियां सायरन बजाते हुए कतारबद्ध ढंग से निकली। इस दौरान स्थानीय लोगों ने रैपिड एक्शन फोर्स के पूर्व से चले आ रहे हौसला और साहस की तारीफ की। लोगों ने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में रैपिड एक्शन फोर्स के जवान पूरी कर्तव्यनिष्ठा से हमेशा से प्रयत्नशील रही है। विपरीत परिस्थिति में लोगों के बीच शांति और सौहार्द्र कायम करने के लिए रैपिड एक्शन फोर्स एक भरोसेमंद नाम है।

### हिंदी ग्रंथ अकादमी की स्थापना की मांग

## अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखंड ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बुधवार को 11बजे अंतर्राष्ट्रीय हिंदी परिषद झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पांच प्रतिनिधि मंडल ने झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक ज्ञापन धनबाद उपायुक्त के माध्यम से भेजा। जिसमें राज्य में हिंदी ग्रंथ एकादमी की स्थापना विषयक मांग पत्र सोंपी गई। इस संदर्भ में जेएमएम की केंद्रीय सदस्या एवं प्रवक्ता डा.निलम मिश्रा को भी प्रतिलिपि सोंपा गया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी, वरिष्ठ महासचिव बलराम उपाध्याय, भवानी बंदोपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार पाण्डेय, रामाकांत ओझा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जिला महिला कांग्रेस ने बंद कार्यालय को खुलवाने के लिए किया सत्याग्रह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सीता राणा के नेतृत्व में लुबी सर्कुलर रोड स्थित पुराने कार्यालय के समक्ष सैकड़ों महिलाओं ने जय भारत सत्याग्रह के तहत धरना दिया गया जिसमें कार्यालय खुलवाने के लिए दिनांक 12 अप्रैल से लगातार कांग्रेस के नगर प्रखंड एवं मोर्चा संगठनों के द्वारा लगातार सत्याग्रह किया जा रहा है उसी कड़ी में आज धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा सुबह 10:00 बजे से लेकर सत्याग्रह धरना कार्यक्रम किया गया महिला अध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि देश की स्वाभिमान ओलंपिक वर्ल्ड कुश्ती खिलाड़ियों जंतर मंतर में बैठ कर के न्याय की गुहार कर रही हैं लेकिन केंद्र में बैठी है जुल्मी सरकार हठधर्मिता कि अपनी हदों क पार कर लगातार अपशब्द बोलकर अपने सांसद खेल फेडरेशन के अध्यक्ष को बचा रही है जो कि शर्म से डूब मरने की बात है महिला के सम्मान को चोट पहुंचाई जा रही है ।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

### समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया।



जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, मुआवजा, पारिवारिक विवाद, सरकारी योजनाओं में अनियमितता से संबंधित आवेदन आए। उपायुक्त ने आए सभी आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

## मिजिल्स रुबेला अभियान के सफल क्रियान्वयन व इसके रोकथाम को लेकर उच्च स्तरीय बैठक संपन्न

- सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा छूटे नहीं...
- अत्याधिक संख्या में बच्चों को एमआर वैक्सीनेशन से अच्छादित करें...




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** मिजिल्स रुबेला अभियान के सफल क्रियान्वयन व इसके रोकथाम को लेकर आज समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एमआर वैक्सीनेशन अभियान में बस कुछ दिन ही शेष रह गया है इसलिए सभी अधिकारी समन्वय स्थापित करते हुए अपने कार्यों को संपादित करेंगे। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि अत्याधिक संख्या में बच्चों को एमआर वैक्सीनेशन से अच्छादित करें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा छूटे नहीं। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी को काफी तत्परता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है ताकि निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि विद्यालयों के माध्यम से छूटे हुए बच्चों को चिन्हित करते हुए उन्हें एमआर वैक्सीनेशन अभियान से लाभान्वित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा किसी भी कारणवश यदि वैक्सीनेशन नहीं ले पाया हो तो उसे चिन्हित करते हुए एमआर वैक्सीनेशन का लाभ उपलब्ध कराएं।

## शादी में गर्म पूड़ी को लेकर युवकों ने किया बवाल



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरीडीह के मुफस्सिल थाना क्षेत्र पतरोडीह के एक शादी वाले घर में गर्म पूड़ी को लेकर कुछ युवकों ने जमकर बवाल किया साथ ही पत्थरबाजी भी की। बताया गया की बारात पतरोडीह में शंकर यादव के घर आयी थी जहाँ रात करीब दो बजे के लगभग कुछ युवक खाना खाने पंडाल में पहुंचे और गर्म पूड़ी की मांग करने लगे। गर्म पूड़ी नहीं मिलने के कारण वे हंगामा पर उतर आये और धीरे धीरे विवाद बढ़ गया। इसी दौरान लड़के दो गुटों में बंट गए और एक दूसरे पर पत्थर चलना शुरू कर दिया। जी कारण कुछ लोगों को छोड़ें भी आयी। पुरे विवाद में दोनों गुटों में जमकर गाली-गलौज भी हुआ। मामला इतना बढ़ गया की पूड़ी मांगने वाले लड़कों ने बाहरी लड़कों को भी बुला लिया और दूसरे गुटों के साथ जमकर मारपीट भी की। वहीँ इस मामले में स्थानीय लोगों का कहना है कि जानबूझकर शादी घर का माहौल खराब करने की नियत से इस तरह पूड़ी को जरिया बनाकर विवाद किया गया।

## झरिया विधायक ने की जीएम से वार्ता, लगाई फटकार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** लोदना क्षेत्र में चल रही आउटसोर्सिंग परियोजना से उड़ती धूलकण, विस्थापन, पानी, बिजली सहित अन्य समस्याओं से प्रभावित लोगों कि जनहित मुद्दों को लेकर गंभीर झरिया विधायक सह जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री पूर्णिमा नीरज सिंह ने अपने समर्थकों के साथ बुधवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ वार्ता किया। वार्ता के दौरान एक बंगला में एक खास यूनियन के नेता को अवैध रूप से प्रबंधन द्वारा कब्जा दिलाने को लेकर संघ समर्थकों ने हंगामा कर जीएम सहित अन्य अधिकारियों का जमकर फजीहत किया। अंततः जीएम बीके सिन्हा ने पूर्णिमा सिंह कि फटकार के बाद पीओ एके पाण्डेय को बंगला खाली कराने तथा अवैध कब्जाधारी के खिलाफ विभागीय एवं पुलिस से एफआईआर की कार्रवाई कराने का निर्देश दिया। जीएम ने कहा की प्रदूषण नियंत्रण को प्रबंधन गंभीर हैं। जल छिड़काव के लिए पांच टैंकरों को लगाया गया हैं। उन्होंने तीन टैंकर और जल्द ही जल छिड़काव में लगाने, परियोजना की घेराबंदी कराने और सड़क मरम्मती कराने सहित संघ की सभी मांगों से संबंधित समस्याओं का अविलंब समाधान कराने का आश्वासन दिया। वार्ता में जीएम बीके सिन्हा, एपीएम डीके भगत, परियोजना पदाधिकारी एके पाण्डेय, असैनिक अभियंता मुकेश कुमार, संघ की ओर से विधायक प्रतिनिधि केडी पाण्डेय, सुभाष सिंह, आरके पाठक, यूएस शाही, मल्लू सिंह, रामबाबू सिंह, राकेश सिंह, समरजीत सिंह, दीपक सिंह, रूपक सिन्हा, अमीत कुमार आदि थे।

## जमामो माता मंदिर पहुंचे गांडेय विधायक डॉ. सरफराज अहमद

### अनुष्ठान में हुए शामिल, मंदिर का किया भ्रमण, टेका माथा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह के जाने-माने संवेदक निरंजन राय के पैतृक गांव जमामो के जमामो माता मंदिर में नौ दिवसीय श्री श्री 108 राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा सह श्रीमद भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवे दिन सुबह को विधिवत् वैदिक पूजा अर्चना आरती के यज्ञचार्य सुबोध उपाध्याय के नेतृत्व में देवघर, हरिद्वार व बनारस से आए पुरोहितों द्वारा कराया गया। वहीं गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद अपने कार्यकर्ताओं के साथ नौ दिवसीय राधा कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा के भव्य कार्यक्रम व प्रसिद्ध जमामो माता मंदिर पहुंच कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर कार्यक्रम प्रमुख सह संरक्षक



**संरक्षक निरंजन राय ने अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**

निरंजन राय ने गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद व उनके कार्यकर्ताओ को सम्मनित किया। उन्होंने जमामो माता मंदिर के चारो तरफ भ्रमण कर भव्य पूजा का अवलोकन करने के साथ ही जमामो माता के पिंड व आस पास के देवी देवताओं के मंदिर के सामने नमन किए और महाप्रसाद भी ग्रहण किया। मौके पर गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि झारखंड व बिहार के बीच सौहार्द पूर्ण वातावरण जमामो माता की कृपा से हमेशा बना रहे।

इस क्रम में अर्जुन बैठा, जितेंद्र शर्मा,अभय कुमार राय व कई भक्तगण जमामो माता मंदिर पहुंच आशीर्वाद लिए।

## सुखे की चपेट में टुंडी, जलसंकट से ग्रामीण परेशान

**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** धनबाद जिले से करीब 40 किलोमीटर दूर में बसे टुंडी प्रखंड वैसे तो कई समस्याओं से जूझ रहा है पर वर्तमान में जलसंकट को लेकर ग्रामीण जनता में किंकर्तव्यविमूढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गया है। मानव जाति के साथ साथ जानवरों को भी इस भीषण गर्मी में पीने का पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है इके दुके चापानल को छोड़कर कहीं भी पानी की ठोस व्यवस्था नहीं है।मानव तो कहीं से भी अगर व्यवस्था कर भी लेते हैं परन्तु जानवरों के समक्ष भीषण संकट पैदा हो गया है। सरकार के समक्ष गुहार लगाने पर ठेठाटांड



जलापूर्ति योजना का उदाहरण देते हैं परन्तु ठेठाटांड जलापूर्ति से मात्र एक दो गांवों को पानी नसीब हो पा रहा है। टुंडी प्रखंड के ऐसे कई गांव है जो जलसंकट की समस्याओं से काफी जुझ रहे हैं। सर्रा, धधकीटांड, भोस्की, पाण्डेयडीह, जियाजोरी, लकड़ाखुन्धी सोनाद, मधुरसा आदि ऐसे कई गांव है। धधकीटांड में लघु सिंचाई विभाग का एक डैम का निर्माण सन् 1967 ई में किया गया था जो कि पक्कीकरण न होने से दो नहरों से पानी गांवों को दिया जा रहा था पर कच्चा डैम होने के कारण पानी की धारा से नहर फुट जाता है जिससे पानी गतंव्य स्थान तक पहुंच नहीं पाता जिला परिषद सदस्या मीना हेम्ब्रम द्वारा हाल ही में गहरीकरण के लिए प्राक्कलन बनवाई पर पर फाईलों तक पहुंचा और सिमट गई। झामुमो फतेहपुर पंचायत कोषाध्यक्ष मुख्तार अंसारी ने समय रहते जिला प्रशासन से इस और ध्यान देने का आग्रह किया है ताकि मानव जाति के साथ साथ जानवरों को भी इस भीषण गर्मी में पानी मुहैया हो सकें।

### सरिया : 84 लाख 44 हजार की लागत से बालिका उच्च विद्यालय में बनेगा 10 कमरों का दोमंजिला भवन

## विधायक ने छात्राओं के हाथों किया विद्यालय भवन का शिलान्यास

### विनोद कुमार सिंह ने किया शिलान्यास, कहा छात्रहित में जरुरी है भवन का निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया स्थित बालिका उच्च विद्यालय में 84 लाख 44 हजार 605 की लागत से 10 कमरों का दोमंजिला भवन का निर्माण होगा जिसमें भूतल परर 5 कमरा व ऊपर 5 कमरा बनेगा । उक्त भवन का शिलान्यास बुधवार को स्थानीय बिधायक विनोद कुमार सिंह ने शिलापट्ट का अनावरण कर व नारियल फोडकर किया । इस दौरान इन्होंने कहा कि इस विद्यालय में 700 छात्राएं अध्ययनरत है ,जिसमें चार कमरे ठीक हैं जबकि पुराने जो भवन है वो अत्यंत जर्जर है,उसमें बच्चों को ना तो बैठाया जा सकता है और ना ही किसी अन्य काम में लाया जा सकता है ,यहाँ के शिक्षकों छात्रों व स्थानीय लोगों द्वारा इस मामले से मुझे अवगत कराकर आवश्यक पहल की अपील की थी ,जिसके पश्चात हमने लगातार प्रयास कर शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारियों से लेकर विभागीय सचिव तक को जानकारी देकर ध्यान आकृष्ट करवाया और अंततः ये



योजना मिली और इसे धरातल पर उतारने का कार्य शुरु हुआ । इस दौरान इन्होंने शिक्षकों व छात्राओं से बातचीत में कहा कि वे भी परिसर के अंदर बन रहे इस भवन निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान रखें और संवेदक द्वारा यदि गडबडी की जाती है तो तुरंत हमें सूचित करें । मौके पर माले प्रखंड सचिव भोला मंडल, बीससूत्री अध्यक्ष मुरलीमनोहर मंडल, सांसद प्रतिनिधि रंजन कुमार,वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम,सिटी प्रबंधक विशाल सिन्हा,प्रमोद मंडल, जिम्मी चौरसिया,राजू मंडल, सुधीर स्वर्णकार आदि मौजूद रहे ।

## उपायुक्त ने औचक निरीक्षण के दौरान प्रखंड परिसर में जर्जर भवन को तोड़ने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत का भ्रमण कर उपायुक्त ने किया विभिन्न संचालित योजनाओं का निरीक्षण इससे पूर्व प्रखंड परिसर का अवलोकन कर पुराने एवं जर्जर भवन को तोड़ने का दिया निर्देश। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में जिला प्रशासन की टीम उपायुक्त डॉ0 वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ, सीओ ने क्षेत्र का भ्रमण किया। उपायुक्त ने प्रखंड परिसर स्थित पुराना जर्जर प्रखंड कार्यालय भवन को तोड़ कर मैदान बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रखंड परिसर साफ सुथरा नजर आये। और मॉडल ब्लॉक के रूप में देखा जा सके उसके बाद जिला प्रशासन टीम नंदलाल पल्स टू उच्च विद्यालय अरु का निरीक्षण कर पुस्तकालय भवन, प्रयोग शाला कमरा एवं 12 वी वर्ग का विषय अनुसार पढ़ाई की जानकारी लिया।



प्रयोग शाला कमरा में छात्राओं को नही देखने पर पढ़ाई के प्रति सजग करते हुए प्रति दिन प्रयोगशाला खोलने का निर्देश प्रधानाध्यापिका को दिया गया। वहीं विद्यालय के प्राचार्य ने कहा की शिक्षक मैट्रिक परीक्षा का कापी मूल्याकन करने दूसरे जिले गये हुए है। जिस पर सभी शिक्षक को बुलाने की बात कहते हुए कक्षा आरम्भ करने का निर्देश दिया गया। और विद्यालय प्रांगण में जर्जर भवन को चार दिन के अंदर हटाकर सूचना देने की बात कही गई। विद्यालय निरीक्षण के उपरांत अरु में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और साफ सफाई रखने का सलाह दिया गया। भड़गांव में आम बागवानी का निरीक्षण के पश्चात समय समय से सिंचाई करने तथा फल उत्पादन से लाभ उठाने की सलाह लाभुकों को दिया। इस के अलावा तोड़ार पंचायत के सीठियो में विद्यालय और आंगनबाड़ी केन्द्र का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमंडल पदाधिकारी अरविन्द कुमार लाल, जिला समज कल्याण पदादिकारी नरायन राम, बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ विजय कुमार, बीपीओ नीलेन्द्र कुमार सहित सभी पदादिकारी मौजूद थे।

## भारतीय विरासत की नींव में जनजातीय संस्कृति का है अहम योगदान : डॉ निलेश निशिकांत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जनजातीय अस्मिता भारतीय पृष्ठभूमि की पहचान है। हमारे झारखंड प्रदेश में लगभग 32 प्रकार के जनजातीय समुदाय निवास करते हैं। इन जनजातीय समुदायों में गोंड जनजातीय समुदाय अपने अमूल्य सभ्यता एवं संस्कृति के लिए विख्यात है। सिमडेगा जिला में गोंड समुदाय की जनसंख्या अच्छी है। गौरतलब है कि सिमडेगा विधानसभा की पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार एवं एचपीसीएल निदेशक विमला प्रधान जी के छोटे पुत्र डॉ निलेश निशिकांत ने गोंड जनजाति का मानवशास्त्रीय अध्ययन, सिमडेगा ज़िला के विशेष संदर्भ में किया। आज उन्हें रांची विश्वविद्यालय द्वारा उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्य के लिए पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। इस दौरान डॉ निलेश निशिकांत ने कहा कि झारखंड में अनेक जनजातीय समुदाय हैं और अनेक जनजातीय समुदाय में अनुसंधान कार्य भी किए जा रहे हैं, लेकिन अध्ययन काल के दौरान मैंने पाया कि गोंड जनजातीय समुदाय में बहुत अल्प मात्रा में अनुसंधान कार्य हुए हैं। अगर गोंड जनजातीय समुदाय के



मानवशास्त्रीय अध्ययन, सिमडेगा के संदर्भ में देखा जाए तो यह मेरे द्वारा किया गया पहला कार्य है। अध्ययन के पश्चात परिणाम में पाया गया कि गोंड जनजाति समुदाय आज पूरी तरह विकास की मुख्यधारा से अपने आप को नहीं जोड़ पाया है इसका सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है। आने वाले कालखंड में मेरा यह प्रयास रहेगा कि गोंड समुदाय भी शिक्षा, नवाचार, संचार एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा इत्यादि क्षेत्रों में अपनी अहम भूमिका अदा करें। आज मुझे जो भी मुकाम हासिल हुआ है उनमें मेरे स्वर्गीय पिताश्री, पूजनीय माताजी, मेरी जीवन संगिनी डॉ शशि कुमारी, भाई-बहनों एवं मेरे गुरुजनों का अतुल्य योगदान है साथ ही सिमडेगा जिला के वासियों ने भी मुझे प्रत्येक क्षण मार्गदर्शित करने का कार्य किया है। मैं प्रत्येक सज्जनों को आभार व्यक्त करता हूं।

## राजेंद्र बहादुर पाल ने राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय लोहरदगा में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा द्वारा आगामी 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल की अध्यक्षता में विभिन्न बैंक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने सभी बैंक के अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में वादों के निष्पादन के दिशा में प्रयास करने की बात कही ताकि अधिक से अधिक संख्या में आम लोग राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभान्वित हो सके। बैठक में बैंक से संबंधित अधिकारियों ने कहा कि अब तक डालसा के सहयोग से 1000 से ज्यादा नोटिस पक्षकारों को निर्गत किए जा चुके हैं। प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया। बैठक का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राजेश कुमार के द्वारा किया गया।

## विद्या मंदिर प्लस टू के बच्चे को कबाड़ से जुगाड़ के गुर सिखाए गए



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में बुधवार को विद्यार्थियों को कबाड़ से जुगाड़ के गुर सिखाए गए। विद्यालय इको क्लब के इस कार्यक्रम में पानी और कोल्ड ड्रिंक के खाली बोतलों को इकट्ठा करके मंगाया गया था। जिनसे विभिन्न प्रकार के हैंगिंग पॉट और फूलों के गमले बनाना शिक्षकों द्वारा सिखाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य उत्तम मुखर्जी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्लास्टिक के बोतल पूरे विश्व में बड़ी समस्या हैं और विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनूठे उपयोग से पर्यावरण पर पड़ रहे दुष्प्रभाव को कम करने का प्रयास पर्यावरण प्रेमी कर रहे हैं। इको क्लब की प्रमुख रेणु कुमारी ने कबाड़ से जुगाड़ का महत्व बताया। बच्चों ने तरह-तरह के हैंगिंग पॉट बनाए। छात्र-छात्राओं में शशि कच्छप, सृष्टि श्रेया बागे, सुषमाभिषेक लकड़ा, सुहानी टोप्पो, राधेश्याम दास गोस्वामी, तनिषा केसरी, रौशन उरांव, अंशु उरांव, रोहित कुमार साहू, अंकित कुमार शौर्य, अमित उरांव, बबली कुमारी, निशा उरांव, सोनी उरांव, सोनाली मिंज आदि ने बड़े उत्साह के साथ सीखा और पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेतना प्रिया, रश्मि साहू, स्नेहा शर्मा, कविता कुमारी, आरती भगत, प्रीति कुमारी गुप्ता, नीतू कुमारी आदि की अहम भूमिका रही।

## शहादत दिवस पर शहीद पुलिस जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीद जवानों को सेन्हा थाना परिसर में शहादत दिवस पर याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही घटना में पैर खोने के बाबजूद पुलिस विभाग में कार्यरत ए एस आई को पुलिस उपाधीक्षक ने अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया। सेन्हा थाना क्षेत्र के धरधरिया जलप्रपात के समीप 3 मई 2013 को उग्रवादियों से लोहा लेने के दैरान 11 जवान शहीद हो गये थे। जिनके याद में सेन्हा थाना परिसर में 3 मई को शहादत दिवस के रूप श्रधांजलि कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में शहिद जवानों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद एवं थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी तथा जवानों द्वारा शहीद



जवानों को पुष्पांजलि अर्पित किया गया। शहीदों को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत पुलिस पदाधिकारी ए एस आई जमशेद खान को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बताया जाता है। कि सेन्हा थाना क्षेत्र के धरधरिया जलप्रपात के समीप पुलिस व उग्रवादीयों के बीच मुठभेड़ में जमशेद खान जवानों के साथ लोहा लेने के दौरान अपना एक पैर खो चुके है। उसके बाबजूद भी हिमत नही हारे और आज भी जवानों के लिए मिशल के तौर पर विभाग में ए एस आई के पद पर कार्यरत है। जानकारी के अनुसार बता दें कि जमशेद खान उग्रवादियों से लोहा लेते हुए काफी करीब पहुंच चुके थे। परंतु लोकेशन स्पष्ट नही होने तथा पूर्व से उग्रवादी अंकुश लगाए जाने के कारण 11 जवानों को साजिस का शिकार होना पड़ा था। और कितने जवान घायल हो गए थे। बताया जाता है। कि जमशेद खान अपने जीवन का प्रवाह किए बिना प्रभारी के रक्षा में एवं अन्य साथियों को बचाने में जो बहादुरी का परिचय दिया वह काबीले तारीफ है। शहिद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित में पु0आ0नि0 गणेश यादव, शर्मा भगत, जमशेद खान, मुकेश कुमार शर्मा, सहित पुलिस जवान एवं चौकीदार शामिल थे।

## मनरेगा योजना से बदलेगी गांव कि तस्वीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बानो प्रखंड के समडेगा राजस्व ग्राम में क्लस्टर फैसिलिटेशन प्रोजेक्ट मनरेगा के द्वारा गांव का विकास हेतु मनरेगा योजना को जलछाजन में समायोजित कर एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली के आधार पर कार्य किया जाएगा। इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बानो प्रखण्ड के समडेगा गाँव में सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन का आयोजन किया गया था, जिसके तहत विस्तृत परियोजना रिपोर्ट का कार्य आरंभ किया गया बैठक ग्राम सभा अध्यक्ष श्री अगपति लुगून की अध्यक्ष्यता मे बैठक संपन्न हुई, बैठक मे लोगों को प्राकृतिक संसाधन का प्रबंधन हेतु मनरेगा को जलछाजन में समायोजित कर कार्य करने के लिए प्रेरित कर योजना को सफल बनाने में लोगों को सहयोग करने का दिशा निर्देश दिया। मनरेगा को जलछाजन के तहत सफल बनाने के लिए मौके पर उपस्थित बानो ब्लॉक GIS समन्वयक जेमिसन् मार्शल टोप्पो, एनआरएम



एक्सपर्ट कुमार दीपेश, मुकेश पासवान, लाइवलीहुड एक्सपोर्ट अचल टोपनो और दीपक कुमार ने नक्शा बनाकर लोगों को समझाने का प्रयास किया की मनरेगा योजना क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति के अनुसार लिया जाएगा, जिसके तहत तेजी से बहते हुए पानी को फैलाकर धीरे किया जाएगा, और फिर धीरे-धीरे धरती के अंदर जाने के लिए योजना को ऐसे सुव्यवस्थित किया जाएगा कि अधिकतर पानी भूमि के अंदर चला जायगा और धीरे-धीरे आंतरिक जल स्रोत ऊपर की ओर आ जाएगा जिससे हमारे क्षेत्र में जल की समस्या का समाधान होगा साथ ही लोगों में आजीविका का असर बढ़ेगा जिससे गांव में बेरोजगारी की समस्या दूर होगी और गांव विकास की ओर बढ़ेगा। मौके पर उपस्थित एफपीओ, जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ सोनू सिंह ने जल संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए प्रकृति संसाधनों के प्रबंधन पर लोगों को जागरूक किया वार्ड (अनिता बारला), सावना मांझी, शंकर सिंह आदि उपास्थित थे।

## एंटी क्राइम अभियान के तहत पुलिस प्रशासन द्वारा चलाया गया सघन वाहन जांच



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एंटी क्राइम अभियान के तहत सेन्हा थाना के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन जाँच अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर सेन्हा थाना के समीप ए एस आई पवन सोरेन के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर एंटी क्राइम अभियान के तहत वाहन जांच चलाया गया। वाहन जांच के दौरान वाहन की डिक्की, बैग, थैला खुलवा कर आपत्तिजनक वस्तु या नशीला पदार्थ होने की सम्भवना में जांच किया गया। वाहन जांच के दौरान लोहरदगा जिला तथा गुमला जिला की ओर से आ रही चार पहिया वाहन सहित बाइक,स्कूटी पर भी पुलिस की पौनी नजर बनी हुई थी। साथ ही वाहन सवार लोगों से पूछताछ भी किया जा रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देश पर बाहर से आने वाली वाहनों को बारीकी से जांच किया जा रहा है। जिससे क्षेत्र में क्राइम और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके और वैसे लोगो के विरुद्ध कारवाई किया जा सके जो क्राइम में संलिप्त हो या जिनके द्वारा क्राइम को बढ़ावा देने की सम्भवना प्रतीत होता है। साथ ही उन्होंने कहा की वाहन जांच अभियान अगले आदेश तक जारी रहेगा।

## यूपी निकाय चुनाव में मुस्लिम पसमांदा समाज को टिकट देना शुभ संकेत : मौलाना अशरफी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक सह ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने कहा पसमांदा की पसमांदगी को खत्म करने में एआईपीएमएम कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मालूम हो कि पीएम नरेंद्र मोदी जी पहले ही कह चुके हैं भाजपा नेताओं को कि वे पसमांदा के बीच पहुंचे वह वोट करें या ना करें पर निश्चित रूप से इसका लाभ भाजपा को मिलेगी। 80त्न पसमांदा मुस्लिम समाज भारत में अपनी राजनीतिक शैक्षणिक आर्थिक से पिछड़ गए, इन सब महत्वपूर्ण मसलों से यह दूर रहे हैं या तो दरकिनार कर दिया गया था। मौलाना अशरफ ने कहा झारखंड की बात करें तो राज्य अलग होने के बाद से मुस्लिमों को बोर्ड निगमों में जगह जरूर दी गई मगर तन मन धन के साथ खूने जिगर सींच कर एक लंबे अरसे तक इमानदारी पूर्वक काम करने वाले सुन्नी खानकाही के एलावे किसी



भी मुस्लिम पसमांदा समाज को जगह नहीं मिली जिसके नतीजे में झारखंड प्रदेश में बड़ी तादाद में मुस्लिम पसमांदा भाजपा से नहीं जुड़ सके। जब की कोशिश जारी है एमआरएम मार्गदर्शक डॉक्टर इंद्रेश कुमार जी की यह नुमाया किरदार है की सबों को एक प्लेटफार्म से सबकी सफर एक गाड़ी पे होती है जो एमआरएम एक आईना है। आगे मौलाना अशरफी ने कहा भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्पष्ट कर दिया है हम इन्हें यानी पसमांदा मुस्लिम समाज को अलग नहीं रख सकते देश के प्रधानमंत्री जी और यूपी राज्य के सीएम योगी आदित्यनाथ जी और भाजपा के बड़े नेताओं की अहम भूमिका है।

## सहिया चुनाव में विवाद होने से चुनाव प्रकिया अगले आदेश तक स्थगित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** अरु पंचायत भवन में ग्रामसभा के माध्यम से सहिया चुनाव के दौरान आपसी विवाद के कारण अगले आदेश तक चुनाव प्रकिया स्थगित। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत भवन में सहिया चुनाव प्रकिया ग्राम प्रधान के अध्यक्षता में आरम्भ किया गया था। सहिया चुनाव प्रकिया के पूर्व सहिया उम्मीदवार से आवेदन की मांग किया गया। जिसमें 6 महिला उम्मीदवारों का आवेदन जमा हुआ तभी प्रकिया को आगे बढ़ाते हुए कार्य स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पंचायत मुखिया राजश्री उराँव के उपस्थिति में किया जा रहा था। इसी दरमियान किसी बात को लेकर आपसी विवाद में मारपीट होने के करण चुनाव प्रकिया को अगले आदेश तक स्थगित किया गया। बताया जाता है कि चुनाव के दौरान अरु निवासी दिनेश साहू की पत्नी रीना देवी ने थाना में लिखित सूचना देते हुए बताई की किसी कारण से चुनाव स्थगित होने पर



सहिया उम्मीदवार नाजिया प्रवीण पति तजमुल अंसारी द्वारा सहिया चुनाव करवा कर जाने की बात बोलते हुए अपशब्द का प्रयोग किया जिसपर आपत्ति जताने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया। साथ ही रीना देवी ने बताई की मारपीट के दौरान मेरे हाथ में गम्भीर चोटें आई है। बताया जाता है कि चुनाव के दौरान सहिया रीना देवी एवं उम्मीदवार नाजिया प्रवीण के बीच हुई विवाद में नाजिया प्रवीण भी अपना पक्ष रखते हुए थाना में आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाई है। फिलहाल मामला को शांत कराते हुए पुलिस विवाद के कारणों का पता लगाने के दिशा में कार्य कर रही है।

## शरारती तत्वों के उत्पात से परेशान राजकीय मध्य विद्यालय प्रबंधन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** भंडरा राजकीय मध्य विद्यालय में शरारती तत्वों का उत्पात कम नहीं हो रहा है। इससे विद्यालय प्रबंधन समिति के अलावे विद्यार्थियों को भी काफी परेशनियों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण आएं दिन शरारती तत्वों द्वारा विद्यालय में लगे सिंटेक्स, पानी वायरिंग को क्षतिग्रस्त कर रहे है। इतना ही नहीं विद्यालय परिसर में कई आपत्तिजनक चीज भी फेक कर चले जा रहे है। इससे विद्यालय प्रबंधन समिति को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शरारती तत्वों मंगलवार को विद्यालय छुट्टी के बाद एक बार फिर से सिंटेक्स में बोरिंग से गए पानी का पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इससे मध्याह्न भोजन के बाद बच्चों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। विद्यालय की



प्रधानाध्यापिका मनोरमा तिर्की ने कहा कि शरारती तत्वों के कारनामों से विद्यालय का संचालन कर पाना बहुत ही मुश्किल होता जा रहा है। इस एक सप्ताह में चार बार बोरिंग में लगें पाइप को दुरुस्त कराया गया है। इसके बाद भी पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया जाता है। इतना ही नहीं मध्याह्न भोजन के बाद बच्चों को पेयजल के लिए लगें नल को भी खोलकर ले जाया जाता है। इसके अलावे क्लास परिसर में शौच तक कर दिया जा रहा है। कभी-कभी तो दीवार में कई आपत्तिजनक बातें भी लिख दिया जाता है।

## जल व स्वच्छता मिशन प्रकल्प के तत्वाधान में कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन प्रकल्प के तत्वाधान में बुधवार को प्रखंड प्रमुख की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। 29 अप्रैल से 15 मईं तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाने हैं। जिस निमित प्रखंड में एक दिवसी स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजित प्रखंड स्तरीय कार्यशाला में विभिन्न विभाग के पदादिकारी तथा जनप्रतिनिधि एवं स्वंय सेवी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यशाला को सबोंधित करते हुए प्रखण्ड प्रमुख फूलझरी देवी ने कहा कि गाँव घर को स्वच्छ और साफ सुथरा रखना हम सभी का दायित्व है। जीवन मे सफाई का महत्वपूर्ण स्थान है । स्वच्छता से अनेको बीमारी नही होती है। मन शरीर चंचल रहता है। बुद्धि विवेक बढ़ता है। स्वच्छता के अभाव में गन्दगी होने से इनको बीमारियाँ फैलती है। रहन सहन तथा जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। स्वास्थ्य सोशल मोबलाइजर मनसा रानी ने



स्वास्थ्य से समन्धित विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छ तन मन रहने से हृदय में भगवान का निवास होता है। स्वच्छता के माध्यम से हम जीवन मे सफलता प्राप्त कर सकते हैं। हमे अपने तन मन के साथ-साथ गाँव घर तथा आस पड़ोस और मुहल्ले को स्वच्छ बनाये रखना आवश्यक है। और स्वच्छता के लिये सभी को हर सम्भव प्रयास करते रहना चाहिये जिसे कोरोना,मलेरिया,चेचक,हैजा जैसे घातक महामारी से बचाव हो सके और लोग निरोग रहे। पेयजल स्वच्छता विभाग के अभियन्ता लखीराम मांझी ने कहा कि सबसे पहले अपने आप को स्वच्छ रखे और घर को तथा गाँव और पड़ोस का साफ सफाई कर स्वच्छ रखने का प्रयास करें ओर क्षेत्र में स्वच्छता को बनावे रखने के लिये सभी को प्रेरित करें हरसंभव प्रयास करते रहें। साथ ही कहा कि अकेले नही सभी का सहयोग से अभियान सफल हो सकता है। मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधि,पदाधिकारियों और स्वयं सेवी संस्था के कर्मियों को स्वस्थ्य के लिये शपथ दिलाया गया। शपथ लेते हुए लोगो ने तरल कच्चरा,प लास्टिक कच्चरा, मैलिय कच्चरा तथा महावारी स्वच्छहता प्रबन्धन का सफाई के प्रति प्रतिज्ञा लिया साथ ही ठोस एवं तरल कच्चरा प्रबंधन के आधार पर गांव को विभिन्न श्रेणियों में घोषित एवं सत्यापित किया जाना है। साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत ग्राम स्तर पर श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता पर ठोस एवं तरल कच्चरा प्रबन्धन अंतर्गत विभन्न संरचनाओं का निर्माण विशेष ग्राम सभा का आयोजन,विद्यालय स्तर पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करना और सभी गाँव को ओडीएफ घोषित किये जाने की बात कही गई। स्वच्छ पखवाड़ा मिशन को सफल बनाने के लिए सरकारी एवं गैर सरकारी संस्था और आमजनों से अपील किया गया। मौके पर प्रमुख फूलझरी देवी, मुखिया शोभा देवी, पार्वती उराँव, बसन्ती, पेयजल स्वच्छता विभाग के अभियन्ता लखीराम मांझी, मनसा रानी, पंचायत सचिव भैया भगत, महिपाल उराँव, ओम प्रकाश साहु, नागमनी उराँव, रिझवान अख्तर के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी जल सहिया मौजूद थे।

## कैरो प्रखंड कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

### प्रखंड खुले में शौच मुक्त, इसे बनाये रखना हम सबका कर्तव्य : पवन कुमार महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 03 मई बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार मे प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव की अध्यक्षता मे एव उप प्रमुख मधुलिका रानी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो एवं प्रखंड के मुखिया, पंचायत समिति, प्रखंड कार्यालय कर्मी की उपस्थिति मे स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित प्रखंड सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन। उक्त कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए बीडीओ श्री महतो ने कहा कि प्रत्येक ग्राम में ठोस एवं तरल कचरा का संपूर्ण निपटान को सम्पूर्ण निपटान करना है। स्वच्छता पखवाड़ा 29 अप्रैल से 15 मई 2023 तक क्रम वार गतिविधियां किया जाएगा इसके लिए विभिन्न



विभागों जैसे पंचायती राज विभाग, मनरेगा, इत्यादि से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाना है। ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन जल संरक्षण जल की गुणवत्ता पर चर्चा किया गया कचरे का उचित निपटान नहीं होने से वायु जल मिट्टी प्रदूषित होता है जिसे विभिन्न बीमारियां फैलने की आशंका रहती है कचरा पृथक्करण कर एकीकृत कर उसे ग्राम स्तर से पंचायत मुख्यालय को भेजा जाएगा जिससे पुनः उपयोग के लिए सामग्री वस्तु री साइकिल किया जाए प्रखंड जिला खुले में शौच मुक्त हो चुका है उसे निरंतर बनाए रखने के लिए हमें कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। साथ ही कनीय अभियंता द्वारा यह कहा गया की प्रखंड क्षेत्र में जितने भी चापानल खराब है उसे जल्द मरम्मत कर दिया जाएगा ।श्रमदान करते हुए कार्यालय को साफ किया गया साथ ही स्वच्छता सपथ लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय द्वारा मुखिया को यह निर्देश दिया गया की वैसे छूटे हुए योग्य लाभुक जिनको अबतक शौचालय का लाभ नहीं मिला है उनको चिन्हित करते हुए सूची बनाएं। कार्यशाला समापन के पश्चात उपरोक्त ने उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता हेतु शपथ भी दिलाई गई। उन्होने कहा कि पखवाडा मे वेहतर कार्य करने वाले पंचायत जन-प्रतिनिधियों को जिला मे सम्मानित भी किया जाएगा। मौके पर उपरोक्त के अलावा पंचायत सचिव गुहा उराँव, सुहैल अहमद, पेयजल एवं स्वच्छता के कनीय अभियंता सुमन राज खलको, प्रखंड समन्वयक पेयजल एवं स्वच्छता खालिक अंसारी, पंचायती राज प्रखंड समन्वयक आकाश कुंवर पंचायत समिति गजनी, पंचायत सचिव जल प्रखंड क्षेत्र के सभी सहिया उपस्थित थें।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अर्जुन मुंडा को दी जन्मदिन की बधाई

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपने ट्वीट संदेश में ने कहा कि परमात्मा आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करे, यही कामना करता हूं।

### जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन से ईडी आज करेगी पूछताछ

**रांची** : प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) जमीन घोटाला मामले में रांची के पूर्व डीसी आईएएस छवि रंजन से गुरुवार को पूछताछ करेगी। इसे लेकर ईडी ने छवि रंजन को समन भेजा है। भेज गये समन में आईएएस छवि रंजन को सुबह 11 बजे ईडी के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उपस्थित होने को कहा गया है।ईडी ने इस संबंध में 28 अप्रैल समन भेजा था। इससे पूर्व ईडी ने बीते 24 अप्रैल को छवि रंजन से पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे सबसे पहले उनसे सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री में उनकी भूमिका से संबंधित सवाल किये गए थे। इसके बाद उनके खिलाफ बड़गाई के अंचल अधिकारी मनोज कुमार की ओर से लगाये गये आरोप के बारे में पूछा गया था। सीओ मनोज कुमार ने पूछताछ में ईडी को बताया था कि उसे प्रदीप बागची द्वारा अंचल कार्यालय में जमा किये गये दस्तावेज पर संदेह था लेकिन छवि रंजन द्वारा भारी दबाव और दंडित करने की धमकी देने के बाद प्रदीप बागची के पक्ष में रिपोर्ट भेजी गयी। इसके बाद जमीन की रजिस्ट्री हुई। छवि रंजन ने इन आरोपों का खंडन किया और सेना की जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में सीओ सहित वहां के कर्मचारियों को दोषी बताया था। हालांकि, वह दस्तावेज में जालसाजी कर सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद बिक्री के सिलसिले में गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों से आमने-सामने पूछताछ के दौरान ईडी के सवालों में उलझ गये थे। रंजन ने कुछ सवालों के जवाब में टाल मटोल और कुछ में चुप्पी साध ली थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 13 अप्रैल को सेना के जमीन घोटाले मामले में रांची के पूर्व ईडी छवि रंजन सहित बंगाल, झारखंड और बिहार सहित 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान ईडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। सभी को ईडी ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इस छापेमारी में ईडी के हाथ कई जमीन से जुड़े कागजात हाथ लगे थे।

### सुनीता चौधरी पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति की सदस्य बनीं

**रांची :** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने रामगढ़ की विधायक सुनीता चौधरी को पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति का सदस्य बनाया है। इससे संबंधित अधिसूचना झारखंड विधानसभा सचिवालय ने जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि समिति की सभापति सबिता महतो हैं।

# शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की आज से गोवा में बैठक

**एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 को शंघाई में हुई थी। एससीओ में इस समय आठ सदस्य देश- भारत, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं।**




एजेंसी

**नई दिल्ली।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक गुरुवार से गोवा में प्रारंभ होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर विदेश मंत्रियों की इस बैठक में शामिल होने के लिए बुधवार को गोवा पहुंचे। भारत शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का वर्तमान अध्यक्ष है। एससीओ की स्थापना 15 जून 2001 को शंघाई में हुई थी। एससीओ में इस समय आठ सदस्य देश- भारत, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग, रूस के सर्गेई लावरोव और पाकिस्तान के बिलावल भुट्टो-जरदारी बैठक में अन्य नेताओं के साथ शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर इस दौरान चीन और रूस के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक भी कर सकते हैं। बैठक से एक दिन पहले विदेश मंत्री तैयारियों का जायजा लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। अन्य देशों के प्रतिनिधिमंडल कल यहां पहुचेंगे।

## बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आयोजन पांच मई से, राज्यपाल करेंगे उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पांच से सात मई तीन दिवसीय बांग्ला सांस्कृतिक मेले का आयोजन मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे।

इसे लेकर बुधवार को आयोजन समिति के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि मेले के मुख्य मंच का नामकरण बांग्ला कविता और नाटक के प्रथम रचयिता माइकल मधुसूदन दत्त के नाम पर किया गया है। उनके 200वें साल के जश्न का साक्षी रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम बनेगा। सुप्रियो ने कहा कि माइकल को पायोनियर ऑफ बंगाल लिटरेचर के नाम से जाना जाता है। शाम सात बजे आयोजन स्थल पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन कोलकाता के डांस बाय डांसर गिल्ड और कोलकाता की मौलाली रंगशिल्पी के की ओर से ड्रामा की प्रस्तुति होगी।

भट्टाचार्य ने बताया कि छह मई को विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो और राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश का आगमन बांग्ला सांस्कृतिक मेले में होगा। इस दिन कोलकाता के पंचम म्यूजिकल ग्रुप की ओर से बांग्ला आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति होगी। जबकि समापन कार्यक्रम में सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन और ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम मौजूद रहेंगे।

## देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी : मनसुख मांडविया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि देश में पिछले दस वर्षों में अंग प्रत्यारोपण के मामलों में तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम की 99वीं कड़ी में देशवासियों से अंगदान के लिए आगे आने का आह्वान किया था। इससे देश में अंगदान को एक नई गति मिली है।

डॉ. मांडविया ने बुधवार को स्वास्थ्य राज्यमंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में अंगदान एवं प्रत्यारोपण की स्थिति की समीक्षा की। इसके साथ देश में अंगदान और प्रत्यारोपण को बढ़ावा देने को लेकर नीतिगत सुधारों के लिए अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख लेने के भी निर्देश दिए।

डॉ. मांडविया के मुताबिक वर्ष 2016 में 930 मृत दाताओं से 2265 अंगों का उपयोग किया गया, जबकि वर्ष 2022 में 904 मृतक दाताओं से 2765 अंगों का उपयोग किया गया।

एनओटीटीओ अस्पतालों में अंगदान और प्रत्यारोपण कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए चरण-दर-चरण मार्गदर्शिका के रूप में एक प्रत्यारोपण मैनुअल पर काम कर रहा है और प्रत्यारोपण समन्वयकों के प्रशिक्षण के लिए एक मानक पाठ्यक्रम पर भी काम कर रहा है। इन दोनों दस्तावेजों को पूरा कर जल्द ही जारी कर दिया जाएगा।

## सर्बिया के स्कूल में छात्र ने गोलीबारी कर आठ साथियों को मार डाला, एक सुरक्षाकर्मी की भी मौत

एजेंसी

**बेलग्रेड।** सर्बिया के एक स्कूल में छात्र ने अंधाधुंध गोलीबारी कर अपने साथी आठ बच्चों को मार डाला। इस दौरान स्कूल के एक सुरक्षाकर्मी की भी मौत हो गयी।

सर्बिया के सेंट्रल बेलग्रेड स्थित ब्लादिस्लाव रिबनिकर स्कूल रोज की तरह बुधवार सुबह भी खुला था। स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे जब स्कूल में पढ़ाई शुरू हो चुकी थी, स्कूल से ताबड़तोड़ गोलियों की आवाज सुनाई देने लगी। सर्बिया पुलिस के अनुसार सातवीं कक्षा के एक छात्र ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। 14 वर्षीय उक्त किशोर ने अपने साथियों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। गोली चलने से वहां चीख-पुकार मच गयी। सुरक्षाकर्मियों ने उक्त किशोर को रोकने की कोशिश की तो उन्हें भी गोली का सामना करना पड़ा। बाद मे वहां पहुंची पुलिस ने गोलीबारी करने वाले किशोर को हिरासत में लिया। फायरिंग के कारण मची चीख-पुकार के बीच आठ बच्चों की मौत हो गयी। स्कूल के एक सुरक्षाकर्मी को भी गोली का शिकार होकर जान गंवानी पड़ी। गोलीबारी में पांच लोग घायल भी हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



इनमें से एक की हालत गंभीर बताई गयी है। घटना की सूचना पाकर स्कूल पहुंचे बच्चों के माता-पिता बेहद घबराए हुए हैं। पुलिस ने स्कूल की घेराबंदी कर ली है। पता चला है कि गोलीबारी करने वाला छात्र अपने पिता की बंदूक लेकर आया था। पहले से ही बंदूकों के लाइसेंस के लिए कड़े नियमों वाले सर्बिया में इस घटना के बाद नए सिरे से इस मसले पर चर्चाएं शुरू हो गयी हैं।

### संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव से मिले जिप उपाध्यक्ष

# पलामू को शिक्षा का हब बनाने में अविनाश देव निभा रहे सक्रिय भूमिका : आलोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के नावाहाता स्थित ख्यातिप्राप्त संत मरियम आवासीय विद्यालय में विद्यालय के चेयरमैन सह झारखंड सरकार के निवर्तमान माटी कला बोर्ड सदस्य अविनाश देव जी से पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर उन्होंने शैक्षणिक, सामाजिक एवं राजनीतिक के विभिन्न पहलुओं पर देव जी के साथ काफी देर तक चर्चा की। बात-चीत के दरम्यान पता चला कि माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन होनेवाला है। मौके पर जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने झारखंड सरकार से अपील करते हुए कहा कि अतिशीघ्र माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन किया जाये, ताकि झारखंड के लाखों बेरोजगार शिल्पकारों को रोजगार से जोड़ा जा सके। आगे उन्होंने मीडिया को बताया कि शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अविनाश देव जी का सदा से ही सराहनीय योगदान रहा है। पलामू को शिक्षा का हब बनाने में भी देव जी की सक्रिय भूमिका रही है, वहीं देव जी हर सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। इस बीच जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने विद्यालय का औचक निरीक्षण भी किया और देव जी को शैक्षणिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए शुभकामनाएँ भी दीं। चर्चा के बीच उन्हें पता चला कि उनके अनुज स्वरूप मित्र व मासिक पत्रिका अरण्य वाणी के संपादक विनोद सागर जी का पुत्र शिवम सागर (चुन्नू) इसी आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत है तो उन्होंने उससे मिलकर शुभाशीष दिया एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही, विद्यालय के अन्य बच्चों के बीच भी कुछ पल बिताए, वहीं इस मुलाकात को यादगार बताते हुए अविनाश देव ने आलोक जी का तहे-दिल से आभार व्यक्त किया।



## संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन कर गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे मंत्री हसन : दीपक

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण, पर्यटन एवं खेलकूद युवा कार्य मंत्री हफीजुल हसन के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। प्रकाश ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्री संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन करते हुए गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे। उन्होंने कहा कि एक समाचार पत्र में साक्षात्कार के माध्यम से अतीक अहमद जैसे कुख्यात अपराधी को मंत्री ने महिमा मंडित किया है। मंत्री के बयान से राज्य सरकार की मंशा ही उजागर हुई है। यह सरकार अपराध और अपराधियों के संरक्षण के साथ तुष्टीकरण में लिप्त है। उन्होंने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि मंत्री असंवैधानिक और गैर जिम्मेदाराना बयान देने के अभ्यस्त हो चुके हैं। प्रकाश ने 1932 की नियोजन नीति के संबंध में भी मंत्री के बयान को जनता एवं बेरोजगार नौजवानों को दिग्भ्रमित करने वाला बताया।

## रांची मेगा ट्रेड फेयर : एक ही प्लेटफार्म के नीचे हर सामान मिलने पर शहरवासियों ने की जमकर खरीदारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में बुधवार को भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में एक ही प्लेटफार्म के नीचे हर आयुवर्ग के लिए उत्पाद उपलब्ध होने के चलते शहरवासी विविध प्रकार की स्टाल में मनपसंद की चीजें खरीदने में मशगूल रहे। साथ ही मनोरंजन का भी लुत्फ उठाया। मेले में गृहणियां घरेलू सामान एवं आर्टिफिशियल ज्वैलरी खरीदने में मशगूल नजर आई। फेयर में गारमेंटस, पंजाबी और राजस्थानी जूती, क्राकरी तथा घर की साज सजावट के सामान के स्टाल पर खूब रौनक रही। बच्चों के खिलौने, पठन पठान की सामग्री भी बिक रहा है।चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि फेयर में लोगों का खरीदारी के प्रति रुझान बढ़ रहा है। ट्रेड फेयर में घरेलू सामान की खूब खरीदारी हो रही है। मौसम का भी साथ मिल रहा है। बेहतरीन मौसम होने के कारण फेयर में खरीदारी करने वालों की भीड़ आ रही है। यह उत्साहवर्धक है। स्टॉल धारक भी बिक्री से खुश नजर आ रहे हैं। तीन हजार रुपये की खरीदारी पर निश्चित उपहार का लाभ लोग उठा रहे हैं।वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव भी ट्रेड फेयर पहुंचे। उन्होंने विभिन्न स्टाल में लगे उत्पादों को देखा। साथ ही बाहर से आये स्टालधारकों से बातचीत की। उन्होंने झारखंड चैंबर और जीएस मार्केटिंग एसोसिएट्स के प्रयासों की सरहाना करते हुए कहा कि ट्रेड फेयर से लोगों को नये उत्पादों को देखने और खरीदने का मौका मिलता है। मंत्री के आगमन पर उनका स्वागत चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, शैलेश अग्रवाल के अलावा सोनी मेहता, राम बांगड़ सहित अन्य लोगों ने किया।




# गुमला हादसे पर सीएम ने जताया दुःख



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गुमला :** झारखंड के गुमला जिले में डुमरी थाना क्षेत्र के जरडा गांव के पास मंगलवार देर रात बेटी की शादी कर लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसे में माता-पिता समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 29 अन्य घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक सभी लोग डुमरी के सांरगडीह से बेटी की शादी करके पिकअप वैन से कटारी लौट रहे थे। वैन में 55 लोग सवार थे। जरडा गांव के पास पिकअप वैन अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गई। मृतकों में दुल्हन की मां बिरंती देवी (45), पिता सुंदर दयाल (50), एरनिस किंडो (62) और सविता नागेसिया (47) हैं। जानकारी के अनुसार डुमरी थाना क्षेत्र के कटारी गांव से मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे लड़की की शादी करने के लिए जारी थाना क्षेत्र के सारंगाडीह गांव गए हुए थे।करीब दस बजे जरडा ग्राम के समीप पिकअप गाड़ी का चालक अपना संतुलन खो दिया और गाड़ी गड्ढे में जा गिरा। करीबन तीन बार गाड़ी पलटी खाई। इसमें तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि एक की इलाज के क्रम में मौत हो गई। घायलों को सिर, चेहरा, पैर, हाथों में चोट लगी है। दुर्घटना में घायलों के प्रति उपायुक्त सुशांत गौरव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के बेहतर उपचार के लिए गुमला सदर अस्पताल को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ ही मृतकों के परिजनों को नियमानुसार सभी सरकारी लाभ यथाशीघ्र देने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि गुमला के डुमरी में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत की खबर से मन आहत है। परमात्मा दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दें। साथ ही कहा कि हादसे में घायल लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कार्रवाई जा रही है ।

# स्ट्रोक है जानलेवा, बरतें सावधानी : डॉ. संजीव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा।** ब्रेन, स्ट्रोक, स्पाइनल, पार्किंसन, लकवा, मिर्गी, चलने में दिक्कत, नसों और मसल्स में दिक्कत,एक आंख से दिखाई देना, एक ही वस्तु दो-दो दिखाई देना जैसी समस्या में से किसी एक या उससे ज्यादा तकलीफ से प्रायः लोग ग्रसित हो रहे हैं।

इन बीमारियों के बारे में यहां तक कहा जाता है कि इनमें से किसी परेशानी के ग्रस्त व्यक्ति जिंदगी भर दवा पर आश्रित हो जाता है और उसे हर क्षण मौत की घण्टी सुनायी देती है। लेकिन ऐसा नहीं है। यह दावा है देश की राजधानी दिल्ली के मैक्स हॉस्पिटल में लंबे समय तक इन रोगों का इलाज करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट डॉ संजीव कुमार शर्मा का। फिलवक्त झारखंड की राजधानी रांची के पारस हॉस्पिटल से एसोसिएट डॉ शर्मा गढ़वा के चिनिया रोड स्थित क्लिनिक ऑन स्क्रीन में प्रत्येक महीने के तीसरे रविवार को इस क्षेत्र के मरीजों के लिए उपलब्ध हुए हैं। न्यूरो समस्या से बचे रहने के सवाल पर एम्स से अनुभव प्राप्त मस्तिष्क और नस रोग विशेषज्ञ डॉ शर्मा ने कहा कि न्यूरो से सम्बंधित कई बीमारियां होती है। इसमें एक महत्वपूर्ण बीमारी है स्ट्रोक।

इससे बचने के लिए सुगर और बीपी का आदर्श कंट्रोल बहुत जरूरी है। लेकिन इसके इरिवरसेबल कारण हैं बढ़ते उम्र। बढ़ते उम्र के कारण हर्ट की कंडक्सन चैनल गड़बड़ हो जाती है। इस कारण अचानक हर्ट में क्लॉट बन जाता है और वह ब्रेन में चला जाता है। जो मौत का कारण बन जाता है।

**कम उम्र में स्ट्रोक का कारण और निदान:** डॉ शर्मा ने कहा कि आज 40-45 वर्ष से कम उम्र के लोग भी स्ट्रोक का शिकार बन रहे है। इसका प्रमुख कारण शुगर, बीपी, मोटापा, स्मोकिंग और अल्कोहल है। अपने लाइफ स्टाइल को बदलकर और स्मोकिंग-अल्कोहल को त्याग कर इससे बचा जा सकता है।

**स्ट्रोक नहीं है जानलेवा:** डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक की बीमारी जानलेवा नहीं है बशर्ते इसे ठीक से समझ लें। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक आने पर अक्सर लोग मरीज को बीपी की दवा और पानी दे देते है। यह दवा और पानी सांस की नली में चली जाती है और निमोनिया हो जाता है। वहीं मौत का कारण भी बन जाता है।



**बचाये जा सकते हैं स्ट्रोक के 80 प्रतिशत मरीज:** डॉ संजीव ने कहा कि स्ट्रोक आने के साढ़े चार घण्टे के अंदर इलाज शुरू होने पर 70 से 80 प्रतिशत मरीजों को बचाया जा सकता है। उन्होंने वेहोश हुए स्ट्रोक के मरीजों के मुंह में चम्मच, अंगुली अथवा अन्य पदार्थ नहीं डालने की सलाह दी। उन्होंने ऐसे मरीजों को बाएं करवट सुलाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से मरीज की लार सांस की नली में नहीं जा पाती है। इस विधि से मरीजों की मरने की संभावना 50 प्रतिशत कम हो जाती है।

डॉ शर्मा ने मिर्गी के मरीजों पर अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि इस बीमारी के कई प्रकार हैं। कई मरीज चार-चार, पांच-पांच दवा खाते हैं फिर भी मिर्गी ठीक नहीं होती है। जरूरत है उन्हें वास्तविक दवा की। यह मरीज के परीक्षण से पता लगाया जा सकता है।

**जीवनदायी साबित हो रहा है क्लिनिक ऑन स्क्रीन:** उन्होंने कहा कि गढ़वा का क्लिनिक ऑन स्क्रीन जटिल रोग से ग्रसित मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है। वह स्वयं यहां उपलब्ध व्यवस्था से प्रभावित हैं। वह प्रत्येक महीने से तीसरे रविवार को इस क्लिनिक में मरीजों का इलाज करेंगे। यह क्लिनिक मरीजों की हर सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम है।

परामर्श संबंधित किसी भी तरह के जानकारी हेतु 7061962110 अथवा 9835771738 पर सम्पर्क करें।